जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, मंगलवार, 8 अप्रैल, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 337 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.




# रसोई गैस महंगी, एक्साइज बढ़ने के बावजूद पेट्रोल जस का तस

## घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े, नई कीमतें कल से लागू होंगी



### जयपुर में अब 856 रुपए का मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली।** घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी जयपुर में गैस सिलेंडर 806 रुपए में मिलता है। दाम बढ़ने के बाद कीमत 856 रुपए हो जाएगी।

वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढ़कर 550 रुपए हो जाएगी। आखिरी बार सरकार ने 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती थी। तब दिल्ली में सिलेंडर 903 रुपए का था।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 अप्रैल को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 तक घटाए थे। दिल्ली में इसकी कीमत 41 घटकर 1762 हो गई। पहले ये 1803 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 44.50 घटकर 1868.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1913 थे।

मुंबई में सिलेंडर 1755.50 से 42 घटकर 1713.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1921.50 का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 केजी वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।

### कैसे तय होती है गैस सिलेंडर की कीमत

*तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है।*

## एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए बढ़ी, पर महंगे नहीं होंगे पेट्रोल-डीजल



### केंद्र की सफाई यह खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि, आधे घंटे बाद ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी।

अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपए लीटर और डीजल पर 15.80 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपए लीटर और डीजल पर 17.80 रुपए लीटर ड्यूटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा। अगर आगे भी कच्चे तेल के दाम घटे रहे तो पेट्रोल-डीजल के दामों में गिरावट आ सकती है।

### कैसे एडजस्ट होंगी कीमतें

पेट्रोलियम मार्केट एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा ने बताया, 'जो एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई गई है ये तेल कंपनियों को अपनी कमाई में से देनी होगी। कंपनियां इसे पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करके आम लोगों से नहीं वसूलेंगी।'

### कैसे तय होती है पेट्रोल-डीजल की कीमतें

*जून 2010 तक सरकार पेट्रोल की कीमत निर्धारित करती थी और हर 15 दिन में इसे बदला जाता था। 26 जून 2010 के बाद सरकार ने पेट्रोल की कीमतों का निर्धारण ऑयल कंपनियों के ऊपर छोड़ दिया। इसी तरह अक्टूबर 2014 तक डीजल की कीमत भी सरकार निर्धारित करती थी। 19 अक्टूबर 2014 से सरकार ने ये काम भी ऑयल कंपनियों को सौंप दिया।*

## इस्तीफे के बाद पहली बार किरोड़ी की मैराथन रिव्यू बैठक

### कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को सस्पेंड किया, सहायक निदेशक को एपीओ करने के आदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मंत्री पद से इस्तीफा देने के 9 महीने बाद कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने सोमवार को पंत कृषि भवन में विभाग के अफसरों के साथ मैराथन बैठक की। दिन में 11 बजे से लेकर किरोड़ी ने शाम तक विभाग के कामकाज का रिव्यू किया। किसानों को फ्री मिनी किट बांटने में नकली सामान सप्लाई करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर संयुक्त निदेशक को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। जबकि एक सहायक निदेशक को एपीओ करने के आदेश दिए। मधुमक्खी पालन बॉक्सेज के अनुदान भुगतान के बारे में मिली शिकायतों में सरकार के अवहेलना करने पर भरतपुर के संयुक्त उद्यान निदेशक योगेश कुमार शर्मा को एपीओ करके भरतपुर से बीकानेर लगाने के निर्देश दिए। साल 2010-11 में अमानक पाए गए फर्टिलाइजर उर्वरकों के नमूनों के मामले में कोर्ट में वाद दायर नहीं करने पर विभाग के संबंधित इंस्पेक्टर्स के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### जेईई एडवांस्ड 2025 आवेदन प्रक्रिया शुरू

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर ने विदेशी छात्रों और ओसीआई/पीआईओ उम्मीदवारों के लिए सात अप्रैल से जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन इच्छुक विदेशी छात्रों और ओसीआई/पीआईओ उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन करना है, वे सभी वेबसाइट पर अप्लाई करें।

### बिना फाइन आधार से पैन कार्ड लिंक

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड, पैन कार्ड से लिंक नहीं किया है। तो 31 दिसंबर तक कर लें। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि जिन भी लोगों ने अक्टूबर 2024 से पहले अपना पैन कार्ड बनाया है, वे बिना किसी चार्ज या शुल्क के पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कर सकते हैं। अन्य सभी मामलों में कार्ड धारकों को पैन कार्ड से आधार कार्ड लिंक करने पर 1000 रुपए देने होंगे।

## वर्ल्ड हेल्थ डे आज...

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया आरोग्यम परमं भाग्यम का संदेश...बोले,...

# 'अच्छा स्वास्थ्य समृद्ध समाज की नींव रखता है'

**नई दिल्ली।** आरोग्यम परमं भाग्यम यानी सेहतमंद होना परम सौभाग्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर इस श्लोक के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।



उन्होंने कहा, 'विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस मौके पर, हम एक स्वस्थ दुनिया के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से संकल्पित करें।' मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर निरंतर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा, 'हम हेल्थ सैक्टर में निवेश करेंगे, क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य से ही समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त की और लोगों से अपने खाने में तेल का इस्तेमाल 10 प्रतिशत तक कम करने की अपील की। उन्होंने स्वास्थ्य को सबसे बड़ी पूंजी और भाग्य बताते हुए कहा, 'जीवनशैली में बदलाव ने भारतीयों के स्वास्थ्य को चुनौती दी है, और मोटापे की समस्या एक गंभीर खतरे के रूप में उभरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2050 तक भारत में 440 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से प्रभावित होंगे।' पीएम मोदी ने व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर भी जोर दिया। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## विश्व स्वास्थ्य दिवसः राज्यस्तरीय कार्यक्रम

### 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' हमारा संकल्प, सीएम बोले...

# प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी प्राथमिकता

### आमजन से जो वादा किया है, वह समय पर पूरा होगा, यही हमारी कार्यशैली

### चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं की शुरूआत







जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' के विजन के साथ 'आपणो अग्रणी राजस्थान-आपणो स्वस्थ राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेशवासियों से जो वादा किया है, वह हर हाल में समय पर पूरा होगा। इसमें कोई लापरवाही नहीं होगी, यही हमारी कार्यशैली है। सीएम शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में निरामय राजस्थान अभियान एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मरीज चिकित्सकों को भगवान के रूप में देखते हैं तथा चिकित्सक भी स्वस्थ समाज के निर्माण में महती भूमिका निभा रहे हैं। शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की कि वे निरामय राजस्थान अभियान का हिस्सा बनकर इसको जन अभियान बनाएं और आयुष्मान राजस्थान के संकल्प को साकार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पद्धतियां स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं। साथ ही, संत-महात्माओं का भी अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योगदान है। नवरात्र के नौ दिन संयम, उपवास और साधना के माध्यम से हमें यह सिखाते हैं कि हमारी संस्कृति में भी स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है।



### पीएम के लिए स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गांव, गरीब और महिलाओं की पीड़ा को समझा है और स्वास्थ्य सेवाओं की कायापलट करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जैसी योजनाओं से देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति आई है।

### टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए देश के पहले समर्पित कार्यक्रम की शुरूआत

सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने टाइप-1 डायबिटीज़ देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिला और उप जिला अस्पतालों से की गई। अब प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से ये प्रारंभ की जा रही है। आज शुरू हुई मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। इसके तहत प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### ईट राइट राजस्थान तथा मिशन लीवर स्माइल का शुभारंभ

*सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि फैटी लीवर रोग से बचाव, रोकथाम एवं उपचार की दिशा में आज शुरू किया गया मिशन लीवर स्माइल कार्यक्रम एक कारगर कदम सिद्ध होगा। साथ ही, जंक फूड से दूर रहकर अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने की दिशा में आज ईट राइट राजस्थान अभियान का भी शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि शिशुओं को केवल स्तनपान करवाया जाना उनके बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये आवश्यक है। इसी के दृष्टिगत आज 12 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों व 17 जिला अस्पतालों की कुल 29 यूनिट में स्तनपान प्रबन्धन इकाइयों का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, मेडिकल कॉलेज जोधपुर में स्किल सेंटर और उम्मेद अस्पताल जोधपुर में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, जेके लोन अस्पताल जयपुर में सेंटर ऑफएक्सीलेंस फॉर मेडिकल जेनेटिक्स और महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर में रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एवं सर्जरी विभाग तथा महिला हॉस्टल का भी आज लोकार्पण किया गया है। निरामय राजस्थान के संकल्प को गति देने में ये सभी कार्य महत्वपूर्ण साबित होंगे।*

# 'ब्लैक मंडे' की भविष्यवाणी के बाद बिखरा भारतीय शेयर बाजार

### अमेरिकी एक्सपर्ट बोले 1987 जैसा होगा हाल

### यूएस मार्केट में 20 प्रतिशत गिरावट की चेतावनी




**मुंबई।** फाइनेंशियल कॉमेंटेटर और सीएनबीसी के शो मैड मनी के होस्ट जिम क्रेमर की चेतावनी के बाद भारतीय बाजार 4 प्रतिशत गिरकर कारोबार कर रहे हैं। क्रेमर ने दो दिन पहले कहा था कि अमेरिकी बाजार में 1987 जैसा 'ब्लैक मंडे' आ सकता है।

क्रेमर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को इसकी वजह बताया है।

क्रेमर ने कहा, अगर ट्रम्प नियमों का पालन करने वाले देशों को राहत नहीं देते हैं, तो 198 7 जैसे हालात बन सकते हैं। तब तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार 22 प्रतिशत गिर गया था। हमें यह जानने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सोमवार तक यह पता चल जाएगा। आज भारतीय बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 3000 अंक (4 प्रतिशत) गिरकर करीब 72,300 के स्तर पर है। निफ्टी में 900 अंक (4.50 प्रतिशत ) की गिरावट है। ये 22,000 से नीचे कारोबार कर रहा है। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 6 प्रतिशत, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 4.50 प्रतिशत ,चीन का शंघाई इंडेक्स 6.50 प्रतिशत नीचे है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 10 प्रतिशत नीचे हैं।

### जिम क्रेमर की 3 बड़ी भविष्यवाणी जो सही साबित हुई

क्रेमर ने 2023 में एनवीडिया जैसी मेगा-कैप टेक कंपनियों पर बुलिश रुख अपनाया था। तब शेयर 15 डॉलर के करीब ट्रेड कर रहा था। जनवरी 2025 में ये 150 डॉलर के करीब पहुंच गया था। यानी, उनकी यह कॉल सही साबित हुई।

**मार्केट वोलैटिलिटी (2022)**

2022 की शुरुआत में, क्रेमर ने बाजार में अस्थिरता की भविष्यवाणी की थी, जो सच हुई। उस साल स्टॉक्स में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। एस एण्ड पी 500 इंडेक्स लगभग 19 प्रतिशत गिरा। उनकी यह चेतावनी निवेशकों के लिए उपयोगी रही।


**2008 के बाद की रिकवरी (2009)**

2008 के वित्तीय संकट के बाद क्रैमर ने 2009 में बाजार में सुधार की भविष्यवाणी की। उन्होंने निवेशकों से पिटे हुए शेयरों में अवसरों को तलाश करने की सलाह दी। उस साल एस एण्ड पी 500 इंडेक्स में 23.5 प्रतिशत की तेजी आई।

# हज से पहले सऊदी अरब ने लगाई बड़ी पाबंदी

### भारत सहित 14 देशों का वीजा रोका

### नियम तोड़ने पर 5 साल की एंट्री बैन



**रियाद।** बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है।

सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है।

### वीजा रद्द करने के फैसले का कारण

### गैर-कानूनी रूप से हज करने वालों को रोकना

रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिकारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# फर्जी डॉक्टर ने किया हार्ट का ऑपरेशन, 7 लोगों की मौत

### सरकार को भी नहीं पता देश में कितने ऐसे मुन्ना भाई एमबीबीएस

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में दमोह के मिशन अस्पताल में लंदन के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एनजोन केम के नाम पर फर्जी डॉक्टर ने ढाई महीने में 15 हार्ट ऑपरेशन कर दिए। बताया जा रहा है कि इनमें से 7 मरीजों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आते ही फर्जी डॉक्टर फरार हो गया। मेडिकल फर्जीवाड़े का यह कोई पहला मामला नहीं है। 2023 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक घटना देखने को मिली थी, जहां झोलाछाप डॉक्टर की गलत प्रैक्टिस की वजह से 33 लोग एचआईवी पॉजिटिव हो गए।



भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले फर्जी डॉक्टरों की सही संख्या बता पाना मुश्किल है। सरकार के पास भी इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। हालांकि कई रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावा किया जा चुका है कि देश में बिना क्वालिफिकेशन मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों की संख्या हजारों में है। कुछ अनुमानों के मुताबिक भारत में लगभग 2-3 लाख फर्जी डॉक्टर हैं। हालांकि सरकार ने डब्ल्यूएचओ के दावे को खारिज कर दिया था। 2018 में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया था कि रिपोर्ट गलत है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### डब्ल्यूएचओ का दावा, भारत में आधे डॉक्टर फर्जी

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत के आधे से अधिक डॉक्टर फर्जी हैं। 2018 की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत में इलाज के दौरान लगभग 20 फीसदी मौतें फर्जी डॉक्टरों की वजह से होती हैं। दावा किया गया था कि 2001 में एलोपैथिक डॉक्टर होने का दावा करने वालों में से 31 प्रतिशत केवल मिडिल क्लास तक पढ़े थे और 57 फीसदी के पास कोई मेडिकल डिग्री नहीं थी। स्टडी में यह भी बताया गया था कि ग्रामीण भारत में केवल 18.8 प्रतिशत एलोपैथिक डॉक्टरों के पास ही मेडिकल डिग्री थी।

# सरकार संवाद कार्यक्रम में सेन समाज के व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री से की सकारात्मक वार्ता



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सरकार संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सेन समाज के प्रबुद्ध जनों ने सेन समाज के लिए विस्तार से चर्चा की। सेन समाज के उत्थान हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से चर्चा करते हुए भारतीय सैन समाज के प्रदेशाध्याक्ष श्रवणकुमार फूलभाटी भाजपा युवा मोर्चा ओबीसी प्रकोष्ठ के सुनील गहलोत, केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल, भारतीय सैन समाज के कार्यवाहक प्रदेशाध्याक्ष मांगीलाल नाई, नाई जाग्रति मंच के प्रदेशाध्याक्ष कमलकिशोर नाई, युवा मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवकिशन मारू व भारतीय सैन समाज के प्रदेश पदाधिकारी व जिलों के जिलाध्यक्ष प्रमुख रूप नगर पालिका राजलदेसर के पूर्व अध्यक्ष गोपाल मारू, सुमन सेन, विशम्बर सेन, सोभाग गोठडिया अधिवक्ता कोलायत से खीयाराम सेन, मघाराम नाई, गगाशहर डॉ. अशोक भाटी सुनील भाटी तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ता से उपस्थित रहे। सेन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष मांगीलाल नाई गहलोत जो लम्बे समय मे भाजपा संगठन मंत्रियों से बहुत ही अच्छा सम्पर्क रखते है। मांगीलाल नाई ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सेन समाज की मागो को ध्यान पूर्वक सुना। उपस्थित सेन समाज की ओर से ज्ञापन के रूप में अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी समस्याओं के समाधान करने की बात की। केश कला बोर्ड के चैयरमैन की नियुक्ति अतिशीघ्र की जाय। वर्गीकरण करके सेन समाज को अति पिछड़ा में शामिल किया जाये। जननायक कर्पुरी ठाकुर जी की जीवनी व सेन जी महाराज की जीवनी को राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये। भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन में सैन समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए। कर्पुरी ठाकुर जी की जन्मशताब्दी वर्ष है लेकिन सरकार की ओर से कर्पुरी ठाकुर के नाम से कोई योजना नहीं बनाई गई। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। जयपुर शहर में कर्पुरी ठाकुर नाम से कम से कम 25 बीघा जमीन सैन समाज को छात्रावास के लिए अलॉट की जाये। सैन समाज के लिए कैश कला बोर्ड के साथ साथ कर्पुरी ठाकुर बोर्ड का गठन किया जाये। सैन समाज की प्रत्येक दुकान का निशुल्क रजिस्ट्रेशन करके कम ब्याज दर पर लोन दिया जाये। प्रत्येक सैलून कर्मी का निशुल्क बीमा किया जाये व अकाल मृत्यू पर 20 लाख तक का आर्थिक सहयोग किया जाये। सैन समाज को राजस्थान सरकार की नौकरियों में अतिरिक्त रिजर्वेशन दिया जाना चाहिए। सैन समाज के लिए प्रत्येक जिले में शिक्षा प्रोत्साहन के लिए छात्रावास के लिए जमीन व भवन के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाये। सामाजिक प्रतिनिधित्व के लिए सैन समाज के व्यक्ति को राज्यसभा में भेजा जाये। ओबीसी आयोग में सैन समाज के व्यक्ति को सदस्य बनाया जाये। भाजपा द्वारा सैन समाज को स्थानीय निकाय में ओबीसी कोटे में पार्षद प्रत्यासी बनाया जाये व नगर निगमों में सभापति, महापौर व मैयर बनने का मौका दिया जाए। किशनाराम नाई को पुन: भाजपा में शामिल किया जाय। भाजपा द्वारा सैन समाज को पंचायतिराज चुनाव में ओबीसी कोटे में प्रत्यासी बनाया जाये व प्रधान, जिला प्रमुख बनने का मौका दिया जाये। विभिन्न राष्ट्रीय बोर्ड व आयोग में सैन समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाये। सैन समाज के लिए संपूर्ण राजस्थान में उच्च शिक्षा हेतु विशेष सहयोग का प्रावाधान करते हुए संपूर्ण शिक्षा निशुल्क हो इसके लिए विशेष प्रावधान किया जाये। सेन जयंति पर राज्य सरकार की ओर से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

भजनलाल सरकार का एक और सुशासनिक कदम

# 28 प्रशिक्षु लेखाकारों को मिला नियुक्ति का अवसर



## चौमूं में कार्यमुक्ति समारोह सम्पन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** राजस्थान के भजनलाल शर्मा सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने और सरकारी तंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। इसी कड़ी में निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी पदस्थापन आदेश के अनुपालन में नगर परिषद चौमूं के सभागार में प्रशिक्षु नवनियुक्त 28 कनिष्ठ लेखाकारों को कार्यमुक्त कर कोष कार्यालय जयपुर ग्रामीण में अग्रिम आदेश हेतु भेजा गया। यह उल्लेखनीय है कि उपकोष चौमूं को तीन चरणों में 28 कनिष्ठ लेखाकार आवंटित किए गए थे, जिन्हें विगत दो माह से कोषाधिकारी जयपुर ग्रामीण के निर्देशन में राजस्थान सेवा नियम, जीएफ एंड एआर, आरएसआर ट्रेजरी मैन्युअल, टी.ए. बिल, सीसीए रूल्स व अन्य लेखा संबंधी नियमों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यमुक्ति समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें उपकोषाधिकारी गजानन्द बुनकर, सहायक कोषाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय सुमन यादव, पूनम मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेश कुमार मीणा, महेन्द्र मोहन तिवाड़ी एवं महेन्द्र कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा जलपान के साथ उनका भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन प्रदेश सरकार की नौजवानों को सशक्त बनाने और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक और सार्थक कदम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** श्री राम मन्दिर स्थित चल रही भागवत कथा में बाल संत भोले बाबा ने भ्रूण हत्या को रोकने के चलते इस कर्म को दोष का भागी बताया। कथावाचक बाल संत भोलेबाबा ने बताया कि व्यक्ति पाप करेगा उसे सजा भोगनी होगी। जीवन में कोई भी व्यक्ति पाप न करे। व्यक्ति को हमेशा सदकर्म करने चाहिए। जिससे मनुष्य को लाभ मिले। सभी दूराचारों की मुक्ति का एक मात्र साधन ईश्वर की भक्ति है। प्रत्येक जीव में भगवान का स्वरूप है। कोई भी जीव को दुखी करता है तो उसकी मुक्ति के सभी दरवाजे बंद हो जाते है। कथा के आयोजक रमेशचन्द्र इन्दोरिया ने बताया कि कथा में सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्रारूप के प्रकाशन की प्रति नोटिस बोर्ड पर करें चस्पा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नवसृजन के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरि राम मीना ने बताया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 101 के तहत आपत्तियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी आपत्तियां आमंत्रित किए जाने की प्रति अपने-अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित करेगें। सभी विकास अधिकारी प्रारूप के प्रकाशन की एक-एक प्रति प्रत्येक ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें।

### भव्य श्रीराम कलश यात्रा में 1100 महिलाओं ने भाग लिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** यहां श्रीराम वाटिका में भगवान श्रीराम की अष्टधातु से निर्मित्त प्रतिमा अनावरण के तहत नगर पालिका नोहर द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को कस्बे में भव्य श्रीराम कलश यात्रा निकाली गई। श्रीराम कलश यात्रा यहां नगर पालिका प्रागंण से प्रारंभ हुई। जो कस्बें के मुख्य-मुख्य मार्गों से होते हुये श्रीराम प्रतिमा अनावरण स्थल श्रीराम वाटिका पहुंची। 1100 कलश को मातृशक्तिया अपने सिर पर उठाये यात्रा में शामिल हुई। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वज उठाये हुये थे। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के गगनभेदी जयकारे, सुसज्जित रथ पर विराजमान साधु-संत, भजनों पर थिरकते श्रद्धालुओं सहित श्रीराधा-कृष्ण, श्रीरामदरबार व बालाजी महाराज, भगवान शिव की सचेतन झांकिया वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। दो दिवसीय इस कार्यक्रम को लेकर कस्बें के चौक-चौराहों की सुन्दर सजावट कि गई। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरूनिशा टाक व नगर पालिका ईओ बसंत सैनी ने बताया कि सोमवार को होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण करली गई है।

### मां काली का भव्य दरबार एवं रात्रि जागरण 16 अप्रैल को भनाई धाम में होगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सिधमुख के निकटवर्ती गांव भनाई धाम सरकार में मां काली का भव्य रात्रि जागरण बुधवार को होगा। भनाई धाम के पीठाधीश्वर बलवंत सिंह सियाग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल मंगलवार को मां काली का दिव्य दरबार लगाया जाएगा और 16 अप्रैल बुधवार को रात्रि कालीन भव्य जागरण होगा जिसमें मुख्य गायक बलबीर रणवीर जोड़ा भाई होंगे। 16 अप्रैल बुधवार को दिन में माता की झांकी सजाई जाएगी। भनाई धाम पीठाधीश्वर बलवंत सिंह सिहाग ने बताया कि नवरात्र में एक लाख आठ हजार मंत्रों उपचार से सिद्ध यंत्र बनाए गए हैं स्पेशल महाकाली माता रानी के पांच श्रद्धालु यात्रियों को निशुल्क वितरित किए जाएंगे। ध्यान रहे की भनाई धाम सादुलपुर सिधमुख भादरा सड़क मार्ग पर स्थित है।

### सरला पाठशाला में असहाय गरीब परिवारों के बच्चों को भोजन कराया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** निकटवर्ती तहसील चिड़ावा में संचालित झुग्गी झौपड़ी असहाय गरीब परिवारों के बच्चों को नजदीकी खेमू की ढाणी के हर वर्ष की भांति समाजसेवी एवं भामाशाह पंडित राम अवतार शर्मा ने पाठशाला में पहुंचकर अहसाय गरीब परिवारों के बच्चों को चूरमे का भोजन कराया एवं 1100 की नगद राशि पाठशाला में बच्चों के अध्ययन हेतु सहयोग की पाठशाला संचालिका बहिन अनिता पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजसेवी पंडित रामावतार शर्मा हर वर्ष की पाठशाला में बच्चों को भोजन एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराते रहते हैं एवं अबकी बार भी पीड़ित शोषित असहाय समाज के बच्चों को चूरमे का भोजन कराया है। इस दौरान समाजसेवी पंडित राम अवतार शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में पाठशाला संचालिका बहिन अनीता पूनिया बहुत ही परोपकार का कार्य कर रही है जिससे कि गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा मिल रही है जो बहुत ही अपने आप में एक अनोखी मिसाल है। उन्होंने कहा कि वह हर संभव आगे भी समय समय पर पाठशाला में सहयोग करते रहेंगे। इस दौरान समाजसेवी खेमू की ढाणी पंडित राम अवतार शर्मा, विजेंद्र सिंह मौजूद रहे। पाठशाला संचालिका बहिन अनिता पूनिया ने भामाशाहों का आभार जताया।

### विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर की जानकारी दी

**सादुलपुर।** कम्प्यूटर अध्यापक मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी। 10 वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा देने के बाद कम्प्यूटर सेन्टर में आए विद्यार्थियों को बताया कि कंप्यूटर का ज्ञान होना आज के समय में बहुत जरूरी है और कंप्यूटर कोर्स करके इसी समय का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आरएससीआईटी एक कंप्यूटर का परिपूर्ण कोर्स है जो हर विद्यार्थियों को करना आज के समय बहुत जरूरी है।

# भामाशाहों व वृद्धजनों का सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** वन विहार कॉलोनी के सामुदायिक भवन में वन विहार विकास समिति आयोजित समारोह में भामाशाहों व वृद्धजनों का सम्मान किया। समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने कहा कि जो व्यक्ति समय समय पर जन सेवा करते है उनको भामाशाह का सम्मान मिलता है। महनसरिया ने कहा की वृद्धजनों का सम्मान करने वाले भी भाग्यशाली होते है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सोहनलाल रणवा, चिमनाराम चाहर, द्रोपती देवी शर्मा, जगदीश सिंह राठौड़, सोहनलाल फगेड़िया, माणक जाखड़, आनंदबाला शर्मा, वीरमति कस्वां, नंदलाल तंवर, महेन्द्र ढाका, विद्याधरी बुडानिया, जाकिर हुसैन भाटी, भंवरी देवी बाबल, बनारसी पुनिया, रामनिवास मोगा, सुरेन्द्र शर्मा, कमला महर्षि भामाशाह व वृद्धजन करणी सिंह राठौड़, पारादेवी मुण्डदिया व रिडायड प्रिंसिपल ताज मोहम्मद आदि का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर इंद्रा सहारण, ऊमर सैय्यद, मदनलाल महर्षि, जसवंत सिंह राठौड़ व ओमप्रकाश गेट आदि मंचस्थ रहे। संचालन आनंद बाला शर्मा व असगर खा जोईया ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष किशनाराम बाबल ने की।

# रघुनाथ बराला की पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

## 270 सीनियर सिटिजन का निःशुल्क हैल्थ चेकअप व 1627 मरीजों को दिया परामर्श



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** शहर के राधास्वामी बाग स्थित बराला हॉस्पिटल के चेयरपर्सन स्वर्गीय श्री रघुनाथ बराला की छठवीं पुण्यतिथि पर एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने 270 सीनियर सिटिजन का नि:शुल्क हैल्थ चेकअप किया। वहीं 1627 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। इधर आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 254 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। कार्यक्रम की शुरुआत हॉस्पिटल निदेशक डॉ.ग्यारसी लाल बराला, डॉ. बाबूलाल बराला, डॉ.श्रवण बराला, डॉ.हनुमान बराला ने चेयरपर्सन रघुनाथ जी बराला के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस मौके पर निदेशक डॉ.श्रवण बराला ने कहा कि रक्तदान महादान है। क्योंकि रक्तदान की एक बूंद किसी असहाय की जिंदगी बचा सकती है। ऐसे पुण्य के कार्यो में हम सभी को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम में निदेशक डॉ.बराला ने चेयरपर्सन रघुनाथ जी बराला की जीवनी पर प्रकाश डालता। निदेशक डॉ.हनुमान बराला ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए आभार जताते हुए उत्साहवर्धन किया। शिविर में निदेशक डॉ.श्रवण बराला, डॉ.हनुमान बराला आदि ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में चल रहे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या के दूसरे दिन विधायक हरलाल साहारण एवं बच्छावत चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कमल व शिष्ठ आदि मंचस्थ रहे। इस दौरान पधारे अतिथियों, प्रधानाचार्य महेश मोहनलाल पुकार व चिकित्सक शिक्षकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में स्वरवेदा बेंड की शानदार प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में चिकित्सक शिक्षक डॉ. विकास देवड़ा व डॉ. शशीधर हरव्यासी ने गानों की प्रस्तुति देकर खुब तालिया बटोरी। विधायक हरलाल सहारण ने एमबीबीएस विद्यार्थियों को चिकित्सा के क्षेत्र में निरन्तर सेवा भाव रखते हुए आगे बढने एवं अध्ययन के क्षेत्र में अच्छे प्रयास करने और आमजन की सेवा का लाभ देने की बात कही। प्रधानाचार्य डॉ. पुकार ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया गया।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नवरात्र अनुष्ठान पूर्णाहुति



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ चूरू में नौ दिवसीय चौत्र नवरात्र अनुष्ठान सामूहिक साधना का पञ्च कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति से समापन हुआ। इस अवसर पर सैंकड़ों गायत्री परिवार के साधकों ने भाग लिया। प्रात: की साधना के बाद ९बजे से यज्ञ शुरू किया गया व तीन पारियों में संपन्न हुआ। प्रकाश कंवर का विवाह दिवस मनाया गया। दीक्षा संस्कार भी करवाए गए। यज्ञ का संचालन राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार के सानिध्य में पंडित रामलाल शर्मा एवं कमलेश कंवर की टोली ने करवाया। युग संगीत से माहौल आध्यात्मिक बन गया। राठौड़ ने संस्कार निर्माण का आव्हान किया। यज्ञ में भाग लेने वालों में तहसील संयोजक पृथ्वीराज सैनी, सत्य नारायण कानोड़िया, अरुण कुमार शुभ करण, श्याम सुंदर पारीक, ओम प्रकाश पारीक, डॉक्टर अरविन्द सैनी, महेंद्र कुमार कश्यप, सीता राम कश्यप, तेजपाल सिंह राठौड़, कालीचरण शर्मा, गुमान सिंह शेखावत, निशार अहमद खान से नि जिला शिक्षा अधिकारी, माया सैनी,राज श्री, नेहा शर्मा, शशि कानोड़िया, किशन कंवर, प्रेम कंवर, सावित्री कंवर, सरला शर्मा, शरबती आदि मातृ शक्ति ने बड़े उत्साह से भाग लिया। भगवान श्री राम का पूजन सभी ने किया। उसके बाद युगनिर्माण योजना के सत्संकल्प का पाठ किया। फिर दोपहर 12:30 बजे पूर्णाहुति की गई।

# जिला कलेक्टर ने हीट वेव और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए दिए निर्देश

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मौजूदा एवं गत वित्तीय वर्ष की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, हीट वेब के प्रति विभिन्न विभागों की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक ली। आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

**सम्पर्क पोर्टल और संगम एप पर रखें निगरानी :** जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल और समन्वय संगम ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं जनसमस्याओं के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध रूप से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**गर्मी के मौसम से प्रभावी रणनीति के साथ निपटने :** जिला कलक्टर ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल पर्याप्त मात्रा में और उचित वितरण से प्राप्त हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर में बेहतर सफाई की व्यवस्था और नालों की सफाई समय पर करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर फसलों की खरीद के लिए व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बेबी शो एवं पोस्ट एग्जाम रिलेक्सेशन कैंप का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** सोमवार को एंजल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय पोस्ट एग्जाम रिलेक्सेशन कैंप तथा बेबी शो का समारोहपूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय निदेशक शशि माहेश्वरी ने बताया कि तीन दिवसीय पोस्ट एग्जाम रिलेक्सेशन कैंप के तहत बच्चों को परीक्षाओं के बाद कुछ नया एवं रचनात्मक करने का अवसर देने हेतु यह नवाचार किया गया जिसके तहत छात्रों हेतु 3 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने चित्रकला,स्केचिंग,हस्त लेखन, नृत्य तथा संगीत से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया।इसके अलावा 2 से 5 आयु वर्ग के बच्चों का बेबी शो आयोजित किया गया तथा इस कार्यक्रम में लगभग 80 नौनिहालों को मंच के माध्यम से अपनी बालसुलभ गतिविधियों से उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मनमोह लिया।

मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिए अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

## महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से खुश, आमजन को समस्याओं के शीघ्र समाधान से मिली राहत





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनी तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर जाएं, जिससे जमीनी स्थिति का पता चल सके एवं समस्या का समाधान शीघ्र किया जा सके।

जनसुनवाई में जहां एक ओर मुख्यमंत्री ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे जितेन्द्र के निःशुल्क इलाज तथा पूर्ण देखभाल के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया, वहीं दूसरी ओर दिव्यांग स्ट्रीट वेंडर्स को उचित जगह उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जिससे उन्हें राहत मिल सके। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग सहित सभी वर्गों के लोगों की फरियाद सुनी। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को इन वर्गों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर मुख्यमंत्री कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आगामी समय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन कर सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्यवाही

# 23 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर तीन केन्टर सामान जब्त किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में एमपीएस स्कूल के गेटनं. 02 के पास, बियानी कॉलेज रोड़, बैनाड़ रोड़ वार्ड नं. 14, अग्रवालों का मोहल्ला वार्ड नं. 31, पंडित की थड़ी कालवाड़ रोड़, 100 फीट रोड़ कालवाड़, कटपूतली नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, मालवीय नगर जीटी पुलिया के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 23 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 3 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में एमपीएस स्कूल के गेटनं. 02 के पास, बियानी कॉलेज रोड़, बैनाड़ रोड़ वार्ड नं. 14, अग्रवालों का मोहल्ला वार्ड नं. 31, पंडित की थड़ी कालवाड़ रोड़, 100 फीट रोड़ कालवाड़, कटपूतली नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, मालवीय नगर जीटी पुलिया के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 23 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# वासुदेव देवनानी ने गोवा विधानसभा का सदन व भवन देखा

## गोवा स्पीकर को भेंट किया राजस्थान विधानसभा का प्रकाशन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को प्रातः गोवा पहुंचे। देवनानी ने गोवा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर से विधानसभा में मुलाकात की। तावडकर ने गोवा विधानसभा पहुंचने पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का दुपट्टा पहनाकर, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। दोनों विधानसभा अध्यक्षो ने विधानसभा सत्र अवधि, विधानसभा प्रकिया, कार्य संचालन और संसदीय परंपराओं के बारे में चर्चा की।

**देवनानी ने गोवा विधानसभा का भवन और सदन देखा:-** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को गोवा विधानसभा का भवन और सदन का अवलोकन किया। गोवा के स्पीकर तावडकर ने देवनानी को गोवा विधानसभा के भवन और सदन के बारे में जानकारी दी।



**राजस्थान विधान सभा में नवाचारों का 1 वर्ष पुस्तक भेंट:-** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गोवा विधानसभा स्पीकर रमेश वी तावडकर को राजस्थान विधानसभा में नवाचारों का 1 वर्ष पुस्तक की प्रति भेट की। देवनानी ने तावडकर को राजस्थान विधानसभा का कैलेंडर, स्मृति चिन्ह और डायरी भी भेंट की। देवनानी ने गोवा विधानसभा स्पीकर को बताया कि राजस्थान विधानसभा में सर्व दलीय बैठक, पेपरलेस सदन, विधानसभा का डिजिटलकरण, गुलाबी शहर का नया गुलाबी सदन सहित अनेक नवाचार किए गए हैं। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में डायरी का प्रकाशन भारतीय नव वर्ष के अनुसार किया गया है।

# राजस्व मण्डलः भू-राजस्व की 110 फीसदी वसूली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वित्त विभाग द्वारा राजस्व मण्डल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत भू-राजस्व की वसूली हेतु 655.00 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व मण्डल द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 720.18 करोड़ रुपये की वसूली की गई है जो आवंटित लक्ष्य का 110.00 प्रतिशत है। कुल लक्ष्य 655.00 करोड़ में सरकारी सम्पदाओं की बिक्री से आय, ग्रामीण संपरिवर्तन शुल्क एवं विविध मदों से आय हेतु लक्ष्य क्रमशः 433.00 करोड़ रूपये 110.00 करोड़ रूपये एवं 105.00 करोड़ रूपये निर्धारित था। इनके विरूद्ध क्रमशः 499.00 करोड़ रूपये 111.36 करोड़ रूपये एवं 103.00 करोड़ रूपये वसूली की गई ।

मुख्यतः बीकानेर एवं जैसलमेर जिलों में भूमि आवंटन से राजस्व अर्जन अधिक किया जाना संभव हुआ। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2023-24 हेतु भू-राजस्व की वसूली हेतु 350.00 करोड़ रूपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके विरूद्ध 338.00 करोड़ रूपये वसूली हुई जो कुल लक्ष्य का 96. 57 प्रतिशत था।

# विश्व स्वास्थ्य दिवसः आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए एक साथ 2500 फूड वेंडर्स को प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय द्वारा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में एक साथ 2500 स्ट्रीट एवं मोबाइल फूड वेन्डर्स को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग दी गई। यह प्रशिक्षण एफएसएसएआई नई दिल्ली द्वारा फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एण्ड सर्टिफिकेशन (FosTac) के अन्तर्गत दिया गया ।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री ए राठौड़ ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षित ट्रेनर्स द्वारा फूड वेंडर्स को भोजन बनाते समय स्वच्छता सुनिश्चित करने, फूड स्टोरेज, पेस्ट कंट्रोल, फूड हैंडलर्स के स्वास्थ्य प्रमाणन तथा गुणवत्ता पूर्ण खाद्य निर्माण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री ने आमजन को सही और सुरक्षित भोजन उपलब्ध करवाने के लिए उपस्थित फूड वेण्डर्स को प्रतिज्ञा भी दिलवाई। राठौड ने कहा कि खाद्य विक्रेताओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा।



कार्यक्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच.गुइटे ने प्रशिक्षणार्थियों को विभागीय कार्यक्रमों एवं सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के बारे में में भी फूड वेंडर्स को विस्तार से बताया। एफएसएसएआई नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक अंकेश्वर मिश्रा ने भी प्रशिक्षण के दौरान फूड वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी दी तथा भोजन बनाते समय साफ सफाई और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जागरुक तथा प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत जयपुर जिले के प्रथम व द्वितीय क्षेत्र के लगभग 2500 स्ट्रीट/मोबाइल फूड वेन्डर्स ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों का मौके पर रजिस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण किट एवं किचन एप्रन वितरित किये गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को एफएसएसएआई द्वारा FosTac Traning Certificate भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त आयुक्त विजय प्रकाश शर्मा ने समस्त आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, केन्द्रीय दल, सीएमएचओ जयपुर प्रथम एवं जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित स्ट्रीट एवं मोबाइल फूड वेंडर्स मौजूद रहे।

# मदरसों में शुरू हुआ सेनेटरी नैपकिन चेतना अभियान का प्रथम चरण

## आयोजित वर्कशॉप में छात्राओं को मिली मासिक धर्म स्वास्थ्य व जागरूकता से संबंधी जानकारियाँ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान मदरसा बोर्ड व जगन फाउंडेशन की पहल पर राजस्थान मदरसा बोर्ड से पंजीकृत मदरसों में सेनेटरी नैपकिन चेतना अभियान 'पीरियड का पीरियड' के प्रथम चरण की शुरुआत सोमवार को जयपुर के हटवाड़ा स्थित मदरसा ज़ीनतुल उलूम से हुई। अभियान का शुभारंभ अतिरिक्त निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात विभाग अबू सूफियान चौहान के मुख्य आतिथेय में हुआ। इस दौरान सचिव, राजस्थान मदरसा बोर्ड चेतन चौहान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्धा, इमाम मोहम्मद मुफीद, जगन फाउंडेशन की निदेशक मालविका मुद्गल सहित मदरसा बोर्ड के अधिकारीगण/कर्मचारीगण, मदरसा ज़ीनतुल उलूम की छात्राएं और शिक्षकगण व जगन फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अतिरिक्त निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात विभाग अबू सूफियान चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सही पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य की अच्छी देखभाल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक कुदरती प्रकिया है तथा इसकी मालूमात हर बच्ची को होनी चाहिए। मासिक धर्म स्वास्थ्य की जागरूकता व इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने लिए मदरसा बोर्ड व जगन फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा अभियान एक अच्छी पहल है। चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं और किशोरियों को स्कूल, कॉलेज, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निः शुल्क सैनेट्री पैड वितरित किए जा रहे है।

सचिव, राजस्थान मदरसा बोर्ड चेतन चौहान ने बताया कि जगन फाउंडेशन महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के साथ मिलकर राजस्थान के मदरसों में पढ़ने वाली बच्चियों को मासिक धर्म स्वास्थ्य, जागरूकता व इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने जैसे संवेदनशील विषयों को गहराई से समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य दिवस पर की गई तथा प्रथम चरण में जयपुर के पांच मदरसे लाभान्वित होंगे। जगन फाउंडेशन की निदेशक मालविका मुद्गल ने बताया कि इस अभियान के तहत छात्राओं को वर्कशॉप के माध्यम से मासिक धर्म स्वास्थ्य व जागरूकता से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित होगा शिविर

**जयपुर।** स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाईलिंग में भारत सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए कैम्प 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर आयोजित किये जा रहे है शिविर प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त डे-एनयूएलएम श्याम लाल जांगिड़ ने बताया कि स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाईलिंग में भारत सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए कैम्प 7 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि 8 जनकल्याणकारी योजनाओं पी.एम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन-धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मान धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, मातृ वन्दना योजना, बीओसीडब्ल्यू पंजीकरण शिविर 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर आयोजित किये जा रहे है।

# 'अविलम्ब बदले जाएं खराब मीटर'

## डिस्कॉम्स चेयरमैन ने की डिफेक्टिव मीटर, लंबित कनेक्शनों तथा 50 हजार रूपए से अधिक बकाया वाले प्रकरणों में राजस्व वसूली की समीक्षा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने जयपुर डिस्कॉम के सभी सब डिविजन कार्यालयों में उपभोक्ताओं के डिफेक्टिव मीटर तत्काल प्रभाव से बदलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डिफेक्टिव मीटर बदलने में देरी के कारण औसत उपभोग के आधार पर बिलिंग की जाती है, जिसका नुकसान निगम को राजस्व हानि के रूप में होता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड के सभी अधीक्षण अभियंता अपने-अपने क्षेत्र के सब डिविजनों में खराब मीटर बदलने की नियमित मॉनीटरिंग करें। जिन क्षेत्रों में डिफेक्टिव मीटर की समस्या अधिक आ रही है, वहां के लिए विशेष टीम गठित कर क्रॉस वेरीफिकेशन कराएं।

डिस्कॉम्स चेयरमैन सोमवार को विद्युत भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सर्किल अधीक्षण अभियंताओं तथा सहायक अभियंताओं (ओएंडएम) के साथ डिफेक्टिव मीटर, लंबित कनेक्शन, बकाया राजस्व की वसूली आदि से संबंधित विषयों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यालय की मैटेरियल मैनेजमेंट शाखा सभी सब डिविजनों में मांग के अनुरूप मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करे, ताकि खराब मीटर अविलम्ब बदले जा सकें। डोगरा ने अधीक्षण अभियंताओं से उनके क्षेत्र में सब डिविजन वार खराब मीटरों की संख्या के बारे में जानकारी ली और अप्रेल माह के अंत तक सभी प्रकरणों में नए मीटर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एईएन कार्यालयों में घरेलू एवं अघरेलू तथा पीएचईडी श्रेणी के बकाया कनेक्शनों की भी समीक्षा की।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कनेक्शन जारी करने में देरी न हो। जॉब ऑर्डर अथवा सर्विस कनेक्शन ऑर्डर की अपूर्णता के बहाने इन्हें अटकाया नहीं जाए। गर्मियों को देखते हुए पीएचईडी से संबंधित कनेक्शनों को प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जाए। उन्होंने 50 हजार रूपए से अधिक बकाया वाले कनेक्शनों में राजस्व वसूली अभियान को प्राथमिकता देने की भी हिदायत दी।

बैठक में मुख्य लेखा नियंत्रक प्रथम एके जोशी, मुख्य अभियंता मुख्यालय आरके शर्मा, मुख्य लेखा नियंत्रक द्वितीय वाय एस राठौड़, मुख्य अभियंता (मैटेरियल मैनेजमेंट) आरके मीणा सहित अन्य अभियंता उपस्थित थे।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# आमजन स्वयं के स्तर पर हटा रहे निर्माण

## राजस्थान हाईकोर्ट के निर्णय की पालना में झारखण्ड मोड से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक सड़क चौड़ाईकरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक रोड की चौड़ाई को जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुसार करने की कार्यवाही की जा रही है। जेडीए द्वारा आमजन से स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटाने की अपील की गई। आमजन द्वारा अपील को स्वीकार्य करते हुए स्वयं के स्तर पर सड़क सीमा में आ रहे निर्माण को हटा रहे हैं जिससे सड़क चौड़ाई की कार्यवाही संपादित हो सकेगी तथा सुलभ यातायात की सुविधा सभी को उपलब्ध होगा।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दायर रिट याचिका संख्या 17971/2022 में पारित आदेश की पालना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक रोड की चौड़ाई को जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुसार करने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही हेतु जेडीए द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया, जिसमें उपायुक्त, ए.टी.पी., तहसीलदार, इंजीनियर और प्रवर्तन अधिकारी शामिल है। जेडीए द्वारा 05 अप्रैल, 2025 को गठित टीमों द्वारा जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुरूप उक्त मार्ग का चिन्हीकरण किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन और उपनियंत्रक प्रवर्तन तृतीय भी उपस्थिति रहे। टीमों ने मौके पर जाकर आवश्यक चिन्हीकरण कार्य को पूर्ण किया।

इस दौरान, गठित टीमों द्वारा स्थानीय व्यापारियों और निवासियों से समझाईश की गई एवं उन्हें सडक सीमा से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया गया। जेडीए द्वारा अपील की गई कि वे सभी अवैध अतिक्रमणों को 9 अप्रैल, 2025 तक हटा लेने का श्रम करें। इसके साथ ही जेडीए द्वारा आमजन की सहायार्थ आवश्यकता होने पर स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण/निर्माण हटाने हेतु जेसीबी/लोखण्डा की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। जेडीए द्वारा 09 अप्रैल, 2025 को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

जेडीए द्वारा की गई अपील को आमजन द्वारा स्वीकार्य करते हुए आमजन द्वारा स्वयं के स्तर पर सड़क सीमा में आ रहे निर्माण को हटा रहे हैं जिससे सड़क चौड़ाई की कार्यवाही संपादित हो सके तथा सुलभ यातायात की सुविधा सभी को उपलब्ध हो सके। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए गए इस कदम से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आने की संभावना है, साथ ही स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के सहयोग से यह कार्य अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न होगा।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, आबूपर्वत, सिरोही(राज0)
E mail:- palikaabu@yahoo.in फोन नं. 02974-235172
क्रमांक / न.पा.आबूपर्वत / 2025 / 8724-8727 दिनांकः-25.03.2025
:: ई-निविदा सूचना सं.-01/2025-26 ::
नगरपालिका आबूपर्वत द्वारा वार्षिक कार्यो की ई - निविदा आमंत्रित की गई जिसकी कुल राशि 62.25 लाख रू. निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय एव वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का यू.बी.एन. नम्बर क्रमशः निम्नानुसार है -
1. DLB2526WSRC00141
2. DLB2526WSRC00142
3. DLB2526WSRC00143
प्रशासक महोदय, नगरपालिका आबूपर्वत
आयुक्त नगरपालिका आबूपर्वत
राज.संवाद / सी / 25 / 330

# श्रीश्याम सखी दरबार ने सातवां वार्षिकोत्सव मनाया

## राजस्थानी थीम पर कार्यक्रम में कान्हा संग जमकर थिरकी श्याम सखियां

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे के केडिया गेस्ट हाउस के सामने स्थित श्योराण गेस्ट हाउस में श्रीश्याम सखी दरबार का सातवां वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका और अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कस्बे की महिलाओं ने वार्षिकोत्सव में हिस्सा लिया। श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिक रेखा संदीप हिम्मतरामका के संयोजन में हुए कार्यक्रम में नन्हीं श्याम सखी यशस्वी पंवार ने गणेश वंदना की। इसके बाद ग्रुप की सदस्य किरण दमड़िया पिलानी, किरण केडिया, सपना मित्तल पिलानी, पिंकी सहल, अनू तंवर, ख्याति केडिया, निशा मोदी, कुंदन कटेवा, दीपा मोदी, मधु बागड़ी और बबिता पंवार ने सामूहिक और एकल नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कृष्ण बनी नाव्या सूरजगढ़िया खूब जच रही थी। जिसके बाद भी श्रीश्याम सखियां जमकर थिरकी। इसके अलावा संगीता हिम्मतरामका, रेखा संदीप हिम्मतरामका, सुनिता झुंझुनूंवाला, नीतू सर्राफ, सोनू हिम्मतरामका, रेखा अनिल हिम्मतरामका आदि ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी। इस मौके पर दामोदर लीला का मंचन किया गया। जिसमें मधु बागड़ी यशोदा बनी। तो नव्या सूरजगढ़िया कृष्ण, सोनू हिम्मतरामका, सुमन हिम्मतरामका, किरण केडिया, ख्याति केडिया व रेखा अनिल हिम्मतरामका ने सखियों की भूमिका अदा की। नीतू सर्राफ और अंकिता बाछुका भी मंचन में शामिल थी। सभी ने इस मंचन की खूब प्रशंसा की। पूरे आयोजन स्थल को राजस्थानी थीम पर सजाया गया। वहीं श्रीश्याम सखियां बंधेज की साड़ियां पहनकर अलग ही दिखाई दे रही थी। किरण—ख्याति केडिया ने महिलाओं को रौचक गेम्स खिलाए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं दो अलग—अलग ग्रुपों में संगीता हिम्मतरामका, मधु बागड़ी, नीतू सर्राफ, सुनिता झुंझुनूंवाला व कुंदन कटेवा के संयोजन में भक्ति भाव से भरपूर रैम्प वॉक हुआ। जिसमें मिसेज श्याम सखी में मनीषा सोनी विजेता रही। इस रैम्प वॉक में अंकिता बाछुका, सुमन हिम्मतरामका, राजू बाछुका, खुशबू पारीक, मधु शर्मा, माया जांगिड़, निकिता थालौर, पूजा हिम्मतरामका, सविता हिम्मतरामका, शशि गुप्ता, वंदना तोला, अंजू सोनी, पायल सूरजगढ़िया, आशा हलवाई, अनिता बदनगढ़िया, सरोज चौधरी, उर्मिला चौधरी, मंजू केडिया, चंदा सोनी ने हिस्सा लिया। जिनके रैम्प पर आते ही जमकर हूटिंग भी हुई। कार्यक्रम का संचालन और आभार संयोजिक रेखा संदीप हिम्मतरामका ने जताया। इस मौके पर डॉ. कुसुमलता शर्मा, आंचल भगेरिया, मानसी भगेरिया, रजनी केडिया, बिंदू ओझा, अनिता चौधरी, बबिता ककरानिया, नीतू खंडेलिया, टीना शर्मा, अनिता रणवां, वनिता लाटा, लक्ष्मी वर्मा, बबिता सोनी, नीलम सोनी, पूनम फतेहपुरिया, रीता गुप्ता, विनोद गुप्ता आदि मौजूद थीं। निर्णायक की भूमिका में पिलानी से बबिता काशीरामका तथा नंदा मित्तल मौजूद थी।



**मिनी मार्केट में लगाई स्टॉलें, हुई खरीदारी :** श्रीश्याम सखियों ने ही आयोजन स्थल पर मिनी मार्केट में स्टॉल लगाई। जिसमें भी आयोजन शुरू होने से पहले, दौरान और बाद तक महिलाओं ने खरीदारी की। इनमें अंजना पिलानी ने कपड़ों व ज्वैलरी, नीतू हिम्मतरामका ने कान्हाजी की ड्रेस, पूजा हिम्मतरामका ने हेयर पिन व साड़ी, रक्षा खंडेलिया ने ठाकुरजी की ड्रेस, चंदा सोनी ने आचार, चिप्स, मंजू भालोठिया ने ठाकुरजी की ड्रेस व पिंकी गुप्ता ने स्टॉल लगाई। सबसे सुंदर स्टॉल अंजना पिलानी की रही। जिन्हें भी पुरस्कृत किया गया।

## प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में विशेष स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में विशेष स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमुख प्रियंका पिलानिया ने शिरकत की। इस मौके पर पिलानिया ने बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय प्रशासन स्त्रियों, बालिकाओं और समस्त नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बच्चों के मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में भी बताया कि विशेष रूप से राइट टू हेल्थ के बारे में। उन्होंने शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मानसिक तनाव से भी बच्चों को बचाने के तरीके बताए। उन्होंने पोक्सो एक्ट, नागरिक हेल्पलाइन नंबर और फ्री जुडिशल सर्विसेज के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमुख प्रियंका पिलानिया को धन्यवाद दिया।

# भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** दिगम्बर जैन महा समिति महिला सभांग कुचामन सिटी द्वारा 1008 वृतमान सासंन नायक भगवान महावीर के 2624जन्म कल्याणक महोत्सव पर समिति द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक से मन्दिर मगंला चार कार्यक्रम के तहत सोमवार को नागोरी नशियाजी सब्जी मण्डी में सभी महिलाओं ने जीवों ओर जीने दो के प्रतिपालक त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की भगवान का पालना झुला कर भक्ति भाव से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरती इन्द्र सभा नाटीका की गई जिसमें संस्थापक अध्यक्ष किरण झांझरी, अध्यक्षा उषा झांझरी, सचिव अंशु पहाडिया कोषाध्यक्ष मंजू बडजात्या, महिला प्रकोष्ठ मंत्री सोनु झांझरी ने बताया कि 10 अप्रैल महावीर जन्म कल्याणक के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है जिसमें रीना कल्पना, कविता बज, रीमा सेठी, सगीता झांझरी समाज की श्राविकाओं ने भाग लेकर सहयोग कर रही है। सभी ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक व सराहनीय बताया कि अध्यक्षा ने सभी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दीपिका ने जिला स्तर पर आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सादुलपुर।** सादुलपुर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की छात्रा दीपिका पुत्री सुरेंद्र कुमार ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है।



दीपिका की सफलता

दीपिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों और विद्यालय परिवार को दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती उर्मिला पूनिया और ब्रह्मानंद ने छात्रा को आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रा दीपिका की सफलता के बारे में सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी।

**विद्यालय का सम्मान :** दीपिका की सफलता से विद्यालय का सम्मान बढ़ा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने दीपिका को बधाई दी है। इस दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**आशु भाषण प्रतियोगिता :** आशु भाषण प्रतियोगिता में दीपिका ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक और सर्जनात्मक कौशल अभिवृद्धि हेतु आयोजित की गई थी।

**दीपिका का भविष्य :** दीपिका की सफलता से उसके भविष्य के लिए नई संभावनाएं खुल गई हैं। विद्यालय और परिवार को उम्मीद है कि दीपिका आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी और नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरुक किया



**चिड़ावा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर झुंझुनूं रोड स्थित एमडी लिटिल फ्लॉवर स्कूल के छात्र—छात्राओं ने अपने हाथों से ग्रीटिंग कार्ड तैयार कर और विद्यालय की डायरी चिड़ावा के विभिन्न निजी व सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर्स को देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर्स ने बच्चों को योग, मेडीटेशन व अच्छे खान—पान के बारे में जागरुक किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुनिल डांगी ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर हम स्वस्थ नहीं होंगे तो ठीक प्रकार से शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाएंगे। विद्यालय डायरेक्टर समित डांगी, प्रधानाध्यापक अंकित शर्मा, कॉर्डिनेटर उदित योगी व दीपाली शर्मा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

# जिला कलेक्टर ने शहर के लिए स्वीकृत 59 ट्यूबवेल्स को अप्रैल माह ही चालू कराने के दिए निर्देश

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में ग्रीष्म काल में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की तैयारियों एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर जलदाय विभाग के समस्त अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों को निश्चित समयानुसार धरातल पर उतारें। उन्होंने अलवर शहर में विभिन्न मदों में स्वीकृत 59 ट्यूबवेल में से 36 ट्यूबवेल कार्यों को 15 अप्रैल एवं अन्य शेष को 30 अप्रैल तक चालू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल संबंधित ज्यादा समस्या वाले क्षेत्रों में आवश्यक कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों द्वारा की जा रही फील्ड विजिट के फीडबैक जानकर किसी भी माध्यम से प्राप्त पेयजल संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पेयजल की सप्लाई बढ़ाने के लिए, किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए समर कंटीन्जेंसी और टैंकर सप्लाई व्यवस्था की वस्तुस्थिति जानकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल सप्लाई व्यवस्था संबंधित कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा कर स्वीकृत हेड पंप एवं ट्यूबवेल कार्यों में आगामी 7 दिवस में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन कार्यों में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने जेजेएम के तहत निरंतर प्रगति उच्च रखने के निर्देश दिए, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर पानी की कवरेज टाइमलाइन अनुसार हो सके।



# गर्मी से पशुओं का बचाव एवं बेहतर आहार प्रबंधन विषयक एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र पोकरण द्वारा गर्मी से पशुओं का बचाव एवं बेहतर आहार प्रबंधन विषयक एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण ग्राम बडली नाथूसर में आयोजित किया गया। जिले में गर्मी का मौसम पशुपालकों के लिए चुनौतियों को लेकर आता है। कृषि और पशुपालन आजीविका का मुख्य श्रोत है। गर्मियों में पशु का दाना ग्रहण करने की क्षमता घट जाती है जिसके कारण दूध उत्पादन गिरने लगता है। पशुओं का गर्मी के इस मौसम में बचाव और सावधानी के साथ विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र का बढ़ता तापमान और गर्म हवा चलने से पशुओं में दुग्ध उत्पादन कम होने और बीमारियों का अंदेशा रहता है। अत: किसानों को सजग रहते हुए पशुओं को गर्मी से बचाने एवं पशुओं के उचित आहार का प्रबंधन करने हेतु ठोस कदम ससमय उठाने चाहिए। दुधारू पशुओं एवं नवजात पशुओं की देखभाल उचित तरीके से करके और गर्मी के प्रकोप एवं बिमारियों से बचाव करके उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ राम निवास ने बताया कि गर्मियों में तेज धूप और गर्मी से पशुओं को बचाने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस या जूट के बोरे का पर्दा लगाना चाहिये। पशु आवास को इस प्रकार बनाये की सभी जानवरों के लिए उचित स्थान हो ताकि हवा को आने जाने के लिए जगह मिले। रहन के आस पास छायादार वृक्षों की मौजूदगी पशुशाला के तापमान को कम रखने में सहायक होती है। पशुओं के संतुलित आहार में दाना एवं चारे का अनुपात 40 और 60 का रखना चाहिये।



पशु आहार मे जौ की मात्रा को बढ़ाने से पशु के शरीर का तापमान ठंडा रहता है। गर्मी के दिनों में पशु को दाने के रूप में प्रोटीन की मात्रा 18 प्रतिशत तक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशु को खिलानी चाहिए। पशु को कैल्शियम की पूर्ति के लिये लाईम स्टोन चूना पत्थर की मात्रा भी कैल्शियम के रूप में देना चाहिए। जिससे पशु का दुग्ध उत्पादन सामान्य रहता है। प्रसार वैज्ञानिक सुनील कुमार ने बताया कि पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में साफ सुथरा ताजा पीने का पानी हमेशा उपलब्ध होना चाहिये। पीने के पानी को छाया में रखना चाहिये। पशुओं से दूध निकालनें के बाद उन्हें यदि संभव हो सके तो ठंडा पानी पिलाना चाहिये। सामान्यत: पशु को 3-5 लीटर पानी की आवश्यकता प्रति घंटे होती है। पशुओं का इस मौसम में गलाघोंटू, खुरपका मुंहपका, लंगड़ी बुखार आदि बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण जरूर कराना चाहिये जिससे वे आगे आने वाली बरसात में इन बीमारियों से बचे रहें। कार्यक्रम में बडली नाथूसर ग्राम के मिन्जी राम, मोहन राम, भवरूराम, कल्लाराम, पोखरराम, भींजाराम इत्यादि मौजूद रहे।

## पशु चिकित्सा संघ के चुनाव संपन्न

### डॉ. महेश चौधरी अध्यक्ष, डॉ. दलवेंदर सिंह महासचिव बने

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान पशु चिकित्सक संघ जिला शाखा झुंझुनूं के चुनाव निर्वाचन अधिकारी डॉ. शीशराम डूडी की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। डॉ. डूडी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉ. महेश चौधरी, महासचिव पद पर डॉ. दलवेंदर सिंह, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. नरपत सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. मोहनलाल कुड़ी, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. संदीप मोरीड़िया का निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर डॉ. जगदीश बरवड़, डॉ. लादूराम चाहर, डॉ. हरिराम अणगासरिया, डॉ. इंद्रसिंह नेहरा, डॉ. विजयसिंह, डॉ. शिवरतन, डॉ. यादवेंद्र सिंह, डॉ. शिवकुमार, डॉ. संतकुमार, डॉ. अशोक कुमार गर्वा, डॉ. भरत सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, डॉ. राजेश सिरोवा पूर्व महासचिव, डॉ. विकास काला, डॉ. शिवकुमार सैनी, डॉ. अनिल बुडानिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक ढाका ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धोखाधड़ी, मारपीट कर रुपए छीनने के आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सिद्धमुख थाना पुलिस ने मारपीट कर रुपए छिनने के एक मामले के आरोपियों को 24 घंटे से भी कम समय में दबोच लिया है। गिरफ्तार आरोपी सिद्धमुख थाना क्षेत्र के गांव सरदारपुरा निवासी दारा सिंह जाट तथा गोपाल जाट हैं।



जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि हिसार के रिडमल भाट ने रविवार को सिद्धमुख थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। रिडमल को सरदारपुरा गांव के दारा सिंह जाट ने फोन करके बकरियां बेचने के लिए बुलवाया था। जब रिडमल गांव पहुंचा तो उसने सात बकरियों की कीमत 43 हजार रुपए तय कर नकद भुगतान कर दिया। उसके बाद जब रिडमल बकरियों को गाड़ी में चढाने लगा तो दारा सिंह व गोपाल जाट ने भुगतान ले लेने के बाद जब वह बकरियों को गाड़ी में चढ़ाने से रोक दिया और उसे वहां से चले जाने के लिए कहा। दोनों ने उसे धमकाकर कहा कि रुपए हमारे कब्जे में अब चले जाओ तो फायदे में रहोगे। जब रिडमल ने प्रतिकार किया तो उन्होंने कहा कि हम तो ऐसे ही लोगों को बुलाकर रुपए ऐंठते हैं। उसके बाद जब रिडमल ने विरोध किया तो मारपीट करके उसे निकाल दिया। इस मामले की जांच हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार को सौंपी गई। फिर थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह ने टीम गठित करते हुए आरोपियों का पीछा किया और उन्हें दबोच लिया। गठित टीम में हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार के साथ कांस्टेबल रोहतास कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार ईश्वर सिंह तथा सुरेश कुमार शामिल थे।

### आईटीएमएस( ई-कर अधिकारी प्रणाली) पर संगोष्ठी का आयोजन, व्यापारियों को मिलेगा लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** राज्य सरकार द्वारा कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए शुरू किए गए आईटीएमएस(ई-कर अधिकारी प्रणाली) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने जानकारी देते बताया कि यह आयोजन अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर संभाग-चतुर्थ, जयपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। संगोष्ठी 09 अप्रैल बुधवार को एक निजी होटल सांभर बाईपास रोड फुलेरा में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का समय दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और व्यापारियों को ई-अधिकारी प्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएंगे। यह नवाचार व्यापारियों के लिए (टेक्स) प्रक्रियाओं को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।यह आयोजन व्यापार महासंघ, फुलेरा (रजिस्टर्ड) के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रिछपाल को कुचामन पुलिस ने पकड़ा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन पुलिस के आज एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 41 से ज्यादा मुकदमों वाला हिस्ट्रीशीटर रिछपाल, जो लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था, अब सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। रिछपाल पर कुचामनसिटी थाना क्षेत्र में थार गाड़ी लूटकर फिरौती मांगने और हरियाणा साइबर पुलिस पर हमले जैसे संगीन आरोप हैं। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में, एएसपी नेमीचंद खारिया (आरपीएस) व वृताधिकारी अरविंद विश्नोई की निगरानी में, थानाधिकारी सतपाल सिंह व उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद ने बताया की 4 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि रिछपाल राणासर और मौलासर के बीच एक शराब ठेके पर मौजूद है। टीम ने तुरंत दबिश दी, लेकिन रिछपाल वहां से भाग निकला। इण्डाली मोड़ के पास बाइक सवार दो संदिग्धों को देखकर पुलिस ने पीछा किया। पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर पहाड़ी में भाग गया, पर सघन तलाशी अभियान में नशे की हालत में घायल अवस्था में पकड़ा गया। अस्पताल में उपचार के बाद 6 अप्रैल को उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वृताधिकारी अरविंद विश्नोई ने बताया की हार्डकोर अपराधी रिछपाल पुलिस थाना कुचामनसिटी के थार गाड़ी लौटाने के लिए रुपयों मांगने के प्रकरण एवं गत दिनों हरियाणा साइबर पुलिस पर हमला करने के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा रिछपाल की गिरफ्तारी पर 5000 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की हुई थी। थानाधिकारी सतपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कुचामन, जयपुर, अजमेर, सांभर, फुलेरा सहित कई थानों में कुल 41 मामले दर्ज हैं। इनमें से 39 में चालान हो चुका है, जबकि हरियाणा पुलिस पर हमला और थार लूट मामले की जांच जारी है।



### घर में घुसकर चोरी, दो नाबालिग सहित महिला गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन पुलिस ने जेवरात चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो नाबालिग को निरुद्ध किया है और एक महिला को गिरफ्तार किया है। चोरी गए जेवरात और नगदी को भी बरामद कर लिया गया है। मामला 26 नवंबर का है। न्यू कॉलोनी निवासी विष्णु कुमार साबू और उनकी पत्नी एक कार्यक्रम में गए थे। रात करीब 8 बजे जब वे घर लौटे तो आलमारी खुली मिली। चोर सोने का हार सेट, अंगूठी, राखड़ी, पायल, मंगलसूत्र, चांदी की चैन और नगदी ले गए थे। सीआई सतपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। शक के आधार पर दो नाबालिगों से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि सालिनी जैथलिया के कहने पर उन्होंने चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी सालिनी जैथलिया (42) को गिरफ्तार किया है। वह मेवाड़ी गेट सब्जी मंडी के पास ब्यावर की रहने वाली है और फिलहाल कुचामन में मंगली देवी स्कूल के पास वेंकटेश टॉवर में रह रही थी। दोनों नाबालिगों को बाल सम्प्रेषण गृह भेज दिया गया है। सालिनी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



## न्यूज़ ब्रीफ

### जीण माता मामले में कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शेखावाटी के प्रसिद्ध जीण माता मंदिर में पुजारी के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर पुजारी सेवक महासंघ के संयोजक महेश बसावतिया के नेतृत्व में जयपुर से आए हुए प्रदेश के कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण शर्मा, झुंझुनूं जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, महामंत्री रामचंद्र शर्मा पाटोदा, एडवाइजर एडवोकेट रवि शुक्ला आदि ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि तहसीलदार मय पुलिस के साथ मिलकर मंदिर परिसर में घुसकर मंदिर के पुजारी के कपड़े फाड़ दिए व जनेऊ को भी उतार दिया। मंदिर परिसर में तोड़फोड़ की गई। इस घटना को लेकर पुजारी सेवक संघ में काफी आक्रोश है। ज्ञापन में मांग की गई कि तहसीलदार व समस्त दोषी पुलिस स्टाफ को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। दोषी अधिकारियों व पुलिस स्टाफ पर मुकदमा दर्ज किया जाए। महासंघ ने पुरजोर मांग की है कि यदि तुरंत प्रभाव से कार्यवाही नहीं की गई तो पुजारी सेवक महासंघ राज्य स्तरीय आदोलन करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नौरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन के गठन के साथ जुड़ी है। डब्लूएचओ की स्थापना 7 अप्रेल 1948 को हुई थी। इसी दिन को हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिंग के व्याख्याता विष्णु किरोड़ीवाल के निर्देशन में बीएससी नर्सिंग तृतीय समेस्टर की छात्रा नीरज एवं साक्षी ने पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन एवं पोस्टर के द्वारा स्वास्थ्य के दुष्प्रभाव जैसे कि अस्वास्थ्य जीवन शैली से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग, तंबाकू के सेवन से कैंसर और अन्य बीमारियां हो सकती है। संस्थान उप प्राचार्य राजेश मांडिया ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य तथा स्वास्थ्य के दुष्प्रभाव व रोगों के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में बच्चों को प्रोत्साहित किया। संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर सुनिता ढूकिया ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि समाज में जागरूकता लाने के लिए समय-समय पर ऐसे प्रोग्राम करते रहते है। जिसमें स्वास्थ्य के दुष्प्रभाव व बचाव के प्रति लोगों में जानकारियां बढ़े तथा छात्र-छात्राओं को ऐसे प्रोग्राम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मो. सलीम, मो. अहसान, सुधीर चौधरी, अमन व नीकेश शर्मा उपस्थित थे।

### रामनवमी शोभायात्रा पर्व पर लगाई शरबत की छबीली



**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा रामनवमी की शोभा यात्रा के उपलक्ष में वीर जाहिद अली खोखर के सौजन्य से चबूतरा चौक पर शोभा यात्रा जुलूस में शामिल लोगों के लिए शर्बत व शीतल जल की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, जाहिद अली खोखर काफी संख्या में वीर वीराएं एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# 95 दिनों से आरटीओ में नहीं बने लाइसेंस, अभ्यार्थियों ने किया प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पिछले 95 दिनों से अलवर आरटीओ ऑफिस में वाहन लाइसेंस नहीं बनने से जनता के सब्र का बांध आज टूट गया और उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि पिछली आठ जनवरी से अलवर आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस का काम बंद है यहां चौपहिया और दोपहिया वाहनों के लाइसेंस नहीं बन पाएं है। इसका कारण विभाग ने यहां के ऑटोमेटिक ट्रेक का खराब होना बताया जा रहा है, वहीं एजेंटों का आरोप है कि यह ट्रेक खराब नहीं है इसे विभाग के इंस्पेक्टरो ने अधिकारियों को गुमराह करते हुए खराब घोषित करने का प्रयास किया है ताकि उन्हें मैनुअल लाइसेंस की परमिशन मिल जाए और वे मोटी रकम वसूली कर सके। अलवर आरटीओ ऑफिस में 95 दिनों के अन्दर करीब पांच हजार से ज्यादा लर्निंग लाईसेंस पैंडिग पडे हैं जिनमें हजारों की डेट ही एक्सपायर हो चुकी है इससे लाइसेंस धारकों को काफी धन और समय की हानि हुई है इधर एक एजेंट की माने तो उनके अनुसार करीब बीस से पच्चीस हजार लाइसेंस पेंडिंग है। यहां एकत्रित अभ्यार्थियों ने बताया कि वे इस मामले को लेकर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के निवास पर भी गए और उनके नाम ज्ञापन उनके पीए को दिया।

**क्या कहते हैं अधिकारी...**

अलवर आरटीओ सतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने इस ट्रेक के विषय में जयपुर मुख्यालय को अवगत करा दिया है। उन्होंने 6 पत्र लिखे हैं या तो विभाग इस ट्रेक को ठीक कराएं या फिर लाइसेंस को मैन्युअल करने की परमिशन दें ताकि जनता के काम सुचारू हो सके।

समाज सेवी महेन्द्र चौधरी का कहना है कि वाहनों के लाइसेंस नहीं बनने से युवा नौकरी की वैकेंसी से बाहर हो रहे हैं और साथ ही चालान के भय से वे वाहन भी नही चला पा रहे हैं।

### जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आज

**सीकर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 8 अप्रेल 2025 को प्रात: 11.30 बजे जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभागार भवन में आयोजित की जायेगी।

## मुख्यमंत्री ने झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर को किया सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को जयपुर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं जिले को टीबी उन्मूलन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं डीटीओ डॉ. विजय मांजू ने प्राप्त किया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के मार्गदर्शन में जिले में चलाए गए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में सराहनीय कार्य किया गया। जिसकी बदौलत सोमवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित होने का मौका मिला। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि विभाग की पूरी टीम ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में बढ़ चढ़ कर पूरे जोश के साथ कार्य किया। टीबी कंट्रोल यूनिट की पूरी टीम सभी बीसीएमओ, बीपीएम, सीएचसी, पीएचसी यूपीएचसी एवं एचडब्ल्यूसी प्रभारी एएनएम आशा तक ने सराहनीय कार्य किया और आमजन ने सहभागिता निभाई। विभाग की पूरी टीम इस सम्मान की हकदार हैं। इनके कार्यों के बदौलत जिले की 144 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करवाया जा सका। कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, देश के जाने माने एवं मशहूर लिवर विशेषज्ञ डॉ. शरीन अनेक अधिकारीगण एवं राजस्थान भर से आए हुए लोग मौजूद थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन सोमवार को नेहरू पार्क में किया गया। जिसमें न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, गुर्दा एव मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेंद्र एवं जनरल फिजिशियन डॉ. इरफान नजीर द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सलाह व परामर्श दिया गया एवं निशुल्क बीपी, शुगर, अस्थमा एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई। जिसका बढ़िया प्रभाव रहा व लोगों ने बढ़ चढ़कर इसमें सहयोग किया व सलाह व परामर्श शिविर का लाभ लिया व ढूकिया हॉस्पिटल के इस नवाचार के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन का धन्यवाद दिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया की विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा मंगलवार आठ अप्रेल को बसंत बिहार पार्क, बुधवार नौ अप्रेल को गांधी चौक पार्क व 10 अप्रेल गुरूवार को परिजात पार्क में निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे सुपर स्पेशलिटी न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, गुर्दा व मूत्र रोग विशेषज्ञ, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, बीपी शुगर, अस्थमा, पित्त की थेली, अपेंडिक्स ईसीएचएस, आरजीएचएस, चिरंजीवी (मा योजना) में निशुल्क निदान की सेवाएं 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल में समुदाय के भीतर स्वास्थ्य जागरूकता और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, रोगियों और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य विषयों जैसे 'निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली अभ्यास' पर आकर्षक सत्र शामिल थे। जिनका नेतृत्व हमारे चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिवक्ताओं के सम्मानित पैनल ने किया। उपस्थित लोगों को इष्टतम स्वास्थ्य बनाए रखने के बारे में शिक्षित करने के लिए इंटरेक्टिव चर्चाएं, स्वास्थ्य जांच और व्यावहारिक प्रदर्शन आयोजित किए गए। अस्पताल के निदेशक डॉ. लालचंद ढाका ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यशाला ज्ञान साझा करने, स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करने और कल्याण के समुदाय को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है। इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के प्रति समुदाय की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल निरंतर शिक्षा, आउटरीच कार्यक्रमों और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए समर्पित है।

### नवदुर्गा महोत्सव में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में चैत्रीय नवरात्रा में मां राज राजेश्वरी के मेले में नगर पालिका द्वारा नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया गया। नवदुर्गा महोत्सव के समापन पर रविवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें अनामिका जैन अंबर,खुशबू शर्मा, कवि रामबाबू सिकरवार जैसे ख्यातिनाम कवियों ने काव्य पाठ किया। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा। काव्य पाठ से पूर्व सभी कवियों का मेलाध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और नगर पालिका टीम द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा रहे। साथ में उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार उत्तमचंद बंसल, बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा, बाड़ी कोतवाली थाने के उपनिरीक्षक हरवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पृष्ठ 1 का शेष...अच्छा स्वास्थ्य समृद्ध समाज...

**1950 में डब्ल्यूएचओ ने वर्ल्ड हेल्थ डे की शुरुआत की**-वर्ल्ड हेल्थ डे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करना और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूक करना है। यह दिन स्वास्थ्य के महत्व को समझाने और स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की दिशा में प्रयासों को तेज करने के लिए मनाया जाता है। 1950 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसकी शुरुआत की थी। इसका मकसद दुनिया भर में हेल्थ सेक्टर में हो रही प्रगति और समस्याओं पर चर्चा करने के साथ हर वर्ग के लिए समान सेवाएं उपलब्ध कराना था। भारत भी हेल्थ सेक्टर में प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य से जुड़ी कई पहल शुरू की गई हैं जिनमें आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल हैं। इन पहलों के माध्यम से भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर को घटाने, डिजिटल स्वास्थ्य सेवा के विस्तार, और सार्वजनिक स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में सुधार हुए हैं।

**भारत में हेल्थ सेक्टर में सुधार हुआ**-भारत में स्वास्थ्य के मामले में महिलाओं की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। हालांकि, भारतीय महिलाओं में एनीमिया की समस्या एक प्रमुख समस्या बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं एनीमिया का शिकार है। भारत सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाती है, इनमें जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शामिल है। भारत में मातृ मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है। वर्ष 2019-2021 में भारत में मातृ मृत्यु दर 113 प्रति 100,000 जीवित जन्मों के रूप में दर्ज की गई है। 2015-2017 में यह आंकड़ा 174 प्रति 100,000 था।

### प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा...

**चिकित्सा विभाग के लिए मानव संसाधन में नहीं आने देंगे कमी**-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल और सकारात्मक सुधार किए हैं। राजस्थान ने 3,355 टीबी मुक्त पंचायतें घोषित कर पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र में 24 हजार से अधिक पदों पर भर्तीप्रक्रिया पूर्ण की है तथा लगभग 26 हजार पदों पर भर्तियों के लिए विभाग में तेजी से काम चल रहा है। चिकित्सा विभाग के लिए मानव संसाधन में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 27 हजार 660 करोड़ का बजट प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अबतक का सर्वाधिक बजट प्रावधान था। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में भी स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बढ़ाकर लगभग 28 हजार 865 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचा सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, मा वाउचर, राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नवाचार किए हैं।

इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की तर्ज पर आज राज्य में निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत बीमारियों की रोकथाम के साथ बचाव पर भी जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न अभियानों, भर्तियों, नवाचारों एवं योजनाओं के माध्यम से अभूतपूर्व बदलाव ला रही है। निदेशक आईएलबीएस डॉ. शिव सरीन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से लीवर से संबंधित बीमारियों, रोकथाम, बचाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डिजिटल कॉफी टेबल बुक का विमोचन, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य क्षय यूनिट का सम्मान, अधिकतम टीबी मुक्त ग्राम पंचायत वाले उत्कृष्ट जिलों तथा चिकित्सा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मिशन मधुहारी के तहत लाभार्थियों को किट वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने आईओसीएल द्वारा सीएसआर में 117 ट्रू-नॉट मशीनों को स्वास्थ्य विभागको समर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा अम्बरीश कुमार, चीफ ऑफ फील्ड सर्विसेज यूनिसेफ सोलेडाड हैरेरो सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, नर्सिंगकर्मी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### फर्जी डॉक्टर ने किया हार्ट का ऑपरेशन...

क्योंकि एमबीबीएस मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिए स्टेट मेडिकल रजिस्टर में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। इसलिए सभी रजिस्टर्ड डॉक्टरों के पास मेडिकल प्रैक्टिस करने की योग्यता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 की धारा 15 स्टेट मेडिकल रजिस्टर में नामांकित डॉक्टर के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को राज्य में मेडिकल प्रैक्टिस करने से रोकती है। उन्होंने कहा कि चूंकि हेल्थ राज्य का विषय है, इसलिए झोलाछाप डॉक्टरों के मामलों से निपटने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

**क्यों है फर्जी डॉक्टरों की समस्या**-कानून को सख्ती से लागू न किए जाने की वजह से देश में झोलाछाप डॉक्टरों की समस्या बनी हुई है। भारत सरकार और विभिन्न मेडिकल एजेंसियां इस मुद्दे पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रही हैं, लेकिन यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सवाल है ये फर्जी डॉक्टर कौन हैं, और ये कहां से आते हैं?

**कैसे बनते हैं झोलाछाप डॉक्टर**-असल में, झोलाछाप डॉक्टर के रूप में प्रैक्टिस करने वाले ज्यादातर लोग किसी डॉक्टर के यहां मददगार या कंपाउंडर के तौर पर काम करते हैं। कुछ साल काम करने के बाद ऐसे लोग खुद ही मेडिकल प्रैक्टिस करने लगते हैं। भारत में इन्हें 'झोला छाप' या क्वैक डॉक्टर कहा जाता है। लेकिन असल में ये लोग मेडिकल सर्विस के एक बड़े गैप को भरते हैं।

### हज से पहले...

और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। इसी प्रकार 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे।

# आदर्श बाल निकेतन स्कूल में कन्वोकेशन व रैंकर्स सेरेमनी का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल झुंझुनू में सोमवार को कन्वॉकेशन व रैंकर्स सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीमती गिन्नीदेवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट के ट्रस्टीज एवं परिवारजन में मुख्य अतिथि राजकुमार खेतान, विशिष्ट अतिथि शिशिर खेतान, नीरज खेतान, लिटिल मास्टर मानव खेतान, स्कूल सचिव परमेश्वर लाल हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया व कैलाशचंद्र सिंघानिया के सानिध्य में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात पधारे हुए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का परंपरागत रूप से साफा व दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिह्न के साथ एक पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्कूल सचिव ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से विद्यालय की प्रगति के बारे में चर्चा की व खेतान परिवार व सभी अभिभावकों को सादर उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बच्चों ने इस अवसर पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया व खूब तालियां बटोरी। नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कक्षा 1-4 व 6 और 7 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एबीएन की पूर्व छात्रा पलक शर्मा का इंडियन नेवी में चयन होने पर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार खेतान ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की व कहा कि आदर्श बाल निकेतन स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है व बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार ने सभी अतिथियों व अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या अनिता महमिया एवं खेतान ट्रस्ट के व्यवस्थापक श्यामसुंदर शर्मा सहित अभिभावक व अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सुविचार

लक्ष्य आपका है तो मेहनत आपको ही करनी होगी। कोई और क्यों आपकी मदद करेगा।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### ट्रंप को हाय लगेगी

एक्सपर्ट और एजेंसियां भले ही कितना आश्वासन दें कि डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का भारत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सच्चाई इससे बिलकुल उलट है। ट्रंप के भारत पर लगाए 26 फीसदी टैरिफ का बखूबी असर दिखेगा और वह भी दिसंबर तक ही सामने आ जाएगा। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे-मझोले उद्योगों पर पड़ने की आशंका है। यह अनुमान किसी और ने नहीं, बल्कि भारतीय थिंक टैक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने जताया है। जीटीआरआई के अनुसार अमेरिका द्वारा बढ़ाई ड्यूटी के कारण समुद्री उत्पाद, इलेक्ट्रिकल, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों से भारत के निर्यात में 5.76 अरब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आने की संभावना है। हालांकि, कुछ प्रोडक्ट भारत के इस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। टैरिफ के कारण कपड़ा, परिधान, सिरेमिक उत्पाद, इनऑर्गेनिक केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में मामूली लाभ देखने को मिल सकता है। अमेरिका ने 9 अप्रैल से फार्मा, सेमीकंडक्टर्स और कुछ ऊर्जा उत्पादों को छोड़कर भारतीय वस्तुओं पर 26 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे पहले 5-8 अप्रैल तक 10 फीसदी का बेसलाइन टैरिफ लागू हो जाएगा। जीटीआरआई ने बताया कि ट्रेड डाटा और टैरिफ शेड्यूल के आंकड़ों के आधार पर पता चला है कि साल 2025 में भारत से अमेरिका को निर्यात में 5.76 अब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़ रुपए) या 6.41 फीसदी की गिरावट आ सकती है। साल 2024 में भारत ने अमेरिका को 89.81 अरब डॉलर मूल्य के सामान का निर्यात किया था। इस साल कई प्रमुख उत्पादों के निर्यात में कमी देखने को मिल सकती है। मछली और क्रस्टेशियंस के निर्यात में 20.2 फीसदी की गिरावट हो सकती है, जबकि लोहे या स्टील का निर्यात 18 फीसदी गिर सकता है। हीरे और सोने के उत्पादों में 15.3 फीसदी तो वाहन व कलपुर्जों के निर्यात में 12.1 फीसदी की गिरावट आ सकती है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल, टेलीकॉम और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में भी 12 फीसदी गिरावट की आशंका है। जीटीआरआई का कहना है कि प्लास्टिक, कालीन, पेट्रोलियम उत्पाद, कार्बनिक रसायन और मशीनरी पर भी टैरिफ का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। थिंक टैंक के अनुसार ऊर्जा उत्पादों, जिनमें पेट्रोलियम, सोलर पैनल और फार्मास्यूटिकल्स के साथ-साथ तांबा शामिल हैं, इन्हें टैरिफ से छूट दी गई है। ये उच्च-मूल्य वाले आइटम साल 2024 में अमेरिका को भारत के निर्यात का 20.4 अरब डॉलर या 22.7 फीसदी हिस्सा थे। इन उत्पादों पर भी मानक एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) टैरिफ लग रहा है। स्टील, एल्युमिनियम, ऑटोमोबाइल और ऑटो पाट्र्स जैसे प्रमुख औद्योगिक सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। ये अमेरिका को भारत के कुल निर्यात का 2.2 अरब डॉलर या 2.5 फीसदी हिस्सा हैं।

## देश का बदला सियासी माहौल

# बेबी बने माकपा के महासचिव



विजय कपूर

माकर्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की 24वीं कांग्रेस मदुरै (तमिलनाडु) में हुई, जिसमें 71-वर्षीय मरियम एलेग्जेंडर बेबी (एमए बेबी) को पार्टी का नया महासचिव नियुक्त किया गया। वह इस पद को संभालने वाले केरल से दूसरे व्यक्ति हैं, जबकि उनसे पहले केरल के पहले मुख्यमंत्री ईएमएस नंबूदरीपाद माकपा के महासचिव बने थे। बेबी सीताराम येचुरी की जगह महासचिव बने हैं, जिनका सितंबर 2024 में निधन हो गया था और तब से अंतरिम कोऑर्डिनेटर के रूप में प्रकाश करात कार्य कर रहे थे। बेबी की नियुक्ति सर्वसम्मति से न हुई, जिससे माकपा जैसी अनुशासित पार्टी के भीतर कलह का अनुमान होता है, लेकिन इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि प्रकाश करात व त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार सहित अनेक प्रमुख नेताओं को पोलितब्यूरो से निकाल दिया गया है।

इमेज

क्या इससे माकपा में नया जोश आ सकेगा या इससे नई दिशा मिल सकेगी और वह भी ऐसे समय में जब माकपा ही नहीं समूचे वामपंथ का जनाधार व राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव निरंतर सिकुड़ता जा रहा है? फ़िलहाल तो कोई भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन वर्तमान में जो देश का माहौल है उसमें माकपा की धर्मनिरपेक्षता और संसद में स्तरीय भाषणों की जरुरत है। कोल्लम में जन्मे बेबी ने अपनी राजनीतिक यात्रा केरल में छात्र एक्टिविज्म से शुरू की और बाद में वह एसएफआई व डीव्हाईएफआई के अध्यक्ष बने। बेबी (1986-1998) राज्यसभा के सदस्य रहे। वह केरल के शिक्षा व संस्कृति मंत्री (2006-2011) रहे। उनका 2012 में माकपा के पोलितब्यूरो में चयन हुआ। माकपा की सहयोगी पार्टियों ने बेबी के महासचिव बनने का स्वागत किया है, मसलन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए कहा, "बेबी धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व संघवाद के प्रति समर्पित हैं और उनकी वजह से एक जैसी सोच वाली पार्टियों के बीच में संबंध अतिरिक्त मजबूत होंगे," लेकिन बेबी के महासचिव बनने में अपनी ही पार्टी के भीतर से विरोध का सामना करना पड़ा। माकपा की बंगाल व महाराष्ट्र की यूनिट्स चाहती थीं कि आल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक धावले पार्टी के महासचिव बनें। पोलितब्यूरो के 16 में से 5 सदस्यों ने बेबी की नियुक्ति का विरोध किया। लेकिन केरल के सदस्यों ने बेबी का समर्थन किया। बेबी इस बात से सहमत नहीं हैं कि उनकी नियुक्ति पर पार्टी में आंतरिक विरोध है। उनका दावा है कि उन्हें पार्टी में विस्तृत समर्थन प्राप्त है। उनके अनुसार, "मुहम्मद सलीम (बंगाल माकपा के राज्य सचिव) ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा और अशोक धावले ने उसका समर्थन किया।" सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात ने बेबी को महासचिव बनाने की भूमिका तैयार की थी।

देश की राजनीति में एक दौर था जब वामपंथी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा व केरल में अपने दम पर राज्य



सरकारें बना लिया करते थे और इन राज्यों में लंबे समय तक उनकी सरकारें रही भी। पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में तो दशकों तक वामपंथी ही सत्ता में रहे और ज्योति बसु (पश्चिम बंगाल) व माणिक सरकार (त्रिपुरा) में लगातार मुख्यमंत्री बनते रहे। अन्य राज्यों जैसे पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश व ओडिशा में भी उनका अच्छा प्रभाव रहा। उत्तर प्रदेश में मुज़फ्फरनगर, जो चौधरी चरण सिंह की जाट-मुस्लिम राजनीति का गढ़ माना जाता था, में भी कामरेडों ने स्वयं चरण सिंह को पराजित करके अपना लोकसभा सदस्य बनाया। उत्तर प्रदेश की अयोध्या लोकसभा सीट को भी वामपंथियों ने जीता था। इस तरह लोकसभा में वामपंथियों की प्रभावी उपस्थिति रहती थी कि एक समय तो उनकी लोकसभा की सदस्यता 67 तक पहुंच गई थी। इस तरह वह राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने में सक्षम रहते थे, विशेषकर संसद में बहस के दौरान उनसे तर्कपूर्ण भाषण सुनने को मिलते थे, जिससे विधेयकों के लिए अर्थपूर्ण सुझाव भी सामने आते थे। वामपंथी बौद्धिक व साफ सुथरी राजनीति के प्रतीक बन गये थे। किसी वामपंथी सांसद पर कभी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। भाकपा के राज्यसभा सदस्य गुरुदास दासगुप्ता ने एक घोटाले का पर्दाफाश किया था, जिसके लिए सरकार की तरफ से उन्हें 8 लाख रुपए का ईनाम मिला था, लेकिन उन्होंने वह भी श्रमिकों को दान कर दिया था। लेकिन अब माकपा व उसके सहयोगी वामपंथी दल (भाकपा, फॉरवर्ड ब्लॉक आदि) मुख्यतः केरल तक ही सिमट कर रह गये हैं। यही वजह है कि बेबी की नियुक्ति में केरल लॉबी असरदार रही। केरल में फ़िलहाल वामपंथियों की सरकार है। मदुरै कांग्रेस में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को अपवाद स्वरूप अपने पद पर बने रहने की अनुमति दी गई। माकपा में राजनीतिक सक्रियता की आयु सीमा 75 वर्ष है, जिसके बाद सदस्य को रिटायर कर दिया जाता है यानी उसे पार्टी या सरकार में कोई पद नहीं दिया जाता है। विजयन 79 वर्ष के हैं। माकपा की पिछली कांग्रेस 2022 में कन्नूर में हुई थी, जिसमें पार्टी ने केंद्रीय कमेटी व पोलितब्यूरो के सदस्यों की आयु सीमा 75 साल निर्धारित की थी। गौरतलब है कि बीजेपी में भी लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व जसवंत सिंह को मार्गदर्शक मंडल में इस लिए भेज दिया गया था कि वह 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके थे। अब जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल के होने जा रहे हैं, उन्हें रिटायर करने की सुगबुगाहट सियासी गलियारों में अवश्य हो रही है, लेकिन अनुमान यही है कि विजयन की तरह उनके लिए भी अपवाद का रास्ता निकाल लिया जाएगा। उनकी हाल की नागपुर (आरएसएस मुख्यालय) यात्रा से यही संकेत मिल रहा है।

बहरहाल, माकपा ने प्रकाश करात, उनकी पत्नी बृंदा करात, माणिक सरकार, सुरज्या कान्त मिश्रा, सुभाषनी अली और जी रामकृष्णन को पोलितब्यूरो से निकाल दिया है। लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात बृंदा, अली व माणिक सरकार केंद्रीय कमेटी में सलाहकार की भूमिका निभाने के लिए विशेष आमंत्रित सदस्यों के तौरपर कार्य करते रहेंगे। इसका अर्थ यह है कि पार्टी निरंतरता के साथ परिवर्तन सुनिश्चित करना चाहती है। माकपा ने बदले हुए पोलितब्यूरो की घोषणा की है और उसकी सदस्यता संख्या 17 से बढ़ाकर 18 कर दी है, युग परिवर्तन का संकेत देते हुए। माकपा की केंद्रीय कमेटी व कांग्रेस ने पोलितब्यूरो द्वारा बेबी के नियुक्ति प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बेबी अब अधिकारिक तौरपर माकपा के महासचिव हैं। आराम व संतुलन से बात करने वाले बेबी को अपनी छह दिवसीय राष्ट्रीय कांग्रेस में महासचिव नियुक्त करके माकपा ने दरअसल रिफ्रेश का बटन दबाया है।

## पंचांग

मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - एकादशी 21.14 तक
- वार - मंगलवार
- नक्षत्र - आश्लेषा 07.57 तक
- योग - शूल 18.10 तक
- करण - वणिज 08.33 तक
- सूर्योदय - 06.28 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.52 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.26 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.00 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - कर्क 07.57 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.15 से 13.05
- राहु काल - 15.47 से 17.20
- व्रत, त्यौहार - कामदा एकादशी (लविंग), वल्लभाचार्य बधाई, लक्ष्मीकांत दोलोत्सव
- दिशा शूल - उत्तर

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### घर में रख दें कामधेनु गाय की मूर्ति, चमकेगी किस्मत!

हिंदू धर्म में गाय को बेहद पवित्र माना जाता है। कामधेनु केवल एक गाय नहीं है यह पालन-पोषण, ममता और इच्छा पूर्ति की प्रतीक है। क्या आप जानते हैं कि कामधेनु गाय आपकी ज़िंदगी में कितनी समृद्धि ला सकती है? बस आपको यह जानना होगा कि कामधेनु गाय की मूर्ति को कहां और किस रूप में घर में स्थापित करना है। अगर आप इसे सही दिशा और विधि से घर में रखते हैं तो यह न सिर्फ आपके जीवन में समृद्धि लाती है बल्कि मानसिक शांति और रिश्तों में मिठास भी भर देती है।

**ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा)**- आप अपने जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाना चाहते हैं, तो कामधेनु को ईशान कोण में रखें। इससे आपकी सोच में स्पष्टता आती है, सही और गलत की पहचान बेहतर होती है और निर्णय सही साबित होते हैं। लगभग 30 से 50 दिनों के भीतर आप अनुभव करेंगे कि आपकी निर्णय क्षमता में गजब का सुधार हुआ है।

**पूर्व दिशा**-अगर आप चाहते हैं कि लोग आपको सही समझें, कोई गलतफहमी न हो और आपकी प्रतिष्ठा बनी रहे तो कामधेनु गाय की मूर्ति को घर के पूर्वी कोने में रखें। इस दिशा में रखने से आपकी मनोकामनाएं भी पूर्ण होनी लगेंगी।

**उत्तर दिश**-अगर आप अपने कौशल और हुनर से धन प्राप्त करना चाहते हैं तो उत्तर दिशा में कामधेनु गाय की मूर्ति का स्वरूप रखें। इससे धन, अवसर और प्रशंसा तीनों की प्राप्ति होगी।

किन दिशाओं में नहीं रखें कामधेनु गाय?

**दक्षिण-पश्चिम**-यह दिशा स्थिरता की होती है। अतः यहां कामधेनु को रखने से जीवन में ठहराव बाधित होता है।

**दक्षिण दिशा**- दक्षिण दिशा उग्र ऊर्जा वाली है। कामधेनु की सौम्यता इस दिशा में नष्ट हो जाती है और घर में अशांति बढ़ सकती है।

**पश्चिम दिशा**-यहां कामधेनु को रखने से धन की हानि हो सकती है। आपकी मेहनत का फल नहीं मिलेगा और आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

## तारीख विशेष

### बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय 19वीं शताब्दी के बंगाल के प्रकाण्ड विद्वान् तथा महान् कवि और उपन्यासकार थे। 1874 में प्रसिद्ध देश भक्ति गीत वंदेमातरम् की रचना की जिसे बाद में आनंद मठ नामक उपन्यास में शामिल किया गया। प्रसंगतः ध्यातव्य है कि वंदेमातरम् गीत को सबसे पहले 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। 'वंदे मातरम्' राष्ट्रगीत के रचयिता होने के नाते वे बड़े सम्मान के साथ सदा याद किए जायेंगे। उनकी शिक्षा बंगला के साथ-साथ अंग्रेज़ी व संस्कृत में भी हुई थी। आजीविका के लिए उन्होंने सरकारी सेवा की, परन्तु राष्ट्रीयता और स्वभाषा प्रेम उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था। युवावस्था में उन्होंने अपने एक मित्र का अंग्रेज़ी में लिखा हुआ पत्र बिना पढ़े ही इस टिप्पणी के साथ लौटा दिया था कि, 'अंग्रेज़ी न तो तुम्हारी मातृभाषा है और न ही मेरी'। सरकारी सेवा में रहते हुए भी वे कभी अंग्रेज़ों से दबे नहीं। बंकिम ने साहित्य के क्षेत्र में कुछ कविताएं लिखकर प्रवेश किया। उस समय बंगला में गद्य या उपन्यास कहानी की रचनाएं कम लिखी जाती थीं। बंकिम ने इस दिशा में पथ-प्रदर्शक का काम किया। 27 वर्ष की उम्र में उन्होंने 'दुर्गेश नंदिनी' नाम का उपन्यास लिखा। इस ऐतिहासिक उपन्यास से ही साहित्य में उनकी धाक जम गई। फिर उन्होंने 'बंग दर्शन' नामक साहित्यिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया। रबींद्रनाथ ठाकुर 'बंग दर्शन' में लिखकर ही साहित्य के क्षेत्र में आए। वे बंकिम को अपना गुरु मानते थे। उनका कहना था कि, 'बंकिम बंगला लेखकों के गुरु और बंगला पाठकों के मित्र हैं'। बंकिम के दूसरे उपन्यास 'कपाल कुण्डली', 'मृणालिनी', 'विषवृक्ष', 'कृष्णकांत का वसीयत नामा', 'रजनी', 'चंद्रशेखर' आदि प्रकाशित हुए। राष्ट्रीय दृष्टि से 'आनंदमठ' उनका सबसे प्रसिद्ध उपन्यास है। इसी में सर्वप्रथम 'वंदे मातरम्' गीत प्रकाशित हुआ था। ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने से बुने हुए इस उपन्यास ने देश में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने में बहुत योगदान दिया। बंकिम के कारण ही आज बंगभाषा मात्र प्रौढ़ ही नहीं, उर्वरा और शस्यश्यामला भी हो सकी है। आधुनिक बंगला साहित्य के राष्ट्रीयता के जनक इस नायक का 8 अप्रैल, 1894 ई. को देहान्त हो गया।

## धरती पर सबसे जटिल और रहस्यमय

# इंसान का दिमाग

अपराजिता

मानव मस्तिष्क एक सेकेंड में जितना डाटा प्रोसेस करता है, उतने डाटा को प्रोसेस करने के लिए दुनिया के सबसे ताकतवर सुपर कंप्यूटर को 40 मिनट का समय लगता है। इसीलिए तकनीक की यात्रा आज भी दिमाग के मुकाबले शुरुआती स्तर की ही है। एक इंसान को अपने मस्तिष्क में किसी इमेज को प्रोसेस करने में महज 13 मिलीसेकेंड का समय लगता है। हमारा दिमाग सूचनाओं का आदान प्रदान इतनी तेजी से करता है कि तेज से तेज फार्मूला रेसिंग कार उसका मुकाबला नहीं कर सकती। हालांकि इतना ताकतवर होने के बावजूद अगर 5 से 6 मिनट तक इंसान के दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिलती तो वह मर जाता है। हमें एक और सच्चाई जान लेनी चाहिए। हमें लगता है हम दिनभर जितने फैसले लेते हैं उन सबका निर्णय हमारा दिमाग लेता है, जबकि ऐसा नहीं है। हमारे 24 घंटे के 95 फीसदी से ज्यादा फैसले हमारा दिमाग नहीं बल्कि हमारा अवचेतन मन करता है। इंसान की पूरी जिंदगी में एक से डेढ़ फीसदी फैसले ही दिमाग से किए होते हैं। एक खाते पीते स्वस्थ आदमी के दिमाग का वजन लगभग 1.4 किलोग्राम होता है।

दुनिया में एक से बढ़कर एक जटिल मशीनरियां हैं, एक से बढ़कर एक जटिल गणितीय सिंद्धात हैं, लेकिन इंसान के दिमाग के सामने मानो ये सब कुछ भी नहीं हैं। इंसान का दिमाग धरती गृह पर निःसंदेह ताकत और जटिलता का ऐसा रहस्यलोक है, जिसे अभी तक विज्ञान पूरी तरह से क्या मामूली तौरपर भी नहीं जान पाया है। इंसान का दिमाग न सिर्फ सबसे जटिल है बल्कि यह सबसे शक्तिशाली भी है। इंसान की दिमाग की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि इसमें हर रोज 70,000 से ज्यादा नए विचार आते है, ये अलग बात है कि बड़ा से बड़ा जीनियस भी अपने दिमाग का 10 फीसदी ही इस्तेमाल कर पाता है। 90 फीसदी दिमाग तो बड़े-बड़े जीनियसों का भी बिना इस्तेमाल किए ही रह जाता है तो सोचिए आम लोगों का क्या होता होगा। वैज्ञानिकों का मानना है आम लोग आमतौर पर पूरी जिंदगी में अपने दिमाग का दो से ढाई फीसदी ही इस्तेमाल कर पाते हैं। इंसान का दिमाग कितना ताकतवर है, इसका इस बात से भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारा मस्तिष्क शरीर के कुल ऑक्सीजन और खून का 20 फीसदी अकेले इस्तेमाल करता है। इंसान की दिमागी क्षमता का इस बात से भी अंदाजा लगता है कि हमारा मस्तिष्क 30 लाख घंटे की किसी वीडियो को भी न सिर्फ याद रख सकता है बल्कि डेढ़ से पांच सेकेंड के भीतर उसका एक रिव्यू इमेज भी बना लेता है। इंसान अपने शुरुआती जीवन के तीन साल की घटनाओं को याद नहीं रख पाता है क्योंकि उस समय तक इंसानी दिमाग का अग्र भाग यानी हिप्पोकैंपस भाग पूरी तरह से विकसित नहीं होता है। तीन साल के बाद इंसान अगर चाहे तो जिंदगी की हर एक बात को याद रख सकता है। हां, उसे अपनी क्षमता का व्यवस्थित इस्तेमाल करना सीखना पड़ेगा। बहरहाल इंसान के दिमाग की जटिलता और इसकी विशिष्टता इस बात से भी जानी जा सकती है कि हमारे मस्तिष्क में 100 अरब न्यूरान होते हैं। इंसानी दिमाग की एक खासियत यह भी है कि अगर सर्जरी के द्वारा हमारे दिमाग का आधा हिस्सा भी निकाल दिया जाए तो भी हमारी स्मरण शक्ति में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमारे मस्तिष्क में तकरीबन 25 लाख गीगाबाइट डाटा स्टोर करने की क्षमता होती है और यह भी जान लीजिए कि इतना डाटा होने के बावजूद हमारा दिमाग इस पूरे डाटा को एक सेकेंड से भी कम समय में प्रोसेस कर सकता है, जबकि इतने कम समय में इतने डाटा को प्रोसेस करने की दुनिया की सबसे ताकतवर कंप्यूटर से भी कल्पना नहीं की जा सकती। मानव मस्तिष्क एक सेकेंड में जितना डाटा प्रोसेस करता है, उतने डाटा को प्रोसेस करने के लिए दुनिया के सबसे ताकतवर सुपर कंप्यूटर को 40 मिनट का समय लगता है। इसीलिए तकनीक की यात्रा आज भी दिमाग के मुकाबले शुरुआती स्तर की ही है। एक इंसान को अपने मस्तिष्क में किसी इमेज को प्रोसेस करने में महज 13 मिलीसेकेंड का समय लगता है। हमारा दिमाग सूचनाओं का आदान प्रदान इतनी तेजी से करता है कि तेज से तेज फार्मूला रेसिंग कार उसका मुकाबला नहीं कर सकती। हालांकि इतना ताकतवर होने के बावजूद अगर 5 से 6 मिनट तक इंसान के दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिलती तो वह मर जाता है। हमें एक और सच्चाई जान लेनी चाहिए। हमें लगता है हम दिनभर जितने फैसले लेते हैं उन सबका निर्णय हमारा दिमाग लेता है, जबकि ऐसा नहीं है। हमारे 24 घंटे के 95 फीसदी से ज्यादा फैसले हमारा दिमाग नहीं बल्कि हमारा अवचेतन मन करता है। इंसान की पूरी जिंदगी में एक से डेढ़ फीसदी फैसले ही दिमाग से किए होते हैं। एक खाते पीते स्वस्थ आदमी के दिमाग का वजन लगभग 1.4 किलोग्राम होता है। हालांकि अगर दिमाग के वजन के हिसाब से देखें तो दुनिया में सबसे बड़ा दिमाग स्पर्म व्हेल का होता है, जो करीब 9 किलोग्राम का होता है। यूं मजबूत बनाएं दिमाग भले हर किसी में अलग-अलग स्तर का दिमाग होता हो, लेकिन दिमाग के बारे में यह भी एक सच्चाई है कि हम इसकी ताकत को बढ़ा सकते हैं। कहने का मतलब यह है कि जिस तरह हम रोजाना के व्यायाम के जरिये अपने शरीर को संतुलित और ताकतवर बना लेते हैं, उसी तरह दिमागी कसरतों के जरिये हम अपने दिमाग को भी ताकतवर बना सकते हैं। सवाल है इसके लिए क्या करना होगा? हर दिन किसी से बिना मतलब की मगर समझदारी भरी गुफ्तगू करनी चाहिए।

योग और कसरत शरीर की तरह मस्तिष्क को भी ताकतवर बनाते हैं।

गुस्से पर काबू रखना और हंसी मजाक करते रहना भी दिमाग की ताकत बढ़ाने का जरिया है।

धीमी आवाज में सुरीले गाने सुनने से और पौष्टिक आहार लेने से भी दिमाग स्वस्थ रहता है।

...और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जिस तरह हम अपने शरीर की भूख मिटाने के लिए भोजन की व्यवस्था करते हैं, उसी तरह दिमाग की भूख को भी मिटाने के लिए हमें ब्रेन गेम्स, पहेलियां और कई ऐसे ही खेल खेलने चाहिए, जिनमें हमें सोचने और विचारने की जरूरत पड़ती हो।



## गीता सार

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते ॥

**भावार्थ :**

मन को वश में करने की इच्छा वाले मनुष्य को योग की प्राप्ति के लिये कर्म करना कारण होता है, और योग को प्राप्त होते-होते सभी सांसारिक इच्छाओं का अभाव हो जाना ही कारण होता है।

## पाठक पाती

### कर्मचारियों से बर्बरता: अमानवीय व्यवहार

केरल की एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों से अमानवीय व्यवहार कर एक बार फिर मानव जाति को शर्मसार कर दिया। हर कंपनी अपने कर्मचारियों से बेहतरीन प्रदर्शन और टारगेट पूरे करने की उम्मीद रखती है। किसी भी कंपनी में सेल और मार्केटिंग कर्मचारियों पर कंपनी के लिए काम लाने और, उत्पाद बेचने का दायित्व होता है। पर टारगेट पूरे न होने पर मार्केटिंग कर्मचारियों की पैंट उतरवा एक दूसरे के गुप्तांगों को पकड़वाना, कुत्ते की तरह पेशाब करना, फर्श पर पड़े सिक्कों को चाटने जैसे बर्बरतापूर्ण कृत्य अवांछनीय है। यह न केवल कर्मचारियों के हितों का हनन है बल्कि मानवता के नाम पर धब्बा भी है। हर कंपनी में एक शिकायत सैल होना चाहिए जहां शिकायत की जा सके। ऐसे अभद्र व्यवहार से बचने के लिए कर्मचारियों खासकर निम्न और अशिक्षित वर्ग को उनके हकों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को आनलाइन प्लेटफार्म बनाना चाहिए जहां कोई भी कर्मचारी अपने साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार की शिकायत बेझिझक कर सके।

- अभिलाषा गुप्ता मोहाली

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



गरीब, कमजोर, ईबीसी, ओबीसी, दलित और सामान्य लोगों को इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस पार्टी का काम है। कांग्रेस को जिस मजबूती से काम करना चाहिए था, वह हमने नहीं किया और हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के कमजोर और गरीब लोगों को लेकर एक साथ आगे बढ़ेंगे।

-राहुल गांधी



केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री हमारी मांगों की उपेक्षा कर रहे हैं। हम अपने मछुआरों की आजीविका की रक्षा करने में विफल नहीं होंगे। डीएमके सरकार मछुआरों के साथ खड़ी रहेगी। हमें उम्मीद थी कि 97 मछुआरे और उनकी नावें अपने वतन पहुंच जाएंगी, जो पूरी नहीं हुई।

- एम. के. स्टालिन



लोगों के स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगती है और मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, पट्टियां, सर्जिकल सामान पर 12 से 18 फीसदी जीएसटी वसूला जाता है। चिकित्सा की बढ़ती लागत अस्पताल के बिल में नजर आती है।

- मल्लिकार्जुन खरगे

## सी-लाइफ

# विलुप्त होने की कगार पर समुद्री गाय 'ड्यूगांग'

के.पी.सिंह

ड्यूगांग एक समुद्री जीव है। इसे अंग्रेजी में सी काऊ अर्थात् समुद्री गाय कहते हैं। जीव वैज्ञानिकों ने सागर में पाए जाने वाले स्तनधारी तीन जलचरों को इनके शांत स्वभाव और चरने की आदत के कारण समुद्री गाय कहा है। ये है-ड्यूगांग, मनाती और स्टेलर सी काऊ। इनमें से स्टेलर सी काऊ धरती से पूरी तरह विलुप्त हो चुकी है। पहले यह समझा जाता था कि ड्यूगांग अपनी सुरीली आवाज द्वारा जहाजों को चट्टानों की ओर आकर्षित करती है, किंतु इसके अध्ययन के बाद यह मालूम हुआ कि इसकी आवाज बड़ी भद्दी होती है तथा यह सुअर के समान केवल घुरघुराने की आवाज ही निकाल सकती है। सागर में सुरीली आवाज चोंच मछली निकालती है। ड्यूगांग पूर्व में सोलोमन द्वीपों से पश्चिम में लाल सागर तक तथा फिलीपींस, फारस की खाड़ी, आस्ट्रेलिया और मोजांबिक में पाई जाती है। यह किसी समय प्रशांत महासागर के उष्णकटिबंधीय तटों और मेडागास्कर से लेकर ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तटों तक बहुत अधिक संख्या में थी, किंतु अब उत्तरी आस्ट्रेलिया को छोड़कर शेष स्थानों पर इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है और कुछ स्थानों पर तो यह विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई है। विश्व में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां सागर तटों पर इसकी संख्या बढ़ी है। ड्यूगांग की एक जाति हिंद महासागर में भी पाई जाती है। इसे भारत और श्रीलंका के सागर तटों, कच्छ की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी, पाक की खाड़ी तथा अंडमान द्वीपों के आसपास बहुत बड़ी संख्या में देखा जा सकता है। ड्यूगांग झुंड में रहने वाली जलचर है, जो शिकार के कारण काफी हद तक विलुप्त हो चुकी है। ये हमेशा पानी में डूबी रहती



है, किंतु इसके नथुने सिरे बाहर रहते हैं। इसे सांस लेने के लिए पानी की सतह पर आना पड़ता है, जिसके कारण ये मछुआरों द्वारा मार ली जाती है। इसकी पसलियां कमजोर होने के कारण यह सागर तटों के पास नहीं आती। इसकी लंबाई 2.4 मीटर से 2.7 मीटर तक होती है और वजन लगभग 250 किलोग्राम से 900 किलोग्राम तक होता है। कभी कभी 5 मीटर लंबी ड्यूगांग भी देखने को मिल जाती है। इसकी त्वचा मोटी और मजबूत होती है तथा इसका रंग ग्रे होता है। इसके नथुने सिर के ऊपरी भाग पर होते हैं, जिससे यह पानी से पूरा सिर निकाले बिना सांस ले पाती है। इसकी पूंछ चपटी और पैडल जैसी होती है। इसके गालों के दांत लगातार धीमी गति से आगे की ओर बढ़ते रहते हैं, जब आगे के दांत घिसकर गिर जाते हैं तो जबड़े के पीछे के नए दांत आकर इनका स्थान ले लेते हैं।

कुछ जीव वैज्ञानिकों ने इसे हाथी की निकट प्रजाति का बताया है, क्योंकि इसके ऊपरी जबड़ों में हाथी के दांतों की तरह बाहर निकले हुए गजदंत होते हैं, जो मादा के नहीं होते। यह एक शाकाहारी जलचर है, जिसका प्रमुख भोजन विभिन्न प्रकार के जलीय पौधे हैं।

# लोकमाता अहिल्या बाई होलकर नाटक का हुआ मंचन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** लंबे समय बाद जालोर के वीरान हुए वीरम मंच पर उमेश चौरसिया की ओर से लिखित और स्वाति अरू और अजय करण जोशी द्वारा निर्देशित नाटक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर नाटक का मंचन हुआ । अहिल्या बाई की त्री शताब्दी समारोह का आयोजन इन दिनों पूरे देश में हो रहा है और इसी कड़ी में जालोर में संस्कार भारती व अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर ने नगर परिषद जालोर के सहयोग से इसका मंचन करवाया। महाराष्ट्र के जामखेड़ स्थित चौंडी गांव में 31 मई 1725 को जन्मी अहिल्या बाई होल्कर 11 दिसंबर 1767 को इंदौर की शासक बनी। एक वधू से राजरानी तक एक साधारण किसान पुत्री की यात्रा कांटेबल मार्ग से गुजरी अपने श्वसुर मल्हार राव होल्कर से उन्होंने शासन की बारीकियां सीखीं और युद्ध कलाओं में पारंगत हुई। पूरी मालवा की जागीर को उन्होंने अपनी दक्षता से संवारा सजाया और लोककल्याण की योजना को जन जन तक पहुंचाया और इसीलिए वे लोकमाता कहलाई। मुगलों से देश के खंडित हुए मंदिरों को पुनः संरक्षित किया जीर्णोद्धार करवाया यही नहीं सनातन संस्कृति कीं पुनर्स्थापना में उनका योगदान वंदनीय रहा। पति की मृत्यु पुत्री की मृत्यु और श्वसुर की मृत्यु के पश्चात भी वह हताश नहीं हुई । भगवान शिव उनके आराध्य देव थे और प्रत्येक राज्यादेश पर शिव की आज्ञा लिखकर ही आदेश जारी करती । अपने जीवन काल मालवा की समृद्धि के लिये उन्होंने अपनी राज्य व्यवस्था को बहुत सुचारू रूप से संभाला। 100 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जिसमें प्रमुख काशी विश्वनाथ बद्रीनाथ सोमनाथ और रामेश्वरम तक शामिल हैं। अभिनव गुरुकुल जोधपुर की इस प्रस्तुति ने जालोर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध सा कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार शर्मा क्षेत्रीय प्रमुख राजस्थान ने की। विशिष्ट अतिथि आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित थे। एल एन भटनागर व सिरोही से संस्कार भारती की टीम के आनंद मिश्रा, मनोहर सिंह और प्रांत में नया दायित्व लेने के लिए राजेश सेन का स्वागत संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र जालोरी ने किया व कार्य' म का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष परमानंद भट्ट ने किया। वीरम मंच पर बहुत सारी तकनीकी समस्याएं के निवारण का निवेदन करने पर जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मंच से घोषणा की कि आने वाले समय में इसे दूर कर दिया जाएगा।

## महावीर जन्म कल्याणक पर मांस व अंडों की बिक्री बंद रखने की अपील

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तपागच्छीय ट्रस्ट, की ओर से नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आगामी 10 अप्रेल को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर शहर में मांस एवं अंडों की दुकानों को बंद रखने की अपील की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि भगवान महावीर स्वामी का जन्मदिन जैन धर्म का प्रमुख पर्व है, और इस दिन जीवों पर दया के भाव के साथ मांस व अंडों की बि' ी बंद रखी जाए। ट्रस्ट ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस दिन सभी दुकानदारों को निर्देशित किया जाए कि वे मांस और अंडों की बि' ी न करें। ट्रस्ट अध्यक्ष पृथ्वीराज कावेड़ी ने बताया कि यह पर्व न केवल जैन धर्म, बल्कि हिन्दू धर्म और समस्त धर्मावलंबियों के लिए अहिंसा और शांति का संदेश लेकर आता है। इसलिए सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा, किया स्वागत




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित भीनमाल की समाजसेवी संस्थाएं,संयुक्त व्यापार महासंघ के व्यापारी के संयुक्त तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत फाफरिया हनुमान मंदिर प्रांगण से विहिप प्रांत सह कोषाध्यक्ष राव वचनसिंह मणधर के नेतृत्व में हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर माघ चौक तक पहुंची। शोभायात्रा के समापन पर माघ चौक पर विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। जिसमें संतों, कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान नगरवासियों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। नरिंगाराम पटेल ने बताया कि रामनवमी के इस आयोजन ने नगरवासियों में उत्साह, आस्था और एकता का भाव पैदा किया। शोभायात्रा में सभी जाति-धर्म के लोग शामिल होकर एक सुंदर संदेश भी दे गए। धर्मसभा का आयोजन होने पर 108 दीपक की महाआरती का महा आयोजन शुरुआती किया गया मंच से संतों ने धर्म सभा में कहा हिंदू समाज में एकता व अखंड से ही देश का कल्याण व विकास है। जब जब धर्म के लिए समाज को एकत्रित होने का आवाहन हो तब सब काम काज छोड़ कर धर्म के लिए निछावर हो जाना चाहिए धर्म सभा में राम के जयकारे से पंडाल गूंज उठा। महंत अमृतनाथ महाराज निंबावास मठ, स्वामीनारायण के दिव्य स्वरूप महाराज, संयुक्त व्यापार संघ में अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वराह श्याम ट्रस्ट के श्याम खेतावत, क्षेंमकरी ट्रस्ट से विजय सिंह राव, समाजसेवी ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, विश्व हिन्दू परिषद् जोधपुर प्रांत के सह कोषाध्यक्ष राव वचन सिंह, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जोधपुर प्रांत के प्रांत कार्यवाह खीमाराम, कार्यक्रम संयोजक संदीप देसाई, जिला सेवा प्रमुख योगेश टांक, बजरंगदल जिला सुरक्षा प्रमुख जगदीश सिंह, प्रखंड मंत्री भरत सेन, जिला अर्चक पुरोहित, राजूराम पुरोहित, बजरंगदल के कमलेश जीनगर, मनीष जीनगर, राजपाल विश्नोई, पप्पू भाई बोहरा, अशोक धारीवाल, प्रवीन माली, विक्रम सिंह आर्य, राजू सिंह माली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## छह मई तक लिखित में प्रस्तुत कर सकेंगे आपत्ति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पुनर्गठित/नवगठित ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के 7 अप्रेल को प्रकाशित प्रस्तावित प्रस्ताव प्रारूपों के संबंध में 6 मई तक आपत्तियां आमंत्रित की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना एवं पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 101 के तहत ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के पुनर्गठन/पुनर्सीमांकन/नवसृजन के संबंध में संबंधित उपखण्ड अधिकारी से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार पुनर्गठित/नवगठित ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के प्रस्तावित प्रस्ताव 'क' व 'ख' का प्रकाशन 7 अप्रेल को किया गया। यह प्रकाशन प्रारूप 'क' व 'ख' आम जनता के अवलोकन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, उपखण्ड अधिकारी, जिला परिषद व जिला कलक्टर जालोर के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाकर 7 अप्रेल से 6 मई तक आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। कोई भी व्यक्ति इस संबंध में अपनी आपत्ति संबंधित तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी व जिला कलक्टर कार्यालय को लिखित में कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## दिशा समिति की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा समिति' की बैठक 8 अप्रेल को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को इनकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल एवं विद्युत विभाग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### परिवेदनाओं का निस्तारण समय पर हो

जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान करें तथा शेष रहे प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर उनका जल्द निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## जिला बहाली की मांग, धरना सौं वें दिन भी जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राज्य सरकार की ओर से सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 100 वें दिन भी जारी रहा। जिसको स्थानीय ग्रामीणों का लगातार समर्थन मिल रहा है, वहीं प्रत्येक दिन अलग-अलग ग्राम ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की ओर से धरने को समर्थन दिया जा रहा है। होथी गांव के ग्रामीणो द्वारा समर्थन दिया गया। इस अवसर पर भीमाराम चौधरी, लादूसिंह , सदराम बिश्नोई, वगताराम कोली, प्रखाराम कोली, हरिराम कोली, मानाराम, प्रतापा राम, भोमाराम, गोवदाराम, गिरधारीलाल, पारसाराम, मसराराम हंसाराम, छगनाराम, प्रेमाराम, कलाराम रावताराम, नानजीराम, रावता राम, अर्जुनराम, जसवंतसिंह, मसराराम होथिगाँव, नगसिंह राजपूत किलवा, प्रतापदान चारण, जयसिंह चारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग, आमरण अनशन जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने व चौरा ढाणी को चौरा ग्राम पंचायत में यथावत रखने व करावड़ी में शामिल करने का विरोध किया और छठे दिन भी आमरण अनशन पर बैठे। इस दौरान सरपंच सुनिल बिश्नोई ने कहा कि सोमवार से सात लोगों ने आमरण अनशन शुरू किया है। वहीं प्रशासन मांगे नहीं मान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन समय रहते उनकी मांगे मान ले, वरना पूरा चौरा गांव धरना स्थल पर आकर भूख हड़ताल पर बैठेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी, उन्होने कहा कि प्रशासन समय रहते उनकी मांगों पर विचार करके ग्रामीणों के हक में फैसला दें। ग्रामीणों ने बताया कि जिस गांव व रेवन्यू विलेज की उन्होंने कभी मांग भी नहीं की। जबकि प्रशासन जबरदस्ती रामेश्वर नगर राजस्व गांव बना रहे है, वहीं चौरा ढाणी को करावड़ी में शामिल करने का प्रस्ताव भिजवा रहा है। आमरण अनशन छठे दिन भी जारी रहा। जिसमें तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपुत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन जारी रखा, वहीं महावीरसिंह, लाखाराम चौधरी, राणाराम बिश्नोई ने भी अनशन शुरू किया। इस अवसर पर सरपंच सुनिल बिश्नोई, पुखराज, बलवंत एच सुथार, कृष्णसिंह, भीखाराम माली, राणाराम साहू, भूपाराम , महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह, तुलाराम पुरोहित,लक्ष्मण मेघवाल,जोराराम चौधरी,श्रवण सुथार,खेमाराम, प्रेमाराम, नारायण मोदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस संबंध में कलक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया।



# भजन सरिता में देर तक गोते लगाते रहे श्रोता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** क्षत्रिय घांची समाज की ओर से रविवार को घांची समाज न्याति नोहरे में महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक प्रवीण माली ने श्रोताओं को भक्तिमय माहौल में डुबो दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई। प्रवीण माली ने कई लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। इनमें मैं तो ऊबी सरवरिया री पाल, गुरुजी सतगुरु आया पावणा, माताजी रा मंदिर में भेल भवानी और आबु री अर्बुदा थाने परमार पुजे सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर घांची समाज के अध्यक्ष भगवानाराम चौहान, कलाराम चौहान,भीखाराम परमार, बाबूलाल बोराणा, वालाराम चौहान, हीरालाल चौहान और रमेश चौहान, हीरालाल सोलंकी, दिनेश परमार, हितेश, कौशल, वि' म, घेवाराम व जीतू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# भाजपा मंडल ने 46वां स्थापना दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राम्सीन।** कस्बे में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष छगनलाल भाटी की मौजूदगी में भाजपा पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मनाया। मंडल अध्यक्ष भाटी ने कहा कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और वर्षों के लंबे संघर्ष के कारण ही भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनितिक दल बन गया है। मंडल संयोजक व पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश रावल ने बताया कि 6 अप्रेल 1980 को भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक नेताओं व कार्यकर्ताओं के संघर्ष व बलिदान को याद किया। साथ ही हर घर ध्वज लगाने की मूहिम चलाई। उसके बाद पुष्प चढ़ाकर कार्यकर्ताओं में मिठाई बांटकर मूंह मीठा करवाया गया। इस मौके पर गोपालसिंह परमार, रमेश सेन, रमेश प्रजापत, केशव राजपुरोहित, शांतिलाल सुथार, मोहनलाल एस. घांची, अन्नाराम घांची, भंवरसिंह, वि' म बोराणा, वरदाराम, वागाराम, सुरेश कुमार भाटी, मंछाराम सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला परिषद की बैठक संपन्न





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की गई। विशेष बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ के तहत ऑल वेदर रोड़ कनेक्टिविटी के लिए डी.आर.आर.पी. केन्डीडेट रोड़ एवं सी.यू.सी.पी.एल. के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। पेयजल व विद्युत संबंधित शिकायतों के निस्तारण एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही पेयजल आपूर्ति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत डी.आर., एफआर., ई.आर. सीलू-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट के तहत जल कनेक्शनों की प्रगति तथा जोड़े गए जल कनेक्शनों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, कनेक्शन जोड़ने की गति बढ़ाकर प्रत्येक घर को जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन से जोड़े जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई सहित जनप्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**जालोर।** राज्य सरकार की ओर से पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल को प्रातः 10 बजे से सायंकाल 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि प्रत्येक माह की भांति माह अप्रेल के द्वितीय गुरूवार 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई की जानी है। किन्तु 10 से 14 अप्रेल तक राजकीय अवकाश होने के कारण अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई एक दिन पूर्व 9 अप्रेल को आयोजित की जाएगी। जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समसयाओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

# यज्ञ भारत की सर्वमान्य एवं प्राचीनतम वैदिक उपासना हैं: व्यास



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** गायत्री शक्तिपीठ में साधकों के नवरात्रि अनुष्ठान सम्पन्न करने के निमित्त नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। इस दौरान महेश व्यास ने कहा कि यज्ञ महिमा बड़ी हैं। सनातन धर्म में प्रत्येक शुभ कार्य,पर्व व संस्कार यज्ञ के साथ संपन्न होता है। यज्ञ भारतीय संस्कृति का पिता है। यज्ञ भारत की सर्वमान्य एवं प्राचीनत वैदिक उपासना यज्ञ शब्द के तीनअर्थ हैं- देवपूजा, दान,संगतिकरण का अर्थ हैं संगठन। यज्ञ का एक प्रमुख उद्देश्य धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों को सत्प्रयोजन के लिए संगठित करना भी है । इस युग में संघ शक्ति ही सबसे प्रमुख है । गायत्री यज्ञों का वास्तविक लाभ सार्वजनिक रूप से व जन सहयोग से सम्पन्न कराने पर ही उपलब्ध होता है शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि हरिकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि यज्ञ का तात्पर्य है-त्याग, बलिदान, शुभ कर्म हैं। अपने प्रिय खाद्य पदार्थों एवं मूल्यवान् सुगंधित पौष्टिक द्रव्यों को अग्नि एवं वायु के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण के लिए यज्ञ द्वारा वितरित किया जाता है । वायु शोधन से सबको आरोग्यवर्धक सांस लेने का अवसर मिलता है । हवन हुए पदार्थ् वायुभूत होकर प्राणिमात्र को प्राप्त होते हैं और उनके स्वास्थ्यवर्धन, रोग निवारण में सहायक होते हैं । यज्ञ काल में उच्चरित वेद मंत्रों की पुनीत शब्द ध्वनि आकाश में व्याप्त होकर लोगों के अंतःकरण को सात्विक एवं शुद्ध बनाती है । इस प्रकार थोड़े ही खर्च एवं प्रय| से यज्ञकर्ताओं द्वारा संसार की बड़ी सेवा बन पड़ती है । इस अवसर पर राणमल शर्मा , जोगाराम पटेल ,चतुर्भुज राठी, बंशीधर राठी, हीरालाल सोलंकी, जेठाराम माली, जसराज सुथार, मुफ़तसिंह राव, नरेन्द्र आचार्य,अन्नत प्रसाद वैष्णव, सांकलाराम सैन,रमेशचंद्र अग्रवाल, अर्जुनसिंह राव, दिनेश भाटी, प्रदीप शर्मा, राजमल घांची, तगाराम घांची, मफ़ाराम माली, पूर्णा सोनी, मीरा देवासी, सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद थे। इस दौरान भामाशाह तगी देवी धर्मपत्नी वगताराम सोलंकी को गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया।



# जोधपुर : आसाराम को फिर एक जुलाई तक अंतरिम जमानत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत एक जुलाई तक बढ़ा दी है। हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आसाराम को 30 जून तक की अंतरिम जमानत दी तो वकील ने अंतिम दिन छुट्टी होने की बात कहते हुए इसे एक जुलाई तक करने का आग्रह किया। आसाराम 14 जनवरी से 31 मार्च तक अंतरिम जमानत पर था। ये पीरियड खत्म होने पर 1 अप्रैल को आसाराम ने सरेंडर कर दिया था।

### सरकार की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश

सरकार की ओर से भी जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। इसमें उन 3 कॉन्स्टेबल के बयान भी दर्ज किए गए थे, जो अंतरिम जमानत के दौरान आसाराम के साथ रहे। उनके बयान में यही आया कि आसाराम कभी-कभार अपने दो-चार साधकों से जरूर मिला, लेकिन सार्वजनिक रूप से कहीं प्रवचन नहीं किया। आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने शपथ पत्र पेश कर कोर्ट को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ ने कहा कि सरकार की जांच रिपोर्ट में भी आसाराम की ओर से प्रवचन किए जाने की पुष्टि नहीं हो रही है। वहीं गुजरात हाईकोर्ट की ओर से भी मेडिकल ग्राउंड पर आसाराम को अंतरिम जमानत देने से पहले तमाम तथ्यों की जांच की जा चुकी है। ऐसे में उन्हीं मेडिकल ग्राउंड्स की दोबारा जांच की आवश्यकता नहीं है और अंतरिम जमानत नहीं देने का भी कोई ठोस आधार सामने आ रहा है। अंतरिम जमानत अवधि खत्म होने के बाद एक अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजे आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। रात 11:30 बजे पाली रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया था।

### आसाराम दो रेप केस में दोषी

जोधपुर के मणाई आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम को जोधपुर पुलिस ने इंदौर के आश्रम से 2 सितंबर 2013 को गिरफ्तार किया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। आसाराम को इस मामले में 14 जनवरी को राजस्थान हाईकोर्ट ने 31 मार्च तक की अंतरिम जमानत दी थी। अब एक बार फिर कोर्ट ने उसे 3 महीने की अंतरिम जमानत दे दी।

### 'सुप्रीम' शर्त का उल्लंघन नहीं

उल्लंघन करने पर सवाल आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने बताया कि मामले में 2 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। पीड़िता के वकील पीसी सोलंकी ने आसाराम पर सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने आसाराम से शपथ पत्र पेश करने को कहा था। निशांत बोड़ा ने बताया कि कोर्ट में आज शपथ पत्र पेश किया। कोर्ट ने सवाल किया कि आसाराम ने अंतरिम जमानत मिलने के बाद प्रवचन किए या नहीं? पीड़ित की ओर से भी एफिडेविट मांगा गया। पीड़ित पक्ष के वकील पीसी सोलंकी ने बताया कि आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई अंतरिम जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शर्त का उल्लंघन करने से संबंधित तथ्य रखे।

## शिकायत पर टीचर भड़की, बोलीं-FIR करवा जेल भिजवा दूंगी

**बाड़मेर।** महिला स्कूल टीचर और पेरेंट्स के बीच का ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने ग्रेड थर्ड टीचर को स्कूल से हटा दिया। आगामी आदेशों तक उनका मुख्यालय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याणपुर किया गया है। शिकायत लेटर सोशल मीडिया पर सामने आया था। जिसमें टीचर ने अभिभावक को धमकाने वाले लहजे से कहा कि एफआईआर दर्ज करवाकर 7 साल जेल करवा दूंगी। गांव वालों की अकल ठिकाने लगा दूंगी। ऑडियो संज्ञान में आने के बाद शिक्षा विभाग ने आज उसे एपीओ कर दिया। ऑडियो में महिला टीचर ने अभिभावक से कहा कि एफआईआर दर्ज करवाकर 7 साल की सजा दिला दूंगी। मुझे जानते नहीं हो, मेरी शिकायत क्यूं की? अब तेरी और मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी है। चाहे रिकॉर्डिंग कर लें, चाहे डीईओ, कलेक्टर और दिलावर को भेज दें।

# जैसलमेर में धमाके से उड़ा ऊंट का जबड़ा

### सूअर को मारने रखा विस्फोटक खाने से हादसा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जंगली सुअरों के शिकार के लिए लोहटा गांव के पास जंगल में जमीन में छिपाया गया विस्फोटक चबाने से एक ऊंट का जबड़ा फट गया। लहूलुहान हालत में देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घायल ऊंट का प्राथमिक इलाज कर उसकी जान बचाई और उसके बाद उसे भादरिया गोशाला में भर्ती करवाया है। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों गौ रक्षकों में भारी रोष व्याप्त हैं। वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने बताया कि क्षेत्र के लोहटा गांव के पास जंगल में अज्ञात लोगों ने जंगली सुअरों को मारने के लिए विस्फोटक रख दिया था। इस दौरान यहां विचरण कर रहे ऊंट ने विस्फोटक को खाना समझकर खा लिया। विस्फोटम इतना ताकतवर था कि ऊंट का निचला जबड़ा और जीभ तथा ऊपर का जबड़ा भी आधा उड़ गया।



### घायल ऊंट का ग्रामीणों ने किया इलाज

घायलावस्था में ऊंट भटकता हुआ धोलिया गांव के पास पहुंचा। चरवाहे ने ऊंट को इस हालत में देखकर वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन्यजीव प्रेमी विश्नोई अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल इलाज की जान बचाकर उसका इलाज किया। राधेश्याम विश्नोई ने बताया कि क्षेत्र में शिकारी सक्रिय हैं। वे अवैध रूप से जंगली सुअरों और अन्य वन्य जीवों के शिकार में इस तरह का विस्फोटक काम में लेते हैं।

### इन्होंने भी दिया सहयोग

घायल ऊंट को बचाने में पशु प्रेमी धर्माराम, बगडूराम, थानाराम, श्याम जाजूदा, भंवरलाल, विकास, शिवराज, शिवा, कमलेश, दोस, हनुमान विश्नोई, भादरिया गोशाला से कंवराजसिंह भाटी, बगडूराम विश्नोई सहित गोशाला के कार्मिक व ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## जोधपुर में निजी कॉलेज संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**जोधपुर।** जोधपुर के कमला नगर हॉस्पिटल के पीछे स्थित एक निजी कॉलेज के संचालक के खिलाफ देवनगर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। एक स्टूडेंट ने कॉलेज संचालक पर तीन बार अलग-अलग यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट से डिप्लोमा कराने का झांसा देकर रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। इस स्टूडेंट का कहना है कि जिन-जिस यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट का नाम लिया गया था, हकीकत में उन तीनों में वो कोर्स ही नहीं कराया जाता है। देवनगर थाने में बावड़ी के खारी कलां निवासी हेमंत जाट पुत्र रूपाराम द्वारा इस्तगासा के आधार पर दर्ज एफआईआर के अनुसार उसने अक्टूबर 2024 में कमला नगर हॉस्पिटल के पीछे स्थित इनफेम कॉलेज के संचालक फरखान से ग्राफिक्स डिप्लोमा में प्रवेश के लिए संपर्क किया था। यहां कॉलेज की मैनेजर भावना ने हेमंत को बताया कि आपको ग्लोबल यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा कराया जाएगा। एक साल के इस कोर्स की फीस 52 हजार रुपए है। फीस पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा। एफआईआर के अनुसार परिवादी ने 9 अक्टूबर 2024 को एडमिशन के लिए 21 हजार 300 रुपए ऑनलाइन भुगतान कर दिया। इसके बाद दो सेमेस्टर की फीस के नाम पर 1500-1500 रुपए लिए गए। इनमें एक सेमेस्टर की फीस जमा करवाने पर मिली रसीद को परिवादी ने देखा, तो वो इनफेम कॉलेज के नाम की थी।

**नामी यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट से डिप्लोमा का झांसा दिया**

### न ऐसा डिप्लोमा, न इनफेम कॉलेज ही एफिलिएडेट

इनफेम कॉलेज में टालमटोल का रवैया देख परिवादी को संदेह हुआ। तब उसने ग्लोबल यूनिवर्सिटी से संपर्क करके पूछा कि ग्राफिक्स डिप्लोमा का कोर्स करवाते हो क्या? और आपकी कॉलेज इनफेम कॉलेज से एफिलिएडेट है क्या? तब उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया की हमारी ग्लोबल यूनिवर्सिटी से कोई एफिलिएडेट संस्था नहीं है और न ही ऐसा कोई ग्राफिक्स डिप्लोमा का कोर्स करवाया जाता है। जब हेमंत ने वापस इनफेम कॉलेज में बात करके बताया कि ग्लोबल यूनिवर्सिटी से न तो आप एफिलिएट हैं और न ही वहां से ऐसा कोई कोर्स है। तब इनफेम कॉलेज से उसे बताया गया कि आपको करियर पाइंट यूनिवर्सिटी कोटा से डिप्लोमा कराएंगे।

## शादी समारोह में नशीले पदार्थों की मनुहार पर होगी कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** मारवाड़ में शादी समारोह या फिर किसी की मौत के बाद कई जगहों पर अफीम और डोडा पोस्त की मनुहार करने की परंपरा है, लेकिन इसी मनुहार की आड़ में इन दिनों मादक पदार्थ भी परोसा जा रहा है। जिसे रोकने के लिए जोधपुर रेंज की पुलिस विशेष अभियान चला रही है। जिसमें नशीले पदार्थों की मनुहार करते पाए जाने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके तहत गांव में लोगों को नशे की मनुहार नहीं करने को लेकर अपील की जा रही है। पुलिस की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिसमें कहीं पर भी यदि मादक पदार्थों की मनुहार की जा रही है तो उसकी शिकायत जागरूक नागरिक पुलिस को दे सकते हैं और शिकायत के आधार पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जोधपुर रेंज के IG विकास कुमार के नेतृत्व में इन दिनों युवाओं को नशे के दलदल में फंसने से रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खास तौर पर जहां उत्सव हो या फिर गमी के मौके अफीम और डोडा की मनवार की जाती है, उसे बंद कर उसकी जगह पर स्वस्थ खानपान की परंपरा शुरू हो, इसके लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। आईजी ने बताया कि हम अपने अतिथि को पलकों पर बिठाकर रखते हैं, उनका मान-सम्मान करते हैं, मनुहार करते हैं, लेकिन उस मनुहार में कुछ गलत भी छिपा हुआ है। अतिथियों की मनुहार अफीम और डोडे से क्यों की जाती है। इस अफीम डोडे में ना हमारी मिट्टी की महक है, ना हमारी मिट्टी की महिमा है।



## BJP विधायक के भाई और बेटे पर FIR

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में भाजपा विधायक छोटू सिंह भाटी के परिवार और रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। रॉयल्टी ठेकेदार के भाई ने विधायक के भाई नखत सिंह, बेटे भवानी सिंह और भतीजे गिरधर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह मामला 3 अप्रैल को रॉयल्टी विवाद को लेकर हुई झड़प से जुड़ा है। पहले विधायक के परिवार ने रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को ठेकेदार पक्ष के 26 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेशी के बाद शैतान सिंह सहित 5 आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा गया, जबकि 21 अन्य को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अब 6 अप्रैल को ठेकेदार ने क्रॉस केस दर्ज कराया है। एफआईआर में ठेकेदार का आरोप है कि विधायक के परिवार की ओर से पहले हमला किया गया था। रिपोर्ट में विधायक के बेटे, भाई और भतीजे पर जानलेवा हमला करने, पैसे लूटने व नाके पर आग लगाने के आरोप लगाए गए हैं। एसपी सुधीर चौधरी का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह व अन्य को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। ठेकेदार समेत 5 आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शैतान सिंह व अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



### जानलेवा हमला, नाके पर आगजनी का आरोप

### रॉयल्टी ठेकेदार से 3 अप्रैल को हुई थी झड़प

### रेंज आईजी से शिकायत, क्रॉस केस दर्ज

ठेकेदार शैतान सिंह के भाई विक्रम सिंह ने जोधपुर रेंज आईजी को शिकायत दी। इस शिकायत के आधार पर रविवार रात सदर थाना (जैसलमेर) में मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट में विधायक के बेटे, भाई और भतीजे पर जानलेवा हमला करने, पैसे लूटने व नाके पर आग लगाने के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### मेसेनरी स्टोन रॉयल्टी को लेकर विवाद

जैसलमेर के खनन विभाग में रॉयल्टी वसूली का सालाना ठेका 5 करोड़ 5 लाख रुपए में हुआ है। ये मेसर्स दुर्गा टिम्बर ने लिया है। ठेकेदार ने 2 साल के लिए ठेका लिया है। ठेकेदार एसोसिएशन जैसलमेर ने रॉयल्टी ठेकेदार की ओर से स्थानीय ठेकेदारों से चर्चा करने के बाद प्रति टन रॉयल्टी ठेका तय करने को कहा था। लेकिन इस ठेकेदार द्वारा बिना स्थानीय ठेकेदारों व ट्रक संचालकों के साथ मीटिंग करते हुए अधिकतम रॉयल्टी की दर तय कर दी गई। ठेकेदार एसोसिएशन के संरक्षक व स्थानीय बीजेपी विधायक छोटू सिंह भाटी के भाई नखत सिंह ने बताया कि रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा सभी ट्रक संचालकों से 40 रुपए प्रति टन के हिसाब से रॉयल्टी की वसूली की जा रही है। 3 अप्रैल को काहला फांटे पर रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा जो भी ट्रक रोके गए थे। वे सभी अंडर लोड थे, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार के लोगों द्वारा ट्रकों को रुकवा दिया गया था।

## गर्मी ने 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, बाड़मेर सबसे गर्म

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** रेगिस्तानी बाड़मेर में इन दिनों गर्मी सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। 26 साल पुराने अप्रैल फर्स्ट वीक का रिकॉर्ड तोड़कर तापमान 45.6 डिग्री दर्ज किया गया है। इस सीजन पहली बार लू के कारण जनजीवन प्रभावित रहा है। इस माह के पहले सप्ताह में ही गर्मी मई-जून जैसी सताने लगी है। महज 7 दिनों में सूरज ने ऐसे तेंवर दिखाए कि दिन का पारा 6 डिग्री बढ़कर 46 डिग्री के करीब पहुंच गया है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 10 अप्रैल तक गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। दरअसल, रविवार को भीषण गर्मी के कारण दिन में बाड़मेर की सड़कें सूनी रही। हाल ये थे कि दोपहर 2 बजे सड़कों पर सन्नाटा पसरा था, मानो कर्फ्यू लगा हो। वहीं गर्मी और लू के कारण ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर लोग बचाव करते नजर आए। शहर के गन्ना ज्यूस, कोल्ड ड्रिंक और अन्य ज्यूस कॉर्नर पर शाम के समय भी लोगों की भीड़ देखी गई। पहली बार इतनी भीषण गर्मी के कारण लोगों के पसीने छूटे। सूरज गर्मी के तीखे तेवर का असर अब रात में भी दिख रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 6 अप्रैल को बाड़मेर में अप्रैल के फर्स्ट वीक रिकॉर्ड तोड़ अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री दर्ज हुआ है। जो कि औसत से 6.8 डिग्री ऊपर है। इससे पहले अप्रैल के फर्स्ट वीक में 45.2 डिग्री 3 अप्रैल को 1998 को दर्ज किया गया था। 2017 के बाद अप्रैल महीने में बाड़मेर में सर्वाधिक पारा रविवार को दर्ज किया गया। 16 अप्रैल 2017 को अधिकतम पारा 45.8 डिग्री था।

### तापमान पहुंचा 45.6 डिग्री; 10 अप्रैल तक हीटवेव का अलर्ट जारी



# व्यापार जगत

# स्टॉक मार्केट के 'भूकंप' में दिग्गजों के पांव उखड़े

### टाटा की 6 कंपनियों ने गंवाए 1.28 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के इतिहास में बीते कुछ बड़ी गिरावटों में से एक गिरावट आज देखने को मिली है। सेंसेक्स और निफ्टी की स्थिति खराब है। मार्केट के इस भूंकप में टाटा जैसी दिग्गज कंपनियों के भी पांव उखड़ गए। निफ्टी50 इंडेक्स में लिस्टेड 6 टाटा ग्रुप की कंपनियों ने 1.28 लाख करोड़ रुपए से अधिक का मार्केट कैप गंवाया है। इन सभी 6 कंपनियों के शेयरों में गिरावट की वजह ट्रंप का टैरिफ ऐलान है।



### कौनसी वो 6 कंपनियां?

- निफ्टी50 इंडेक्स में लिस्टेड टाटा ग्रुप की 6 कंपनियां टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और ट्रेंट है। आज की गिरावट में टाटा ग्रुप की इन कंपनियों का मार्केट कैप 1.28 लाख करोड़ रुपए लुढ़क गया है।

### सबसे बड़ी गिरावट ट्रेंट में

पड़ों आदि का कारोबार करने वाली चर्चित कंपनी ट्रेंट के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव 19 प्रतिशत टूट गया। 2020 मार्च के बाद कंपनी के शेयरों में किसी दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। यह स्थिति तब है जब कंपनी का रेवन्यू दिसंबर तिमाही 28 प्रतिशत बढ़ा है। टाटा स्टील से लेकर टाटा मोटर्स तक का है बुरा हाल दूसरी सबसे बड़ी गिरावट टाटा स्टील के शेयरों में देखने को मिली। यह दूसरा कारोबारी दिन है जब टाटा स्टील के शेयरों का भाव लुढ़क गया है। टीसीएस के शेयरों की बात करें तो कंपनी के शेयर एनएसई में 52 वीक लो लेवल 3,056.05 अंक पर पहुंच गया।

## एक दिन में सोने में 2613 की बड़ी गिरावट

- शेयर मार्केट के साथ सोना-चांदी भी धड़ाम
- 19% रिटर्न के बाद प्रॉफिट बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में 7 अप्रैल को 3000 अंक से ज्यादा की गिरावट के बीच सोने और चांदी के दाम भी गिर गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,613 गिरकर 88,401 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 91014 थी। एक किलो चांदी की कीमत 4,535 गिरकर 88,375 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 92,910 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### निवेशक गोल्ड में प्रॉफिट बुक कर रहे

- केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार सोने ने इस साल अब तक करीब 19% का रिटर्न दिया है, ऐसे में शेयर मार्केट में हो रहे नुकसान को निवेशक गोल्ड में प्रॉफिट बुक करके कवर करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके चलते सोने में बिकवाली आ गई है जो कुछ दिनों तक जारी रह सकती है। इससे आने वाले दिनों में सोना और नीचे आ सकता है। हालांकि, जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ETF में निवेश भी बढ़ रहा है।

## मार्केट में भूचाल के बीच 46 पर आ गया यह एनर्जी शेयर

**नई दिल्ली।** बाजार में भूचाल के बीच सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर आज करीबन 17% तक टूट गए और 46 रुपए के इंट्रा डे लो पर आ गए थे। यह पिछले एक महीने में शेयर का सबसे निचला स्तर है। शेयर में लगातार दो दिनों से गिरावट आ रही है। आज की गिरावट के साथ पिछले छह महीनों में शेयर में करीब 30% की गिरावट आ चुकी है। 2025 में अब तक शेयर में 22% से अधिक की गिरावट आई है। चार्ट पर सुजलॉन के शेयर न तो 'ओवरबॉट' या 'ओवरसोल्ड' सेक्टर में कारोबार कर रहे हैं, इसका रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (RSI) 48.9 पर है। 70 से ऊपर RSI रीडिंग का मतलब है कि स्टॉक 'ओवरबॉट' क्षेत्र में है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने हाल ही में सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड पर कवरेज शुरू की है और इस पर बाय की सिफारिश और 70 प्रति शेयर का टारगेट प्राइस रखा गया है। मोतीलाल ओसवाल उन आठ एनालिस्ट में से सातवें हैं जिन्होंने सुजलॉन एनर्जी पर 'बाय' की सिफारिश की है। दूसरे ने 'होल्ड' रेटिंग दी है। बता दें कि सुजलॉन के शेयरों में गिरावट के पीछे एक निगेटिव खबर है। कंपनी ने एक्सचेंजों को सूचित किया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुजलॉन ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड को मुंबई के सीमा शुल्क (आयात) आयुक्त के कार्यालय से जुर्माना आदेश मिला है, जिसमें सीमा शुल्क का भुगतान न करने का आरोप लगाया गया है।इसमें कहा गया है, यह सूचित किया जाता है कि मुंबई के सीमा शुल्क (आयात) आयुक्त के कार्यालय ने कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सुजलॉन ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड पर 7.47 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। SGSL उचित समय पर उचित अधिकारियों के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील करेगी।ꝛ कथित भुगतान न किए जाने का मामला चीन से आयातित कास्टिंग पार्ट्स के लिए 30 अगस्त, 2017 को दिए गए ऑर्डर से संबंधित है।



17% क्रेश, एक्सपर्ट बोले- 70 पर जाएगा भाव, खरीदो

## आप का राशिफल 8 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा) — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर सकता आरबीआई!


**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग आम तौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है। फरवरी में ब्याज दर में की थी कटौती इससे पहले चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 की आखिरी मीटिंग में RBI ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया। ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं।

## अब यूरोप ने दिया अमेरिका को 'दर्द'

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर दुनिया के कई देशों ने एक्शन दिखाना शुरू कर दिया है। चीन के बाद अब यूरोप ने भी जवाब कार्रवाई की है। दरसअल, यूरोपीय संघ (EU) अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने की तैयारी कर रहा है। इससे EU, कनाडा और चीन के साथ मिलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए शुल्कों का विरोध करेगा। ईयू ने अमेरिका से आने वाले सामानों पर करीब 28 बिलियन डॉलर का टैक्स लगा दिया है। 27 देशों के इस समूह को स्टील और एल्यूमीनियम पर 25% का आयात शुल्क देना होगा। साथ ही लगभग सभी अन्य सामानों पर बुधवार से 20% का पारस्परिक शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैरिफ भी लगेगा। राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क EU से होने वाले लगभग 70% निर्यात को कवर करते हैं। पिछले साल यह निर्यात 532 बिलियन यूरो (585 बिलियन डॉलर) का था। अभी तांबा, दवाइयां, सेमीकंडक्टर और लकड़ी पर भी शुल्क लगने की संभावना है।

**US से आने वाले सामान पर लगाया टैक्स**

बड़ी खतरनाक निकली ट्रंप की यह 'खूबसूरत' चीज, एक झटके में स्वाहा कर दिए 19 लाख करोड़ रुपये एक वरिष्ठ ईयू अधिकारी ने कहा, 'हम उन क्षेत्रों में प्रतिक्रिया देंगे जहां अमेरिका को दर्द होता है।' अधिकारियों ने पहले कहा था कि ईयू उन अमेरिकी राज्यों से आने वाले सामानों को निशाना बनाएगा जो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसमें लुइसियाना में उत्पादित सोयाबीन भी शामिल है।



### क्या से क्या हो गया...

यह सब तब हो रहा है, जब ट्रंप नजदीकी एलन मस्क ने इटली लीग के नेता माटेओ साल्विनी को शनिवार को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में अमेरिका और यूरोप 'एक बहुत ही करीबी, मजबूत साझेदारी' बना सकते हैं और 'जीरो टैरिफ जोन' तक पहुंच सकते हैं। मस्क ने फ्लोरेंस में लीग के कांग्रेस के दौरान एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में साल्विनी से बात की।

## पांचवीं बोर्ड संग्रहण केंद्र स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को पांचवीं बोर्ड संग्रहण केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्राधीक्षक एवं प्रधानाचार्य अमृतलाल माली ने बताया कि सिरोही ब्लॉक में स्थानीय विद्यालय सहित नवीन भवन पांचवीं बोर्ड का संग्रहण एवं मूल्यांकन केंद्र है। संग्रहण केंद्र अधीन पंजीकृत 1, 652परीक्षार्थियों में से 1,626 परीक्षार्थी आज अंग्रेजी विषय में उपस्थित हुए। परीक्षा प्रभारी दुर्गाराम व्याख्याता ने बताया कि मूल्यांकन संबंधित सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई हैं। नियमानुसार जांच कार्य संपन्न करवा दिया जाएगा। स्थानीय विद्यालय के अध्यापक और सह प्रभारी तेजराजसिंह राव भी व्यवस्था देख रहे हैं।

## राष्ट्रीय अधिवेशन व महारैली में लेंगे भाग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं का राष्ट्रीय अधिवेशन व महारैली बूंदी में 26 अप्रैल को होगी। जिला अध्यक्ष दशरथसिंह भाटी व वरिष्ठ कर्मचारी नेता गोपालसिंह राव ने बताया कि 26 व 27 अप्रैल को माहेश्वरी भवन जेत सागर रोड बूंदी में कर्मचारियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं महारैली कार्य म आयोजित हो रहा है। जिसमें सिरोही से कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष मेघवाहनसिंह तथा महामंत्री राकेश शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी हितों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लम्बित मांगों पर मनन करके आगामी योजना बनाई जाएगी। अधिवेशन व महारैली में राज्यों के प्रतिनिधिए सक्रिय कार्यकर्ता सदस्य व इकाइयों के नेतृत्व कर्ता भाग लेंगे।

## महिलाओं से की स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जेके लक्ष्मी।** जेके सीमेंट सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत नया सवेरा की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को ढ़ागा एवं गड़िया के आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं के साथ महिलाओ एवं बालकों के स्वास्थ्य के बारे में बैठक लेकर जानकारी दी। सभी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर सुविधाएं देकर उन्हें निरोगी बनाने पर जोर दिया। नया सवेरा परियोजना के मेडिकल ऑफिसर वीके गौड ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच कराने एवं अपने बच्चों को समय से टीकाकरण करने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

## पंवार का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** मांकरोड़ा निवासी हडमतसिंह पंवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष बनने पर देवासी समाज की ओर से पंवार का स्वागत किया गया।

## राष्ट्र सेविका समिति का शक्ति वंदन पथ संचलन आज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आनक, पणव, त्रिभुज के साथ राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन मंगलवार को आयोजित होगा। जिला कार्यवाहिका चित्रलेखा जोशी ने बताया कि आयोजन से पूर्व घोष और कदमताल की तैयारी हो रही है। इस कार्य म में जोधपुर प्रांत की प्रांत प्रचारिका ऋतु दीदी का उदबोधन होगा। जोशी ने बताया कि मंगलवार को रामझरोखा मैदान में सभी बहने शाम को 4 बजे एकत्रित होगी उसके बाद ऋतु दीदी का उदबोधन होगा। उन्होंने बताया कि शाम 5.30 बजे पथ संचलन प्रारम्भ होगा।

## हर पेड़, हर घर गौरेया हाउस का आगाज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** वेरा रामपुरा में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन की ओर से गौरेया आओ ना के तहत परिंडा व गौरेया हाउस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुमावत ने वेरारामपुरा गांव वासियों को गौरेया



पक्षी की जानकारी दी। वेरारामपुरा, कोरटा गांव में रामनवमी के अवसर 21परिंडे वितरण किए। इस वर्ष प्रथम चरण में आमजन को प्रेरित कर 501परिंडे गौरेया हाउस वितरण कर चुके हैं सुंधा माता नवयुवक मंडल वेरारामपुरा चेलाराम कुमावत, वरदाराम कुमावत, देशाराम, ताराराम कुमावत को गौरेया संरक्षण की पहल को अनुठी बताया। दिनेश कुमावत धनापुरा, राकेश कुमार, दिनेश कुमार वेरारामपुरा, कांतिलाल कुमावत, मनीष कुमार, रूद्रराज कुमावत उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने कहा सितम्बर माह तक गुणवत्तापूर्ण करें बत्तीसा बांध का कार्य

### » जिला कलक्टर ने किया बत्तीसा बांध परियोजना का निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने सोमवार को बत्तीसा बांध परियोजना में निर्मित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि फर्म का कार्य 15 अप्रेल 2025 तक ही पूरा करना था। लेकिन, कार्य प्रगति बहुत धीमी चल रही है। जिसको लेकर जिला कलक्टर ने आगामी सितम्बर 2025 तक कार्य को गुणवत्तापूर्ण करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि परियोजना से जुड़े गांवों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था हो सके। उन्होंने इस दौरान बत्तीसा बांध का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों से बांध के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं से जुड़े निर्देश दिए।





निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता परियोजना खंड, कनिष्ठ अभियंता सिंचाई विभाग एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सती धाम के लिए रवाना हुआ पैदल संघ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राज पुरोहित मेथाना परिवार डेरना से पैदल संघ मां सती धाम के लिए रवाना हुआ। परिवार के सभी जन शामिल हुए। मार्ल्यापण व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। पूजा अर्चना कर प्रसादी व भोजन करवाया गया। इस दौरान लाभार्थी दिनेश कुमार, चिमन, बादूराम, हंसाराम, जवारिंग, रामलाल, निरंजन आदि मौजूद थे।

## जिलास्तरीय एसआईटी कमेटी की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सिरोही।** खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति का गठन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरूद्ध प्रभावी रोकथाम के लिए गठित कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास अवैध खनन के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के संबंध में तथा रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। बैठक में सदस्य सचिव खनिज अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 258 प्रकरण बनाए जाकर 359.19 लाख का जुर्माना वसूला गया। इनमें खान विभाग द्वारा 194, वन विभाग द्वारा 36 एवं परिवहन विभाग द्वारा 28 प्रकरण सम्मिलित है। डीसीएफ मृदूलासिंह, एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, एएसपी प्रभुदयाल धानिया, एसडीएम हरिसिंह देवल, डीएसपी मुकेश चौधरी, डीटीओ सुजानाराम आदि मौजूद थे।

## निगरानी समिति की बैठक कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला परिषद के सभा भवन में बुधवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जन सुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक लोक सेवाएं हरिसिंह देवल ने बताया कि अप्रेल माह के द्वितीय गुरूवार को राजकीय अवकाश होने के कारण बुधवार को उपखंड स्तरीय सवेरे दस बजे तथा तृतीय गुरूवार 17 अप्रेल को जिलास्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में सवेरे 11 बजे अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाऐंगे।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने किया सीएमएचओ, डीटीओ एवं एएनएम का समान

### » स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य को किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जयपुर के झालना डूंगरी के सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही जिले में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी, डीटीओ डॉ विवेक जोशी एवं खंड पिंडवाड़ा के उपस्वास्थ्य केन्द्र वासा की एएनएम श्रीमती सरिता डिडेल को प्रशंसित पत्र देकर सम्मानित किया।



## शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** विप्र समाज द्वारा रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अमित जोशी, दिलीप शर्मा, हरिओम शर्मा, सत्नारायण शर्मा, सुमित जोशी, अनिल जोशी, पंडित रामअवतार शर्मा, हरिप्रसाद शर्मा, सुधीर जोशी,समेत बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे।

## महाआरती कर लिया आशीर्वाद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रामनवमी पर भारत विकास परिषद द्वारा महाआरती की गई। 151 दीपक, मशाल के साथ आरती की गई। पुष्प वर्षा की गई। परिषद के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, सचिव अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील गोयल, मधुसूदन सर्राफ, अजय जैन, मुकेश, संजय, प्रेम प्रकाश गौतम, अरुण, सुरेश मित्तल, दिनेश गोयल, मुकेश, श्याम, नितिन, आशीष, दुर्गा भाई, अजय गुप्ता व महिला सदस्य मौजूद थे।

## 48 हजार मेडिटेशन कार्यक्रम कर बनाया कीर्तिमान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** शांतिवन में चल रही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सोमवार को संस्थान की सालभर की सेवाओं की रिपोर्ट पेश की गई। संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 में भारतभर में 48,863 कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिरिक्त महासचिव बीके डॉ. मृत्युंजय भाई ने बताया कि बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को देश-विदेश में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। साथ ही 21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी व राजयोगिनी बीके जयंती दीदी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी, अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई ने सेवा रिपोर्ट सेवांजली का विमोचन किया। नवंबर माह में पूरे गुजरात में एक साथ ब्रह्माकुमारीज़ के 500 सेवाकेंद्रों और पांच हजार पाठशालाओं से एक ही समय पर शांति यात्रा निकाली जाएगी। बीके सुप्रिया बहन ने बताया कि शिक्षा प्रभाग द्वारा इस वर्ष बच्चों के लिए लीडरशिप विथ इनिटिटिव अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया जाएगा। बीके भानू भाई व बीके सचिन भाई ने बताया कि 7वीं दादी प्रकाशमणि माउंट आबू इंटरनेशनल हाफ मैराथन आयोजित की जाएगी।

## फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रेरणा से छात्रों ने दी प्रस्तुतियां



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव कॉलेज कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। यह दिन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का माध्यम बना, बल्कि सेवा और सांस्कृतिक विविधताओं का भी सजीव उदाहरण रहा। शुभारंभ विवि के अनुशासन डॉ. राजकुमार ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया। उन्होंने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल सॉल्वैगेल का प्रतीक नहीं, बल्कि दान और सेवा भावना की प्रतिमूर्ति थी। हमारी युवा पीढ़ी को उनकी प्रेरणा लेकर समाज को बेहतर बनाने में भूमिका निभानी चाहिए। नर्सिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. इसे पेशेवर से बर्बरता एक प्रदर्शन कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की




भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान होती है। कॉलेज के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति गंभीर संदेश भी दिया। स्ट्रेटेजी डॉ. भावेश कुमावत, होम्योपैथिक एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज के निदेशक डॉ. भारती दासी, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वैद्य पुजारी, वैद्य अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार वी परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश सक्सेना, रिजवाना बानो, महिपाल रोहिन,



सपना जांगिड़, रमेश कुमार और डिंपल, आशीष, मिलन, जयवर्धन, नीतु, अख्तर सहित अन्य छात्र- साझीदार मौजूद रहे। मंच का संचालन प्लाई डेजी और मोइन अशरफी ने किया।

## बालिकाओं का किया पूजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** रामनवमी व चैत्र नवरात्रि को लेकर लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर की ओर से आर्य कन्या गुरुकुल शिवगंज में एक भव्य कन्या पूजन एवं स्नेह भोज का आयोजन किया गया। बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया। गुरुकुल परिसर में स्थित गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर गौ सेवा की गई। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। बालिकाओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन पंकज कुमार अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, संस्कार एरिया कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि शर्मा, अनिल जैन, संगीता जैन, योगेश पटवा, योगेश अग्रवाल, मुकेश परमार, अरुण जयना, अमित शर्मा, लिकेश जैन, डॉ. जितेंद्र गोयल, सुमेरपुर-जवाई क्लब के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव मितेश गोयल, कोषाध्यक्ष लायन जोधराज देवड़ा, लायन राकेश अग्रवाल, इशिता अग्रवाल, लविश अग्रवाल, ऋचा बंसल, अक्षिता बंसल, गुरुकुल की प्राचार्या सूर्यादेवी चतुर्वेदा, ब्रह्मचारिणी वेदवती आर्या, सुनीति आर्या, प्रियंका आर्या, मनीषा आर्या तथा नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बेजुबानों का हलक तर, लगाए जलपात्र




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पशु पक्षी पानी के अभाव में दम नहीं तोड़ें, इसको लेकर रविवार को एनिमल हेल्प रेस्क्यू टीम संस्थान की ओर से जगह-जगह पानी की कुड़ी लगाई। संस्थान के महीपाल रावल ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते रविवार को अभियान के तहत शहर के कई इलाकों में पानी की लगाने के साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जा रहा है। साहिल सोनी, हर्षित गहलोत, आकाश सोनी, राजू माली, राहुल परमार, राजू बोराणा, यशवंत मीणा, रुद्र नानावटी, मीत सोनी, चिरंजीवी आदि मौजूद थे।

## मां चामुंडा के दर्शनार्थ पैदल संघ रवाना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** आदर्श गांव से वीरवाड़ा स्थित मां चामुंडा धाम के दर्शनार्थ पैदल संघ सोमवार को रवाना हुआ। रावल ब्राह्मण गैवाल युवा बंधु रतनराज के नेतृत्व में आदर्श गांव से पैदल संघ रवाना हुआ। युवक, युवतियों तथा महिलाओं ने भी भाग लिया। ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम, पुखराज कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे। जितेंद्र, चंद्रकांत, हितेश, कुणाल, निकेश, सरवन, अश्विन, विपुल, दिनेश भाई, टेकाराम, पुखराज, ललूराम आदि मौजूद थे।

## ग्राम सभा में सीएम जल स्वावलंबन अभियान की डीपीआर का अनुमोदन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** नया सानवाड़ा ग्राम पंचायत में सोमवार को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत परियोजनाओं की डीपीआर के अनुमोदन की प्र िया को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता प्रशासक अलका रावल ने की। ग्राम विकास अधिकारी नैनाराम लोहार ने ग्राम सभा में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत परियोजनाओं का एजेंडा रखा। वीडीओ ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य गांवों को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। ग्राम सभा में ग्रामीणों को बताया गया कि बहते पानी को चलना। इसके लिए विभिन्न प्रकार की संरचना यथा ट्रेनचए नाडी खुदाई एएनिकट निर्माण चैकडैम आदि बनाना। नया सानवाड़ा, वीरोली, जूना सानवाड़ा, खड़ी गेगरवा में जल स्वावलंबन अभियान को लेकर डीपीआर का अनुमोदन किया गया। बैठक में वार्ड पंच लीला मेघवाल, पटवारी मनीषा देवड़ा, जलदाय विभाग से चेतनासिंह राव, कृषि विभाग से श्यामा बिहारी, वन विभाग से सवाईसिंह, रिडमलसिंह, जगदीश प्रसाद, एएनएम सौम्या टी, गोदावरी रावल, ललिता, ममता, मनोहरसिंह राणावत, अमृत हिरागर आदि मौजूद थे।

## महापुरुषों की मनाई जाएगी जयंती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गांधीपार्क में सोमवार शाम को फुले, शाहू एवं अंबेडकरवादी सम वैचारिक संगठन की बैठक आयोजित की गई । जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया की 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्या अर्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता प्रकट करेंगे। कच्ची बस्ती में फल वितरण किए जाऐंगे। इसके बाद अम्बेडकर के जीवनी पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार शाम को गांधीपार्क में बैठक आयोजित की जाएगी। एमएल मारू, संदीप सूर्याल,तोलाराम फासरिया, खेताराम, भीमाराम, चुन्नीलाल, मंछाराम आदि मौजूद थे।

# चेन्नई और पंजाब को जीत की तलाश

## दोनों टीमों में देखने को मिलेगा जोरदार मुकाबला



**नई दिल्ली।** आईपीएल में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। यह मुकाबला पंजाब के होम ग्राउंड मुल्लांपुर में खेला जाएगा। तीन मैच हारकर आ रही चेन्नई के सामने कई चुनौतियां होंगी। इसमें सबसे बड़ी चुनौती होगी एमएस धोनी की फॉर्म को लेकर बना हुआ है। दुनिया के बेस्ट फिनिशर्स में शुमार रहे धोनी इस सीजन अपने रंग में नहीं हैं। वह डेथ ओवर्स में बड़े शॉट्स खेलने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इससे चेन्नई सुपर किंग्स का संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। बता दें कि सीएसके ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक 30 मुकाबले हुए हैं, जिनमें सीएसके ने 16 और पीबीकेएस ने 14 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो चेन्नई सुपर किंग्स का हाईएस्ट स्कोर 240 और पंजाब का 231 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं अगर लोएस्ट स्कोर की बात की जाए, तो सीएसके का 120 और पीबीकेएस का 92 रहा है।

### खत्म होता ब्रांड धोनी का मैजिक

अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था लेकिन अब यह 'येलो ब्रिगेड' के लिए अभिशाप बन रही है। अपना 18वां आईपीएल सत्र (विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा एकमात्र खिलाड़ी) खेल रहे धोनी का तेज हालांकि ऐसा है कि टीम में शायद कोई भी उनके पास जाकर उन्हें आईना नहीं दिखा सकता। 'ब्रांड धोनी' अब भी सुपरकिंग्स के प्रशंसकों के दिलों पर राज करते हैं और जब वे मैदान पर उतरते हैं तो उनके नाम के नारे लगते हैं। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच निश्चित रूप से उनके समर्थकों के लिए आंख खोलने वाला था। टीम में उनके 'प्यारे थाला' से कहीं अधिक चीजें हैं।

### विरोधियों ने निकाल लिया तोड़

सीएसके के सामने विरोधी अब पहले बल्लेबाजी करने और किसी तरह 180 से अधिक का स्कोर बनाने की उम्मीद करते हैं। वजह, उन्हें पता है कि शिवम दुबे के रन नहीं बनाने की स्थिति में सुपरकिंग्स के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना कठिन होगा। दुबे आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं लेकिन उनकी सफलता की दर 50 प्रतिशत मानी जाती है। धोनी की महानता यह रही है कि वह समय का पूरा ध्यान रखते हैं, चाहे वह कप्तानी से विदाई लेना हो या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास। क्या वह एक बार फिर खुद फैसला करेंगे या किसी के इशारे का इंतजार करेंगे?



### टीम इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़, महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

### चहल बनेंगे तुरुप का इक्का

धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स मुश्किल स्थिति में है क्योंकि उसका शीर्ष क्रम लय में नहीं है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की भूमिका छोड़नी पड़ी है। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के सुपरकिंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है क्योंकि अपने पूर्व भारतीय कप्तान के खिलाफ उनका पलड़ा भारी रहा है। विभिन्न आईपीएल मैच में चहल और धोनी 10 मौकों पर आमने-सामने आए हैं और हरियाणा के लेग स्पिनर ने उन्हें पांच बार आउट किया है। इसके अलावा पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और निहाल वढेरा भी अच्छी फॉर्म में हैं।

# फर्स्ट टाइम कैप्टन का जलवा

## आईपीएल में दिग्गज टीमों की हवा टाइट, पॉइंट्स टेबल रोचक

**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में इस बार फर्स्ट टाइम कैप्टन का जलवा देखने को मिल रहा है, जबकि दिग्गज टीमों की हालत उतनी अच्छी नहीं दिख रही है। जितनी होनी चाहिए। कप्तानी में सबसे ज्यादा कमाल दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नए कप्तान अक्षर पटेल कर रहे हैं। अक्षर के अंडर दिल्ली की टीम अब तक अजेय हैं और उसने लगातार तीन मैच जीते हैं। दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी), सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पराजित किया। सीएसके के खिलाफ तो दिल्ली की जीत काफी खास रही। 15 साल बाद चेपॉक में दिल्ली ने सीएसके पर जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स अंकतालिका में पहले नंबर पर है।**



- मुंबई इंडियंस (एमआई), चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स (RR) ने पुराने कैप्टन पर ही भरोसा जताया। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन खराब रहा है। ये तीनों टीमें मिलकर 11 आईपीएल खिताब जीत चुकी हैं, लेकिन मौजूदा सीजन में आखिरी से तीन स्थान पर हैं। गुजरात और राजस्थान अंकतालिका में गुजरात दूसरे और राजस्थान सातवें नंबर पर है।
- आईपीएल की अंकतालिका में कोलकाता, पंजाब , आरसीबी, राजस्थान और लखनऊ के एक समान 4-4 अंक हैं। जबकि दो टीमों दिल्ली और गुजरात के 6-6 पॉइंट्स हैं। उधर मुंबई, चेन्नई और सनराइजर्स हैदराबाद के दो-दो अंक हैं। ऐसे में नेट-रनरेट के आधार पर ये टीमें एक-दूसरे से आगे या पीछे हैं।
- आरसीबी के न्यू कैप्टन रजत पाटीदार की कप्तानी भी अब तक बेहतरीन रही है। अब तक आरसीबी ने तीन में से दो मैच जीते हैं। देखा जाए तो 2008 के बाद पहली बार सीएसके को आरसीबी के खिलाफ अपने घर में हार झेलनी पड़ी। सीएसके के बाद आरसीबी ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) का सामना किया, हालांकि वो मुकाबला आरसीबी हार गई। आरसीबी की टीम अंकतालिका में तीसरे नंबर पर है।
- लखनऊ, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने भी नए कप्तान पर दांव लगाया। लखनऊ ने ऋषभ पंत, केकेआर ने अजिंक्य रहाणे और पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी। इनकी कप्तानी भी शानदार रही है। पंजाब चौथे, कोलकाता पांचवें और लखनऊ सुपर जायंट्स छठे नंबर पर है। ये अलग बात है कि पंत, रहाणे और श्रेयस को पहले से ही आईपीएल में कप्तानी का अनुभव रहा है।

# नासिर हुसैन की दो साल बाद वापसी


**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन ने दो साल के बैन के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी की है, जिसके बाद वो ढाका प्रीमियर डिवीजन लीग मैच में रूपगंज टाइगर्स क्रिकेट क्लब के लिए खेलते नजर आएंगे। 33 साल के हुसैन को सितंबर 2023 में आईसीसी के भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के लिए छह महीने के निलंबन के साथ बैन कर दिया गया था। हुसैन ने 2011 से 2018 के बीच सभी फॉर्मेट में 115 इंटरनेशनल मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने प्रेस रिलीज में बताया है कि 7 अप्रैल 2025 से उनका आधिकारिक क्रिकेट में खेलने का मार्ग खुल गया है। बोर्ड ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'प्रतिबंध की शर्तों के अनुसार, नासिर हुसैन ने अब अनिवार्य भ्रष्टाचार विरोधी शिक्षा सेशन को पूरा करने सहित सभी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।'



# 5 खिलाड़ियों पर जुर्माना

## आईपीएल से एक प्लेयर को लौटना पड़ा घर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के मुकाबले जारी है। लेकिन, उसी के साथ खिलाड़ियों पर जुर्माने के लगने का सिलसिला भी जारी है। अब तक कुल 5 खिलाड़ियों पर आईपीएल 2025 में जुर्माना लग चुका है। वहीं एक खिलाड़ी घर लौटा है। ये सब 9 दिनों में हुआ है, जिसकी हम बात करने जा रहा हैं।आईपीएल 2025 में जुर्माना लगने के सिलसिले की शुरुआत 30 मार्च से शुरू हुई। वहीं 7 अप्रैल तक आते-आते उसमें गजब का इजाफा देखने को मिला।



### ▸▸ हार्दिक पंड्या

- बैन के बाद 30 मार्च को हार्दिक पंड्या ने मुंबई की कमान संभाली थी। दोबारा गलती के चलते फिर से हार्दिक पर जुर्माना लगता दिखा।

### ▸▸ रियान पराग

- 31 मार्च को रियान पराग पर जुर्माना लगा, जो संजू सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे थे।

### ▸▸ दिग्वेश राठी

- 2 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी को अपने नोटबुक सेलिब्रेशन की कीमत चुकानी पड़ी।

### ▸▸ ऋषभ पंत

- 5 अप्रैल को मुंबई के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर स्लो ओवर रेट को लेकर जुर्माना लगाया गया।

### ▸▸ ईशांत शर्मा

- 7 अप्रैल को 5वें खिलाड़ी पर जुर्माना लगाया गया। ईशांत शर्मा लेवल वन के दोषी पाए गए। उनकी फीस में 25 फीसद कटौती की।

# म नो रं ज न

# सुहाना की मां बनेंगी दीपिका

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण जब भी स्क्रीन पर साथ आए हैं उनकी कैमिस्ट्री को हमेशा सराहा गया है। अब एक बार फिर ये जोड़ी स्क्रीन पर साथ नजर आने वाली है। ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस, पठान और जवान के बाद ये जोड़ी एक बार फिर साथ आने वाली है। इस बार ये दोनों साथ आएंगे सिद्धार्थ आनंद की आने वाली एक्शन फिल्म किंग में। खबर है कि दीपिका किंग में एक एक्सटेंडेड कैमियो करने वाली हैं। एक्ट्रेस का किरदार इस तरह बुना गया है जो इस कहानी में इमोशनल और ड्रामैटिक एलिमेंट जोड़ेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि दीपिका फिल्म में सुहाना खान की मां का रोल करने वाली हैं। फिल्म से जुड़े सोर्स ने बताया, दीपिका का किरदार इस प्लॉट का काफी मजबूत हिस्सा है। कहा जा रहा है कि शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद दोनों ही इस किरदार में दीपिका पादुकोण को कास्ट करना चाहते थे। दीपिका ने भी फुल फ्लेज रोल ना होते हुए भी बड़ी खुशी से इस रोल को एक्सेप्ट कर लिया। दीपिका का किरदार कहानी में एक इमोशनल परत जोड़ेगा। किंग, शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की एक साथ छठी फिल्म होगी। इनका ऑन स्क्रीन बॉन्ड हर फिल्म के साथ और बेहतर हुआ है। इस जोड़ी को लेकर एक और अपडेट ये है कि ये दोनों वाईआरएफ की पठान-2 के लिए भी साथ आने वाले हैं। पहले ही पठान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा चुकी है और अब पठान-2 में तो आप सोच ही सकते हैं कि एक्शन से लेकर रोमांच तक सब डबल ही होगा।





# श्रीलीला से बदतमीजी : कार्तिक आर्यन पर भड़के लोग

श्रीलीला साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं जो अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली हिंदी फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ शूट कर रही हैं। हाल ही में, फिल्म की शूटिंग के बीच अदाकारा के साथ कुछ ऐसा हुआ जिसे देख लोग सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। दरअसल, कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपकमिंग रोमांटिक फिल्म में पहली बार एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग गंगटोक और दार्जिलिंग में हो रही है। हाल ही में, दोनों दार्जिलिंग में अपना शेड्यूल शूट करते हुए दिखे। उनका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसके बाद कार्तिक भी ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं। पापा पैपराजी नाम के इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया गया है। क्लिप में कार्तिक और श्रीलीला फिल्म की टीम के साथ एक भीड़ से गुजरते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में आगे दिखाया गया कि कैसे जब कार्तिक और श्रीलीला चल रहे थे, तभी भीड़ में से एक शख्स ने एक्ट्रेस को खींच लिया। टीम ने उन्हें भीड़ से छुड़वाया और सही सलामत वहां से निकाला।



# ताहिरा कश्यप को फिर ब्रेस्ट कैंसर

आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप को एक बार फिर से ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्ट हुआ है। उन्होंने एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। साल 2018 में ताहिरा को स्टेज जीरो ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। इलाज के बाद वह ठीक हो गई थीं। ताहिरा ने लोगों से अपील की है कि वे रेग्युलर मैमोग्राफी करवाते रहें। लोग उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। ताहिरा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है, थोड़ी सी परेशान या रेग्युलर स्क्रीनिंग की ताकत- यह सिर्फ एक सोच है, मैंने दूसरा ऑप्शन चुना था और सबको यही सलाह दूंगी जिन्हें रेग्युलर मैमोग्रैम्स की जरूरत है। मेरे लिए राउंड 2 मुझे फिर से यह हो गया। ताहिरा ने कैप्शन में लिखा है कि यह कहने में झिझक नहीं है कि फिर से ब्रेस्ट कैंसर है। साथ ही उम्मीद जताई कि वह इस बार भी इसे हराने में अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। कमेंट सेक्शन में लोग ताहिरा को हौसला दे रहे हैं।



# प्रेग्नेंसी में दमका कियारा का चेहरा



कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। फैंस इस गुड न्यूज को सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वही जल्द ही कियारा आडवाणी वॉर-2 में भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में कियारा ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। हाल ही में कियारा आडवाणी ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका प्रेग्नेंसी ग्लो साफ नजर आ रहा हैं। इस फोटो को देखने के बाद सभी कियारा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मॉम टू बी कियारा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की है,जिसमें उनका चेहरा चांद सा चमक रहा है। फैंस इस तस्वीर को काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कियारा आडवाणी ने 'पोस्ट पैक अप' शूट की तस्वीरें बताई। अब ये फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। होने वाली मम्मी कियारा आडवाणी ने इस फोटो में कॉटन वाइट शर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा प्यारी लग रही है। वहीं एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप भी किया है। लुक को पूरा करने के लिए कियारा ने बाल खुले रखे हैं। कियारा आडवाणी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें एक्ट्रेस का बेबी बंप नजर नहीं आ रहा है। इस फोटो में आप देख भी सकते हैं कि कियारा ने अपने पेट के उपर पोज देते हुए हाथ रख लिया है। 28 फरवरी को कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर फैंस को दी थी। इस खबर को सुनने के बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। इस खबर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा था-"हमारे जीवन का सबसे बड़ा उपहार। जल्द ही आ रहा है" कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 7 फरवरी 2023 को शादी रचाई थी।

# मानसी घोष बनीं 'इंडियन आइडल' 15 की विजेता

'इंडियन आइडल' 15 का 6 अप्रैल 2025 को ग्रैंड फिनाले हुआ। इसमें टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में स्नेहा शंकर के अलावा सुभजीत चक्रवर्ती, अनिरुद्ध सुस्वरम, प्रियांशु दत्ता, मानसी घोष और चैतन्य देवधे शामिल रहे। मानसी घोष ने 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही 15 लाख रुपये की प्राइस मनी भी जीती। बादशाह, श्रेया घोषाल और विशाल डडलानी ने जज किया है। वहीं, आदित्य नारायण ने इसे होस्ट किया है। पहले इस शो का फिनाले 30 मार्च को होने वाला था, लेकिन बाद में इसकी डेट को बदल दिया गया। तारीख बदलकर एक हफ्ते आगे कर दी गई।



### कौन हैं मानसी घोष?

मानसी घोष, ट्रॉफी जीतकर बेहद खुश हैं। पश्चिम बंगाल की रहने वाली मानसी 24 साल की हैं सुरों से दिल जीतने वाली मानसी अपनी एनर्जेटिक और सोलफुल परफॉर्मेंस के लिए मशहूर हैं। दर्शक इनकी आवाज को बेहद पसंद करते आए हैं। इस बार फिनाले पर गेस्ट के रूप में मीका सिंह, शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन शामिल रहे। स्टेज पर 90 के दशक का माहौल देखने को मिला। कंटेस्टेंट्स ने खूब सारा धमाल और मस्ती भी की। 'इंडियन आइडल' एक सिंगिंग रियलिटी शो है जिसके 15 सीजन आ चुके हैं। ये टीवी के सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता आया है।

अनूठी पहलः परिंदों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत

## पर्यावरण व पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण परिंडा अभियानः कलक्टर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अभिनव पहल के तहत सोमवार को रोहट के चेंडा में जिला स्तरीय परिंडा अभियान का आगाज जिला कलक्टर ने परिंडा लगाकर किया। कार्यक्रम साध्वी भगवती बाई एवं संस्था के निदेशक रघुनाथ राखी के सानिध्य में भगवान राजेश्वर आजंणी माता गुरूकुल नया चेण्डा में आयोजित हुआ। समारोह को जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये परिन्दों का होना नितान्त आवश्यक है एवं परिन्दों का सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए इन गर्मियों के दिनों में परिण्डे लगाकर हम उन्हें प्यासे रहने से बचा सकते है। इससे बड़ा पुण्य कोई हो नहीं हो सकता। इस परिण्डा अभियान का शुभारम्भ भगवान राजेश्वर एवं आंजनी माता गुरूकुल की पुण्यधरा से शुभारम्भ करना अति गौरव की बात हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की ओर से मां सरस्वती एवं भगवान राजेश्वर को दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना की ओर से किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का माला, दुपटा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर बहुमान किया गया। कार्य म के प्रारम्भ में संस्था के प्रोफेसर महेन्द्रसिंह ने आये हुए अतिथियों का अपने उदबोधन द्वारा अपने स्वागत एवं गुरूकुल संस्था का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। सहायक निदेशक सोहनलाल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्य म के साथ-साथ पाली जिले के 8 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय 260, ग्राम पंचायत स्तर पर पीईईओ के द्वारा एवं 474 गांवों में संस्था प्रधान के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर 25000 परिण्डो का वितरण का परिण्डे अभियान के प्रथम चरण में लगाए गए। राजेश्वर आजंणी माता गुरूकुल नया चेण्डा की ओर से 1200 परिण्डों का वितरण एवं रोहट के 83 गांवों में परिण्डा अभियान की जन जागरूकता फैलाने के लिए अतिथियों द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही गुरूकुल की बालिकाओं ने मनमोहक रंगारंग सास्कृतिक कार्य म प्रस्तुत किए। रोहट क्षेत्र में परिण्डा अभियान में सहयोग करने वाले दिलीप सिंह चारण एवं दिलीप सिंह संदर्भ व्यक्ति का संस्था द्वारा सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक पाली चुनाराम जाट एवं अतिथि के रूप में मोहनी देवी प्रधान पाली एवं रोहट प्रधान सुनिता कंवर, उपखण्ड अधिकारी पुरण प्रकाश स्वामी रोहट एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा चन्द्रप्रकाश जायसवाल कार्य म में, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशन सिंह राजपुरोहित सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी, पीईईओ हरीश चौधरी ,सरपंच भगाराम पटेल जिला परिषद सदस्य हरिश चौधरी एवं ईश्वर सिंह महंत पदमाराम जी संत आदि मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन श्रीमती श्रद्धा पंचाल एवं गणपतलाल पन्नु ने किया।





**सादड़ी।** जिला कलेक्टर पाली की पहल पर परिंडा अभियान का सादड़ी में शुभारंभ भाजपा नेता नरेश ओझा व शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने किया। परिंडा अभियान प्रभारी गाईडर सरस्वती पालीवाल ने बताया कि गर्मियों के दिनों में पक्षियों के लिए पेयजल,दाना चुग्गा की व्यवस्था करने के लिए भामाशाहों को प्रेरित कर परिंडे लगाने का अभियान शुरू किया गया है। सादड़ी में भी 1000 से अधिक परिंडे लगाने है। इस पवित्र अभियान की शुरुआत भाजपा नेता नरेश ओझा ने पीएम श्री धनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी में अपने हाथ से परिंडा लगा कर की।इस अवसर पर ओझा ने कहा कि जीव दया हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है, हमें जीवदया की इस पहल को आम जन तक ले जाना है। उन्होंने इस पहल को अनुकरणीय व अभिनंदनीय बताया तथा भामाशाहों से सहयोग का विश्वास दिलाया। इससे पहले प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने ओझा व समाजसेवी भीमा राम चौधरी का साफा माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने बताया कि आज राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बारली सादड़ी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौखाजी बस्ती, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भागी बावड़ी समेत समस्त सरकारी गैर-सरकारी विद्यालयों में परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। अंबेडकर नगर में पूर्व आयुर्वेद राज्य मंत्री अचलाराम मेघवाल ने अपने हाथ से परिंडा लगा कर परिंडा अभियान में जनसहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली, प्रधानाध्यापक गौतम चंद पालीवाल समेत बस्तीवासी उपस्थित रहे।



### एसडीएम, सीबीइओ ने विद्यार्थियों के साथ लगाए परिंडे




**देसूरी।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की पहल पर पक्षियों को गर्मी में जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देसूरी ब्लॉक में परिंडे लगाने का अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का शुभारंभ उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ सांदू एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बलाई ने पंचायत समिति परिसर एवं राउमावि देसूरी में परिंडे लगाकर किया। जिला स्तर से ब्लॉक देसूरी के समस्त पीइइओ व यूसीइइओ अधीनस्थ विद्यालयों को 700 मिट्टी के परिंडे उपलब्ध कराए गए। साथ ही माली युवा संघ मुंबई की ओर से डूंगाराम लच्छाजी माली एवं कालूराम गोयल के नेतृत्व में 700 प्लास्टिक के परिंडे भी वितरित किए गए। इन सभी परिंडों को सैकड़ों स्थानों पर स्थापित कर उनमें शीतल जल भरा गया। अभियान से पूर्व सभी संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। बच्चों में इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा गया और वे परिंडे लगाते हुए बेहद प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंगलाराम, राउमावि देसूरी के प्रधानाचार्य जगदीश चौधरी, व्याख्याता राजश्री जांगीड़, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के विक्रम कुमार मीणा, आर.पी. रघुवीर सिंह, वरिष्ठ सहायक मदनलाल माली, मोहनलाल मेघवाल, शिक्षक हेमन्त कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**बाली।** बाली में पक्षियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री के नेतृत्व में परिंदों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत 7 अप्रेल को की गई। यह कार्यक्रम बाली ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट बालियान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा, सी.आई. परबत सिंह, सीबीईओ राजेन्द्र सिंह सान्दू और सरपंच प्रतिनिधि सांकलाराम देवासी सहित कई भामाशाह मौजूद रहे। इस अभियान के तहत बाली उपखंड के सभी गांवों और ढाणियों में पक्षियों के लिए 1100 परिंडे लगाए गए हैं। उपखंड अधिकारी (कार्यवाहक) जितेन्द्र सिंह ने बताया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इस पहल से प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर एक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। यह पहल गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने में मददगार साबित होगी। पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खुडला में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार नगरपालिका अध्यक्ष ललिता शाह की अध्यक्षता में परिंडे लगाए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर करें एक नई शुरुआत पक्षियों को बचाए एक परिंडा हम सभी मिलकर लगाए गो वंश के साथ साथ मूक पशु पक्षियों के लिए पानीं की पीड़ा को दूर करने के लिए हमें एक परिंडा ज़रूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था प्रधान दलपत राज चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रमेश शाह, समाज सेवी अमित मेहता, पार्षद श्रीपालसिंह, रोडवेज से सेवानिवृत जसवंतसिंह देवड़ा, गोविन्द सिंह सांदू,भंवर परिहार, हितेंद्र सुथार, कलाराम सोलंकी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।







**नारलाई ।** कस्बे में सोमवार को महात्मा गांधी रा उ पा में पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभुदास वैष्णव, प्राध्यापक गुलाब सिंह राणावत,एस एम सी अध्यक्ष ढलाराम सरगरा, द्वारा पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंडा लगाया गया। परिंदे में दाना पानी डालने की जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षक एवम् छात्र छात्राओं ने ली है। इस अवसर रविन्द्र कटारिया, नरपत राम,हरदीप सिंह, सुनिता, बीना, विमला कुमारी, तसबिन बानू सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## तारबंदी योजनाः किसानों को दी बड़ी राहत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** निराश्रित मवेशियों व जंगली जानवरों से फसल बचाव के लिए सरकार की ओर से संचालित तारबंदी योजना सरकार में ने किसानों को बड़ी राहत दी है। कृषि विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए खेतों पर तारबंदी को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत अब जिस किसान के पास 0.5 हैक्टेयर जमीन है, वो भी योजना में पात्र होगा। यानि खेतों में तारबंदी के लिए ऐसे किसानों को भी सरकार अनुदान देगी। योजना के तहत आवेदन प्र ि या शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि खेतों के आसपास भटकते निराश्रित मवेशी खेतों में घुसकर लहलहाती फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। वन क्षेत्र से सटे खेतों में किसान वन्यजीवों के आतंक से अधिक परेशान रहते हैं। वन्यजीवों के समूह खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। मजबूरन किसानों को दिन-रात खेतों में फसलों की रखवाली करनी पड़ती है। ऐसे में सरकार किसानों को खेतों में फसल सुरक्षा के लिए तारबंदी करवाने पर अनुदान देती है। इच्छुक किसान आवेदन कर योजना का लाभउठा सकते हैं।

### चार सौ मीटर तक मिलेगी सब्सिडी

योजना में अधिकतम 400 मीटर तक तारबंदी के लिए ही सब्सिडी दी जाएगी। लागत से आधा हिस्सा सरकार वहन करेगी। इसमें व्यक्तिगत किसान के पास न्यूनतम 0.5 हेक्टेयर भूमि होने पर 400 रनिंग मीटर तक इकाई लागत का पचास प्रतिशत या अधिकतम 40 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। व्यक्तिगत लाभार्थी लघु व सीमांत श्रेणी में होने पर अधिकतम 400 रनिंग मीटर तक 60 प्रतिशत या अधिकतम 48 हजार रुपए अनुदान देय होगा।

### यह दस्तावेज आवश्यक है

अनुदान के लिए कृषक का जन आधार कार्ड होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ नवीनतम जमाबंदी की नकल छह माह से अधिक पुरानी न हो। जिन कृषकों के जन आधार पर लघु एवं सीमांत कृषक श्रेणी में पंजीयन हैं, उनको ही लघु एवं सीमांत कृषक मानते हुए अनुदान के लिए पात्र समझा जाएगा। तारबंदी के लिए कृषक जनदीकी ई-मित्र पर जाकर या स्वयं के स्तर पर राज किसान साथी पोर्टल पर जनाधार के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### इन्होंने कहा

कृषि विभाग ने वर्ष 2025 26 के लिए किसानों के खेतों में तारबंदी को लेकर किए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देश के तहत अब जिस किसान के पास 0.5 हैक्टेयर जमीन है, वो भी योजना में पात्र होगा। खेतों में तारबंदी के लिए ऐसे किसानों को भी सरकार अनुदान देगी। तारबंदी के लिए कृषक नजदीकी ई-मित्र पर जाकर अथवा स्वयं के स्तर पर राज किसान साथी पोर्टल पर जनाधार के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू है।

**शंकरलाल, कृषि सहायक निदेशक, बाली**

### यह रहेगी पात्रता

इस योजना का लाभ सभी श्रेणी के कृषकों को दिया जाएगा। व्यक्तिगत आवेदन में न्यूनतम 0.5 हेक्टेयर भूमि एक ही स्थान पर होना आवश्यक तारबंदी कार्य स्वयं के संसाधनों या बैंक ऋण सहायता से करने पर अनुदान देय होगा। योजना अंतर्गत निर्मित तारबंदी में किसी प्रकार का विद्युत करंट प्रवाहित नहीं किया जाएगा।

## पंद्रह नई ग्राम पंचायतों का किया गठन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। तहसील में 15 नई ग्राम पंचायतों का गठन किया गया है। इस फैसले से गांव और ढाणियों को नई ग्राम पंचायत मुख्यालय का दर्जा मिला है। नई घोषित ग्राम पंचायतों में माताजी का वाडा, दांतीवाड़ा, लालराई, सेला, सादडा, बरावल, उरना टीएसपी, पाटरिया की ढाणी टीएसपी, भागला खुणा टीएसपी, कोलवाड़ा टीएसपी, गोरधनपुरा, भारला, निचला गोरिया, सांभरवाड़ा और जूना बेड़ा शामिल हैं। इस नई व्यवस्था के बाद बाली तहसील में पंचायतों की कुल संख्या 47 से बढ़कर 62 हो जाएगी। एसडीएम बाली दिनेश विश्नोई के अनुसार, सभी पंचायतों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। ग्रामीण 6 मई तक इस संबंध में अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही पंचायतों का अंतिम गठन किया जाएगा।

## आहार-विहार, दिनचर्या व जीवन शैली स्वस्थ जीवन की कुंजी- माली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हम अपने आहार विहार दिनचर्या व जीवनशैली को व्यवस्थित करके स्वस्थ रह सकते हैं। उक्त विचार प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने स्थानीय पीएम श्री धनराज बदामिया राबाउमावि में स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। माली ने कहा कि रोगों के अभाव के साथ मन व आत्मा का प्रसन्न होना अच्छे स्वास्थ्य का लक्षण है। उन्होंने पानी खूब पीने, संतुलित भोजन करने, जंक फूड से बचने व नशा मुक्त जीवन जीने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्नेह लता गोस्वामी मधु गोस्वामी, कविता कंवर ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता सुशीला सोनी ने की। इससे पहले सरस्वती पालीवाल व रमेश सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में निबंध व चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मनीषा सोलंकी, बीएड प्रशिक्षु फरीन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने सम्मानित किया। इस अवसर पर रमेश कुमार वछेटा गजेन्द्र सिंह संजय कुमार समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन प्रकाश कुमार सिसोदिया ने किया। अंत में सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की शपथ दिलाई।

## चोरियों की वारदातें बढ़ी, फरियादी का आरोप रिपोर्ट नहीं लेती पुलिस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** कस्बे में रात्रि को अज्ञात चोरों ने तीन अलग-अलग कृषि कुओं से लोहे की तारबंदी, पानी मोटर की केबल व 8 बकरे-बकरियां एक बोलेरो केपंर में डालकर अज्ञात चोर साण्डेराव से फालना की ओर से लेकर भाग गए। चोरी की वारदात के बाद पीड़ित परिवार जब पुलिस थाने फ़रियाद लेकर जाते हैं तो पुलिस भी उनकी सुनवाई नहीं कर उल्टा उन्हें भला बुरा सुनाकर भगा दिया जाता है। भबूतसिह राजपुरोहित, शौतान सिंह राजपुरोहित साण्डेराव ने अलग-अलग पुलिस को रिपोर्ट पेश कर बताया कि भूत मगरी रोड पर नदी किनारे मेरा कृषि कुंआ है जहां से बीती रात अज्ञात चोरों ने दोनों कृषि कुओं से पानी की मोटर से बिजली कनेक्शन की केबल कार कर ले गए। वहीं हिराराम भील ने पुलिस को रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके कृषि कुएं से आठ बकरे व बकरियां एक अज्ञात बोलोरो केंपर चालाक अपनी केंपर में डालकर कर फालना की और लेकर भाग गया है।

### ऋषिकेश मंदिर में चोरी, पूजन सामग्री ले गए चोर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** ऋषिकेश्वर महादेव मंदिर में अज्ञात चोरों ने भीतर घुसकर पूजन सामग्री चुरा ले गए। पुलिस को दी रिपोर्ट में पुजारी मदनलाल रावल ने बताया कि पीतल की जलेरी, पूजा की आरती, आरती के टंकोरे, पूजा का धुपेरा, आरती के 108 दीप वाली, छोटे बड़े करीब 17 टंकोरे ,दो जलेरी दण्ड टंकोरे, शहत्र धारा, दान पेटी गायब था। अज्ञात चोर उक्त सामान चुरा ले गए। सभी सामान पीतल व ताम्बे का था। पुलिस ने जांच शुरु की है।



## पंचायत नहीं बनाने पर ग्रामीणों में भारी रोष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** अरावली पर्वत की टहलती में स्थित राजस्व गांव गुड़ा भोपसिंह के ग्रामीणों की ओर पिछले कई महीनों से नई पंचायत बनाने की मांग की जा रही थीं। जिसको लेकर जिला कलेक्टर से लगाकर अन्य अधिकारियों से ग्रामीणों की ओर मांग भी करने के बावजूद नई पंचायतों की प्रस्तावित सूची में गुड़ा भोपसिंह का नाम शामिल नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। गुड़ा भोपसिंह क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि जिले में सबसे पहले नई पंचायत बनाने की मांग गुड़ा भोपसिंह के आदिवासी लोगों ने उठाई थी। क्योंकि पंचायत मुख्यालय घाणेराव है जिसकी दूरी करीब 5 किमी है। जिसके कारण गुडा भोपसिंह क्षेत्र के लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के घाणेराव जाना पड़ता है। मगर सरपंच ओर ग्राम विकास अधिकारी के अभाव में लोगो के काम नही हो पाते थे। वही विकास कार्यो में भी भेदभाव हो रहा था। वही राज्य सरकार की ओर पंचायतों के पुर्नगठन करने आदेश के बाद सबसे पहले गुडा भोपसिंह क्षेत्र के लोगों ने मांग की थी। वही 7 फरवरी के जिला कलेक्टर के घाणेराव आने पर ग्रामीणों की ओर गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा देने की मांग की थी। क्योंकि आदिवासी क्षेत्र होने के कारण जनसंख्या ओर मापदण्ड के अनुसार गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिलने की उम्मीद थी। वही दूसरी तरफ़ घाणेराव के कुछ स्थानीय नेताओं भी इन पंचायत को विरोध करना शुरू कर दिया। और राजनीति दबाब बना शुरू कर दिया,जिसके कारण गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा नही मिल पाया।

## सीरवी समाज के धर्म गुरु का आगमन 18 को



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली में सीरवी समाज के धर्मगुरु माधवसिंह दिवान का आगमन 18 अप्रेल को होगा। पुराना सेवाड़ी रोड स्थित सोलंकी परिवार के यहां धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। धर्मगुरु दिवान और आईमाताजी की धर्म वैल रथ का भव्य बंधावा स्वागत किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर बेरा रेलिवाला सोलंकी परिवार के यहां समाज की आम बैठक संपन्न हुई। आयोजनकर्ता मोतीराम, कानाराम, गमनाराम, मानाराम और हरिराम सोलंकी ने समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी व जमादार कानाराम काग को कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में गृह प्रवेश, हवन, भजन संध्या और पूजा अर्चना का आयोजन होगा। धर्म गुरु और धर्म वैल रथ का परंपरागत तरीके से स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही धर्म सभा का आयोजन और महाप्रसादी का वितरण भी होगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर समाज के कोटवाल, जमादार, पंच, नवयुवक, जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने विस्तृत चर्चा की। यह जानकारी सीरवी समाज के मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने दी।

## वरिष्ठ व्याख्याता पद समाप्ति का विरोध, एडीएम को सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजस्थान शैक्षिक कर्मचारी संघ (रेसला) ने वरिष्ठ व्याख्याता लेवल-14 के पद को समाप्त करने के विरोध में आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रेसला ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वैष्णव के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर बाली शैलेन्द्र सिंह चारण से मिला। डॉ. वैष्णव ने बताया कि सरकार ने उप्राचार्य पदों को डाईंग घोषित कर वरिष्ठ व्याख्याता पद लेवल-14 में स्वीकृत किया था। संगठन सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान किशोर रावल, रामेश्वर राव, अशोक सोलंकी, जीवाराम, दिनेश बिश्नोई, मुजीबर्रहमान, राजेश भाटी, दिलीप मीणा और मुकेश कुमार सहित कई प्राध्यापक मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में चैत्र शुक्ला पूर्णिमा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव प पर विशाल शोभायात्रा एव धार्मिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। बड़ा हनुमान विकास संस्थान के उपाध्यक्ष पूनाराम घांची ने बताया कि शनिवार को गढी हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना कर ग्राम पंचायत भवन मुख्य बस स्टैंड से सुबह 9 बजे बैण्ड बाजो, देवझांकियों, 8 रथ,घोड़े, कच्छी घोड़ी, बिजली (जालोर) की प्रख्यात गेर की ओर से गेर नृत्य के साथ शोभायात्रा रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई मुख्य धाम बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचेगी। जहां पर धार्मिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमे किशोर राव एण्ड दुर्गा म्युजिकल ग्रुप के बेनर तले भजन गायक नरेश राव भीलवाड़ा, गायिका विमला राव के भजनों पर नृत्य कलाकार पूजा मेवाड़ी, ममता मेवाड़ी उदयपुर झांकी कलाकार प्रवीण बमणिया, हास्यकलाकार अर्जुन छेला सोजतसिटी की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस अवसर पर दर्शनार्थियों को सवा-सवा मण के 16 रोठ के प्रसाद के अलावा बूंदी प्रसाद वितरण किया जाएगा। जबकि मेले में नाजूबाई धर्मपत्नी स्व. घीसाराम ग्यावत, नाजूबाई धर्मपत्नी स्व.चुन्नीलाल घांची परिवार नाडोल की ओर से महाप्रसादी का आयोजन होगा। दिनभर मेला लगा रहेगा मेले मे हाट बाजार में दुकानें लगाने वालों के लिए स्थान की संस्थान द्वारा उचित व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री का दो दिवसीय दौरा

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर जिलों का करेंगे दौरा

## सरसों की एमएसपी पर खरीद का करेंगे शुभारम्भ

## बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों का लेंगे जायजा



» हनुमानगढ़ में भाखड़ा नहर क्षेत्र के किसानों के साथ करेंगे संवाद

» पंजाब में हरिके हेड तथा हरियाणा में लोहगढ़ हेड का भी लेंगे जायजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 8 एवं 9 अप्रेल को प्रदेश के हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर जिलों के दौरे पर रहेंगे। शर्मा इन जिलों में जल संसाधन एवं ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के साथ ही सरसों की एमएसपी पर खरीद का शुभारंभ एवं किसानों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री 8 अप्रेल को हनुमानगढ़ पहुंचेंगे। वहां लखूवाली हेड, घग्घर डायवर्जन चैनल व घग्घर नदी का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ने वित्त एवं विनियोग विधेयक 2025-26 पर चर्चा के दौरान घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में 325 करोड़ रूपये की लागत से बाढ़ सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करवाने की घोषणा की है। वे हनुमानगढ़ में भाखड़ा नहर क्षेत्र से संबंधित किसानों के साथ संवाद भी करेंगे।

मुख्यमंत्री 9 अप्रेल को श्रीगंगानगर जिले में नई धानमण्डी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का शुभारम्भ करेंगे एवं किसानों व व्यापारियों के साथ संवाद करेंगे। राज्य सरकार किसानों का जीवन स्तर बेहतर बनाने तथा उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। सरकार द्वारा गेंहू की एमएसपी पर प्रति क्विंटल 150 रूपये का अतिरिक्त बोनस देने के निर्णय के साथ ही खरीफ सीजन 2024 में दलहन और तिलहन फसलों की 4 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई है। रबी सीजन 2025-26 के लिए सरसों और चने की खरीद के लिए भी रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।

मुख्यमंत्री श्रीगंगानगर में ही शिवपुर हेड का जायजा लेंगे। इसके पश्चात वे जिले के सूरतगढ़ पहुंचकर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन कार्यों का जायजा लेंगे। इसके साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री 8 अप्रेल को पंजाब में हरिके हेड का निरीक्षण करने के साथ ही मल्लेवाला हेड, बल्लेवाला हेड, बीकानेर केनाल, फिरोजपुर फीडर एवं इंदिरा गांधी नहर का हवाई निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात वे हरियाणा में लोहगढ़ हेड का भी निरीक्षण करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य बजट 2024-25 में इंदिरा गांधी मुख्य नहर के बेहतर संचालन हेतु 23 करोड़ रूपये की लागत से स्काडा सिस्टम विकसित करने तथा फिरोजपुर फीडर के अन्तर्गत प्रदेश के हिस्से का पानी उपलब्ध कराने के लिए 200 करोड़ रूपये की लागत से कार्य करवाने की घोषणा की गई थी।

# गर्मी ने तोड़ा 56 साल का रिकॉर्ड, अप्रैल में ही तपने लगा राजस्थान

## बाड़मेर में पारा 45 डिग्री पहुंचा, जैसलमेर सहित 14 शहरों में हीटवेव का रेड अलर्ट





### » कल तक हीटवेव का असर रहने की संभावना

**जयपुर।** अप्रैल अभी ठीक से शुरू भी नहीं हुआ और गर्मी ने 56 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। आलम यह है कि अप्रैल के पहले हफ्ते में ही पूरा राजस्थान तपने लगा है, हालात यह है कि दोपहर में बाजार और सडके सूनी नजर आने लगी है। बाड़मेर-जैसलमेर समेत 14 शहरों में तो हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस साल राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने राज्य सरकार को उचित इंतजाम कर लेने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 56 साल पहले अप्रैल महीने में इतनी गर्मी पड़ी थी।

राजस्थान के बाड़मेर जिले में 56 साल का ये रिकॉर्ड टूटा है। यहां पिछले घंटों के दौरान तापमान 45.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि इससे पहले बाड़मेर में 1969 में पारा 45.8 दर्ज किया गया था। राजस्थान के 22 शहर ऐसे हैं जहां तेज गर्मी के साथ अप्रैल के पहले सप्ताह में ही लू वाले हालात हैं।

### » जैसलमेर में भी पारा 45 के पार

बाड़मेर के अलावा जैसलमेर में भी पिछले 24 घंटों के दौरान तापमान 45 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। आलम यह है कि दिन चढ़ते ही राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और कोटा जैसे शहर भट्टी की तरह तपने लगे हैं। वहीं अलवर, भरतपुर, जयपुर और अजमेर जैसे शहरों में भी दोपहर के वक्त घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। पिछले 24 घंटों में राजस्थान के 22 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा है।

### » नए पश्चिमी विक्षोभ से मिलेगी राहत

मौसम विभाग राजस्थान के डॉयरेक्टर राधेश्याम शर्मा के मुताबिक इस साल गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ने वाली है। तापमान बढ़ने और हीटवेव का असर राज्य में नौ अप्रैल तक रहेगा। बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और जयपुर में हीटवेव के हालात रहेंगे। जोधपुर, कोटा में कहीं-कहीं हीटवेव का यलो अलर्ट है। 10-11 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं-कहीं मेघगर्जन, आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी होने और तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

» जयपुर में आईपीएल टिकट बिक्री के पहले दिन ही विवाद


# स्टूडेंट्स बोले- नहीं मिल रहे टिकट, एजेंट कर रहे कालाबाजारी

**जयपुर।** जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले की ऑफलाइन टिकट सेल शुरू हो चुकी है। सवाई मानसिंह स्टेडियम के ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ गेट पर टिकट काउंटर लगाए गए हैं। यहां सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में युवा टिकट खरीदने के लिए इंतजार करते नजर आए। इस दौरान काफी युवाओं ने राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन द्वारा की गई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर कर टिकट की कालाबाजारी का आरोप भी लगाया।

बाड़मेर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम टिकट लेने पहुंचे एक व्यक्ति ने कहा- राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन आम दर्शकों के साथ भेदभाव कर रहा है। हम यहां सुबह से लाइन में लगे हैं। महज कुछ लोगों को टिकट देकर कहा जा रहा है की खत्म हो गई है। यहां तक की स्टूडेंट की टिकट भी सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही दी गई है। जब कोई व्यक्ति काउंटर तक पहुंच रहा है तो उसे रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के मैच की टिकट नहीं बल्कि, अगले मैच की टिकट दी जा रही है। इन लोगों के एजेंट ही यहां पर यह काम कर रहे हैं। टिकट लेने पहुंचे एक युवक ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन द्वारा पूरी तरह से टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है। सवाई मानसिंह स्टेडियम कैंटीनों टिकट काउंटर पर ही जो लोग लगे हैं। उन्हीं के एजेंट पीछे खड़े हैं, वही लोग यहां टिकट ब्लैक करने का काम कर रहे हैं।

# जयपुर में 144 नई ग्राम पंचायतें बनाई गईं

## कुल 601 ग्राम पंचायतें और 23 पंचायत समितियां होंगी, जून तक होगा पुनर्गठन का काम



**जयपुर।** जयपुर जिले में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन का काम पूरा हो गया। जिला निर्वाचन ने इन पंचायतों के प्रारूप का प्रकाशन करते हुए आमजन से आपत्तियां मांगी है। इस पर 6 मई तक आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे। नए प्रस्ताव के मुताबिक जयपुर जिले में अब कुल 601 ग्राम पंचायतें होंगी, जबकि 23 पंचायत समितियां बनाई गई हैं। प्रस्ताव के मुताबिक 4 नई पंचायत समितियां पुनर्गठन के बाद बनाई गई हैं। वहीं, 9 ग्राम पंचायतों को खत्म की गई हैं। इसके बाद 144 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई।

### » इन नई पंचायत समितियों का किया गठन

जिला निर्वाचन से तैयार प्रस्ताव के मुताबिक गोविंदगढ़ पंचायत समिति को तोड़कर चौमूं पंचायत समिति, शाहपुरा पंचायत समिति को तोड़कर अमरसर, जालसू पंचायत समिति को तोड़कर रामपुरा डाबड़ी नई पंचायत समिति बनाई गई। इसी तरह बस्सी और तूंगा पंचायत समितियों को तोड़कर बासखोह नई पंचायत समिति का गठन किया है।

### » गोविंदगढ़ में सर्वाधिक ग्राम पंचायतें

पंचायत समितियों में ग्राम पंचायतों की संख्या देखें तो सबसे ज्यादा गोविंदगढ़ पंचायत समिति में 59 ग्राम पंचायतें हैं। झोटवाड़ा पंचायत समिति में सबसे कम 19 ग्राम पंचायतें हैं। इसी तरह जालसू पंचायत समिति में 46, शाहपुरा में 40, सांगानेर में 23, जमवारामगढ़ में 40, आंधी में 34, किशनगढ़-रेनवाल में 28 , जोबनेर में 27, माधोराजपुरा में 26 , फागी में 26 , दूदू में 25, मौजमाबाद में 27, बस्सी में 39, तूंगा में 31, आमेर में 26 , सांभरलेक में 26 , कोटखावदा में 30 और चाकसू में 29 ग्राम पंचायतें है।

### » जून तक होगा पुनर्गठन का काम

पंचायतों के पुनर्गठन का काम 4 जून तक पूरा होगा। आदेश के मुताबिक आज प्रस्तावों को प्रकाशित करवाने के बाद उन पर आपत्तियां और सुझाव मांगने शुरू कर दिए, जो 6 मई तक आमजन दर्ज करवा सकेंगे। आमजन से मिलने वाली आपत्तियों के निपटारे की समय सीमा 7 से 13 मई तक निर्धारित की है। आपत्तियों के निपटारा करने के बाद राज्य सरकार को फाइनल प्रस्ताव भिजवाने के लिए 14 से 20 मई तक और सरकार के स्तर पर उन प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए 21 मई से 4 जून तक की समय सीमा निर्धारित की है।

# जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कमेटियां बनी

## कांग्रेस से छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए पार्षदों को भी चेयरमैन बनाया गया

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज में आखिरकार संचालन समितियों का गठन हो गया है। सरकार ने 24 समितियों का गठन किया है। करीब 4 साल 5 माह के लंबे अंतराल के बाद कमेटियां बनाई गई है। इन कमेटियों का कार्यकाल इसी साल 10 नवंबर तक रहेगा। 10 नवंबर के बाद नगर निगम हेरिटेज के बोर्ड का भी कार्यकाल पूरा हो जाएगा। खास बात ये है कि इन कमेटियों में उन पार्षदों को भी चेयरमेन बनाया गया है, जो कांग्रेस की मेयर रही मुनेश गुर्जर को हटाने के लिए बीजेपी के साथ में आए और बीजेपी बोर्ड को समर्थन दिया है।

उल्लेखनीय है कि नवंबर 2020 में बोर्ड का गठन होने के बाद यहां कांग्रेस की पार्षद मुनेश गुर्जर मेयर बनी थीं, जिसे निर्दलीय पार्षदों ने समर्थन दिया था। तब से अब तक समितियों का गठन नहीं हुआ था। पिछले साल मुनेश गुर्जर को पद से हटाने के लिए कांग्रेस और निर्दलीय 8 पार्षदों ने बीजेपी को समर्थन दिया था। हालांकि इन सभी पार्षदों को बीजेपी ने अब तक अपना प्राथमिक सदस्य नहीं बनाया है। इस समर्थन के बाद सरकार ने मुनेश गुर्जर को पद से हटाकर कुसुम यादव को कार्यवाहक मेयर बनाया। वहीं, समर्थन देने वाले कांग्रेसी और निर्दलीय पार्षदों को समितियों में चेयरमैन बनाकर उनको तोहफा दिया। फुटकर व्यवसाय पुनर्वास समिति के चैयरमेन रवि जैन को लेकर डीएलबी अधिकारियों में गफलत हो गई। रवि जैन अभी किसी भी वार्ड से पार्षद नहीं है।

# जयपुर में एसीबी ने कॉलेज प्रिंसिपल को अरेस्ट किया

## 25 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा, स्टूडेंट से उपस्थित दिखाने के बदले मांगी थी घूस

**जयपुर।** जयपुर में एसीबी ने एक कॉलेज प्रिंसिपल को सोमवार शाम अरेस्ट किया है।



एसीबी टीम ने 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते आरोपी प्रिंसिपल को पकड़ा है। पीरियड व सिलेबस में प्रजेंट दिखाने के बदले स्टूडेंट से रिश्वत की डिमांड की गई थी।

### हाजिरी लगाने के लिए मांगे थे 30 हजार

एसीबी ने बताया- सांगानेर तहसील के बीलवा में गौरव टीटी कॉलेज है। कॉलेज में स्टडी करने वाले बीएड फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट ने एसीबी में शिकायत दी। शिकायत में बताया- अबसेंट पीरियड में प्रजेंट व बीएड के शेष सिलेबस में प्रजेंट दिखाने के एवज में प्रिंसिपल लोकेंद्र सिंह रिश्वत के 30 हजार रुपए मांग रहे हैं। रकम देने के लिए उसके बार-बार टार्चर किया जा रहा है। एसीबी के परिवादी की शिकायत पर 2 अप्रैल को सत्यापन करने पर सही पाया गया।

### » 25 हजार लेते दबोचा

एसीबी ने ट्रेप का आयोजन कर सोमवार शाम आरोपी प्रिंसिपल लोकेंद्र सिंह के पास परिवादी स्टूडेंट को भेजा। स्टूडेंट से रिश्वत के 25 हजार रुपए लेकर आरोपी प्रिंसिपल लोकेंद्र सिंह को रंगे हाथों धर-दबोचा। अरेस्ट आरोपी लोकेंद्र सिंह बीलवा सांगानेर के सिद्धार्थ कॉलेज ऑफ एजुकेशन का प्रिंसिपल है। जिसके बाद गौरव टीटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर विकास कुमार मीणा के कॉलेज छोड़कर चले जाने के कारण कॉलेज के प्रिंसिपल का प्रभार है।

बिहार में राहुल गांधी का ऐलान

# आरक्षण पर 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म करेंगे

## पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन आयोजित, बेगूसराय में 'पलायन रोको और नौकरी दो' हुए शामिल



**पटना।** बिहार में राहुल गांधी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में की गई कवायद की तरह जाति जनगणना देश के विकास मॉडल को बदल देगी। कांग्रेस आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की 'फर्जी बाधा' को ध्वस्त कर देगी। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जाना है। इस कारण भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने बिहार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी पटना पहुंचे। राहुल गांधी ने बेगूसराय में एनएसयूआई की 'पलायन रोको और नौकरी दो' यात्रा में भाग लिया और पटना में कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण समेत कई मुद्दों पर बात की है।

### भारत का 'एक्स-रे' कराएगी कांग्रेस

राहुल गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महागठबंधन बिहार के दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेगा। 'कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति आधारित जनगणना के माध्यम से भारत का 'एक्स-रे' कराएगी। आरएसएस एवं भाजपा इसके खिलाफ हैं।'

# हाईकोर्ट में पेश हुए डीजीपी, कोर्ट ने कहा- गुमशुदगी के मामलों में पुलिस गंभीर नहीं

## 2-3 दिन में जांच शुरू हो तो रिकवरी के चांस ज्यादा



**जयपुर।** राजस्थान में नाबालिग बच्चियों की गुमशुदगी के मामले में सोमवार को डीजीपी यूआर साहू हाईकोर्ट में पेश हुए। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा पुलिस में डीएसपी स्तर तक के अधिकारी गुमशुदगी के मामलों को लेकर गंभीर नहीं हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज होने के कई दिनों तक मामलों में जांच शुरू नहीं होती है। अगर इस तरह के मामलों में दो से तीन दिन में जांच शुरू हो जाए तो रिकवरी के चांस बढ़ जाते हैं। हाईकोर्ट ने यह भी कहा हम पहले एसएचओ को बुलाते हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है। लेकिन, जैसे ही हम एसपी को बुलाते हैं, कार्रवाई शुरू हो जाती है। कई बार रिकवरी भी हो जाती है। ऐसे तो हम हर मामले में एसपी को बुलाना ही शुरू कर दें।

### प्रदेश में साढ़े 6 हजार लोग लापता

डीजीपी यूआर साहू ने कहा- हम प्रदेश में लापता लोगों को ढूंढने के पूरे प्रयास करते हैं। हमने 96 प्रतिशत मामलों में बरामदगी की है। प्रदेश में अभी करीब 6 500 लोगों की बरामदगी शेष है। प्रदेश में गुमशुदगी के मामलों को लेकर एसओपी बनी हुई है। सरकार ने कहा- आईजी के स्तर पर सेल बनी हुई अदालत सोमवार को जयपुर जिले की चार अलग-अलग थाना क्षेत्र से गायब हुई नाबालिग बच्चियों के मामले में सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने कहा हमने मीडिया में देखा है कि आईजी अजयपाल लाम्बा के नेतृत्व में पुलिस ने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर 8 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस तरह के अभियान नाबालिग बच्चियों के मामले में क्यों नहीं चलाए जाते हैं? इस पर सरकार ने कहा कि हर जिले में आईजी के स्तर पर सेल बनी हुई है। इसे हम और एक्टिव करने का काम करेंगे।

### नाबालिग बच्चियों के लिए विशेष प्रयास हों

मामले से जुड़े वकील एनएस गुर्जर ने बताया- आज हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रदेश में नाबालिग बच्चियों की गुमशुदगी के मामलों में विशेष प्रयास होने चाहिए। अभी हो यह रहा है कि नामजद आरोपी होने के बावजूद पुलिस तीन-तीन महीने तक आरोपी के परिजनों से पूछताछ भी नहीं करती है।

# बीजेपी को मिला सबसे अधिक चंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है। ये देश के राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सर्वाधिक है। चुनाव से संबंधित एक संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। यह रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर आधारित है। इन आंकड़ों में 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे के बारे में जानकारी दी गई है।

राष्ट्रीय दलों को मिले कुल घोषित चंदे की राशि 2,544.28 करोड़ रुपये है, जो 12,547 दाताओं से प्राप्त हुआ है। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। अकेले बीजेपी के घोषित दान का कुल हिस्सा 8 8 फीसदी है। कांग्रेस 1,994 दान से 28 1.48 करोड़ रुपये के चंदे के साथ दूसरे स्थान पर रही जो बीजेपी से काफी नीचे है। आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने एक बार फिर 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर शून्य दान की घोषणा की।

# कैसे बढ़ेगी कांग्रेस की इनकम?

## संपत्तियों के लिए कांग्रेस ने बनाया प्लान



**नई दिल्ली।** संगठन को गांव और वार्ड स्तर पर मजबूत करने के प्रयासों में जुटी कांग्रेस ने इसके बीच आने वाली आर्थिक चुनौतियों को भी गंभीरता से लिया है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व का प्रयास है कि देशभर में जो भी कांग्रेस की संपत्तियां हैं, उनका सिरे से ब्योरा जुटाया जाए। यह जिला और शहर अध्यक्षों से ही रिपोर्ट मांगी है कि किस संपत्ति का कैसे सदुपयोग किया जाए कि उससे आय की व्यवस्था हो और संगठन गतिविधियों को बिना मुश्किल संचालित किया जा सके। कई राज्यों में कांग्रेस लंबे समय से सत्ता से बाहर है। इसका राजनीतिक प्रभाव कमजोर संगठन के रूप में पड़ा तो काफी असर पार्टी की माली हालत पर भी पड़ा है।

**संगठन को धरातल पर मजबूत करने में जुटा हाईकमान:-** चुनाव लड़ने में आने वाली आर्थिक चुनौतियों को कई बार शीर्ष नेतृत्व ने व्यक्त किया है तो अक्सर बैठकों में राज्यों और जिलों के पदाधिकारियों ने भी इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है कि संगठन की गतिविधियों को सुचारु चलाने में पैसों की कमी आड़े आ रही है। अब चूंकि, कांग्रेस हाईकमान ने संगठन को धरातल पर मजबूत करने के लिए विशेष अभियान छेड़ रखा है तो आर्थिक संकट के पहलू को भी अपनी चिंताओं में शामिल किया है।

इसे दूर करने की दिशा में नेतृत्व क्या सोच रहा है, इसे पिछले दिनों हुई नवनियुक्त जिला और शहर अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में भी साझा किया गया। बैठक में शामिल रहे सूत्र ने बताया कि कुछ अध्यक्षों ने मांग उठाई कि यदि शीर्ष नेतृत्व कुछ आर्थिक सहयोग करे तो संगठन के काम को तेजी से आगे बढ़ाने में सहूलियत होगी। इस पर मंचासीन एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए पार्टी ने कुछ विचार कर रखा है।

### कांग्रेस की स्थानीय इकाइयों के पास हैं तमाम पुरानी संपत्ति

दरअसल, देश भर में कांग्रेस की स्थानीय इकाइयों के पास बहुत सी पुरानी संपत्ति है। कुछ जिला व शहर अध्यक्षों ने गड़बड़ियां कर दी हैं। पार्टी हित न देखते हुए संपत्तियों को विवादित कर दिया या पुराने विवादों में साठगांठ कर प्रतिवादी को लाभ पहुंचा दिया। इसके अलावा बहुत सी बहुमूल्य संपति का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पा रहा है। वरिष्ठ पदाधिकारी ने जिला व शहर अध्यक्षों से कहा कि आप अपने क्षेत्र की कांग्रेस की सभी संपत्तियों का ब्योरा जुटाएं। जो संपत्ति गैर विवादित हैं, उन्हें चिन्हित कर रिपोर्ट सौंपें कि उनका उपयोग किस तरह कर सकते हैं कि पार्टी को आय हो सके। जैसे परिसर बड़ा हो। कार्यालय के लिए पर्याप्त स्थान के अलावा भूमि बच रही हो तो उसका व्यावसायिक उपयोग कराया जा सकता है। इसी तरह विवादित संपत्तियों पर भी रिपोर्ट बनाएं, ताकि स्थानीय, राज्य या एआईसीसी की लीगल सेल से मशविरा कर उनका निस्तारण भी कराने के प्रयास किए जा सकें।

स्वत्वाधिकारी – नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com